kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-08 | मंगलवार, 04 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



अखिलेश यादव उपचुनाव के प्रचार में अयोध्या आए। इससे पहले भी वह अयोध्या आ चुके है। प्रभु श्री राम का दर्शन करने के लिए उन्हें समय नहीं मिला। लेकिन सियासत वह जरुर करते है।
भूपेन्द्र सिंह चौधरी

जेवर एयरपोर्ट से अप्रैल में शुरू होगी नियमित उड़ान 11
अनवरत जारी है सनातन संस्कृति की परंपरा 12

## संक्षेप

### दिल्ली में मुस्लिमों की आबादी बढ़ी : जेएनयू रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग से पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक रिपोर्ट आई है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश और म्यांमार से घुसपैठिए आ रहे हैं। इससे दिल्ली में मुस्लिमों की आबादी बढ़ी है। बांग्लादेशी और म्यांमार के घुसपैठियों के कारण दिल्ली की डेमोग्राफी में बदलाव आया है, जो दिल्ली आज से 10-15 साल पहले हुआ करती थी, आज नहीं है। मुस्लिम आबादी के साथ ही शहर की जनसंख्या में भी बदलाव आया है। इसके कारण अर्थव्यवस्था बर्बाद हो रही है। संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा है। हेल्थ और एजुकेशन सिस्टम पर भी असर पड़ा है। जो मजदूर वर्ग कल तक हरियाणा, पूर्वांचल, ओडिशा, केरल के लोग होते थे, वे अब रोहिंग्या हैं। इन्होंने गैरकानूनी तरीके से मजदूरों से काम छीन लिया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बताया कि इस रिपोर्ट को प्रोफ़ेसर मनुराधा चौधरी और उनके शोधकर्ताओं ने मिलकर बनाया है। उन्होंने कहा कि सबसे भयावह बात यह है कि राजनीतिक दल इसे बढ़ावा दे रहे हैं। ये जो रोहिंग्या आ रहे हैं, इनका कोई दस्तावेज नहीं है।

### कश्मीर में आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक की हत्या की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सोमवार को आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया। इसमें पूर्व सैनिक की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। सुरक्षाबल उनकी तलाश में जुटे हैं। घटना दक्षिणी कश्मीर में कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुई। आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक मंजूर अहमद के परिवार पर दोपहर 2:45 बजे गोलीबारी की। फायरिंग में अहमद, पत्नी आइना और बेटी साइना घायल हो गए। तीनों को श्रीनगर हॉस्पिटल ले जाया गया। इलाज के दौरान मंजूर अहमद की मौत हो गई। उनकी पत्नी और बेटी का इलाज जारी है। मंजूर के पेट में गोली लगी थी, जबकि उनकी पत्नी के पैर और बेटी के हाथ में गोली लगी थी। वह पत्नी और बेटी के साथ कार में थे, जब आतंकियों ने उन पर नजदीक से गोली चलाई।

### बहराइच में वाटर टैंक में मिला तेंदुये का शव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज स्थित भिउरा वीरघाट में सोमवार को एक ग्रामीण के घर के पीछे सात वर्षीय तेंदुए का शव टैंक में पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया। तेंदुए की उम्र करीब सात वर्ष बताई गई है। डीएफओ बी शिव शंकर की उपस्थिति में तीन डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में यह जानकारी मिली कि तेंदुआ नर है और इसकी मौत अज्ञात कारणों से हुई है। इससे पहले, दो दिन पूर्व एक बाघ का शव भी गेरूआ नदी में मिला था।

# साधु संतों के अमृत स्नान से बसंती हुआ महाकुंभ

## दो करोड़ से अधिक ने लगायी पवित्र डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना के पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर सभी 13 अखाड़ों के महामंडलेश्वर, साधु संतों और शंकराचार्यों के अमृत स्नान के साथ महाकुंभ सोमवार को दैवीय आभा से परिपूर्ण दिखायी दिया।

तीर्थराज प्रयागराज में आज शाम कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच दो करोड़ 33 लाख से अधिक श्रद्धालु मोक्ष की कामना के साथ आस्था की डुबकी लगा चुके थे। अखाड़ों के स्नान का क्रम भोर पांच बजे संगम तट पर शुरु होकर शाम तीन बजे के बाद तक चला। इस पुण्य अवसर पर सरकार की ओर से सभी साधु संतों और श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गयी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पुण्य अवसर पर सभी साधु संतों , महात्मा और श्रद्धालुओं को बधाई दी। त्रिवेणी के तट पर बसंत पंचमी के अमृत स्नान में आस्था की बयार प्रवाहित हुई। तीसरे अमृत स्नान की



शुरुआत हिन्दू सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़ों के संतों की संगम में पुण्य की डुबकी से हुई । अखाड़ो के इस अमृत स्नान के साथ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी के संयोग ने इसे और विशिष्ट बना दिया । त्रिवेणी के तट पर पहला अमृत स्नान कर्म का माना जाता है , दूसरा अमृत स्नान भक्ति का और तीसरा ज्ञान का ।

प्रयागराज में वैसे भी गंगा और यमुना के साथ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की धारा का संगम होता है। इसी संयोग ने इस अमृत स्नान को अलौकिक बना दिया । बसंत पंचमी के पावन पर्व पर अपनी सनातन परंपरा का अनुगमन करते हुए साधु-संन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सहस्त्राब्दियों से चली आ रही महाकुम्भ में अमृत स्नान की अक्षुण्ण सनातन परंपरा को जीवंत होता देख आम जनमानस भाव विह्वल हो उठा। हिमालय की कंदराओं, मठों, मंदिरों में रहने वाले धर्म रक्षक नागा अपना रूप श्रृंगार कर मां गंगा की गोद में अठखेलियां करने उतर पड़े। अखाड़े परंपरा और अपने क्रम के अनुसार पूरे लाव-लश्कर के साथ संगम की ओर बढ़ते जा रहे थे। अमृत स्नान की शुरूआत महा निर्वाणी अखाड़े के स्नान के साथ हुई। इसके बाद पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार निरंजनी अखाड़ा, पंचदशनाम जूना अखाड़े के साथ आवाहन और पंच अग्नि अखाड़े के नागा साधुओं ने स्नान किया। सन्यासी अखाड़ों के बाद वैष्णव और उदासीन अखाड़ों का अमृत स्नान हुआ और सबसे आखिर में निर्मल अखाड़े में अमृत काल में पुण्य की डुबकी लगाई। महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान बसंत पंचमी पर्व में संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ● शेष पेज 11 पर

### तड़के तीन बजे से ही वॉर रूम में योगी, पल पल की लेते रहे अपडेट

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

# राहुल ने की मोदी की तारीफ

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री का 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं पीएम को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद राहुल बोले- भले हम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी एक समस्या है, जिससे निपटने में यूपीए सरकार और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं।

राहुल ने अपनी स्पीच में अपनी सरकार की भी खामी गिनाई। उन्होंने कहा- देश में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कांग्रेस नेतृत्व वाली ठप्ध की सरकार भी अपने 10 साल के शासनकाल में नहीं कर पाई। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी पिछले 10 साल में इस पर कुछ नहीं कर पाई। राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- देश में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने की जरूरत है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 2014 में 15.3% से घटकर आज 12.6% रह गई है। यह 60 वर्षों में सबसे कम है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बढ़ाने का प्रयास किया। वे एक अच्छा मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट लेकर आए, लेकिन सफल नहीं हुए। नेता विपक्ष बोले कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के वक्त जितना वोट था, सिर्फ 5 महीने बाद विधानसभा चुनाव के दौरान उसमें हिमाचल प्रदेश जितना बड़ा वोटिंग रोल जोड़ दिया गया। जितने 5 साल में जोड़े जाते हैं, उतने 5 महीने में जोड़ दिए गए। दिलचस्प बात है कि नए वोटर्स उन्हीं विधानसभाओं में ज्यादा हैं, जहां भाजपा जीती है। हिमाचल प्रदेश जितने बड़े वोटर्स लोकसभा के बाद जादू से आए कैसे। इलेक्शन कमीशन से हम कह रहे हैं कि हमें लोकसभा की वोटर लिस्ट इलेक्ट्रॉनिकली दीजिए। राहुल गांधी ने कहा कि हम रक्षा के बारे में बात करते हैं। आज हमारे सामने चीन है। प्रधानमंत्री ने इस बात से इनकार कर दिया कि उनकी सेना ने हमारी सीमा में घुसपैठ की। आर्मी उनसे सहमत नहीं थी। पता नहीं क्या वजह है कि अचानक हमारे आर्मी चीफ उनसे बातचीत कर रहे हैं। दूसरी तरफ हमारे चीफ ऑफ डिफेंस कह रहे हैं कि चीन ने घुसपैठ कर ली है। उन्होंने कहा कि मैंने सदन में शिवजी की पिक्चर दिखाई थी। एक कारण था, वह हमें बताती है कि फोकस रखो, भटको मत। काम पर ध्यान दो। आप सरदार पटेल की बात करते हैं, अंबेडकर की बात करते हैं. उनके मूल्यों को आपने नष्ट कर दिया। आपने बुद्ध के सामने सिर झुकाया, लेकिन उनके मूल्यों को ठुकरा दिया। हिंसा, घृणा की जगह नहीं होनी चाहिए, इससे देश नष्ट हो जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि बजट भाषण घर की पुरानी लिस्ट की तरह था। मैं पूरे भाषण के दौरान बैठ भी नहीं पा रहा था। मैं जब वहां बैठा था तब मुझे लग रहा था कि कोई कहानी सुनाई जा रही हो। यह ऐसा धन्यवाद भाषण नहीं था, जैसा एक राष्ट्रपति का होना चाहिए था।



#### संसद सत्र

- बजट सत्र में बोले- मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, लेकिन नतीजा आपके सामने है
- बेरोजगारी से निपटने में यूपीए और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं

### सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

भाजपा के सांसदों ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर दिए गए कथित बयान पर नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ संसद में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है। भाजपा ने सोनिया गांधी पर राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और उनके बयान को अपमानजनक करार दिया। बता दें राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी ने गत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि 'बेचारी' अपने संबोधन के आखिर तक थक गईं थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं।

### मोदी को बुला लें ट्रंप इसलिए गए थे जयशंकर, विदेश मंत्री ने दिया जवाब

कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह को लेकर ऐसी बात कह दी कि बवाल मच गया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की शपथ में एस. जयशंकर इसलिए गए थे ताकि अमेरिकी प्रशासन से नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने का आग्रह कर सकें। वह यह सुनिश्चित करने ● शेष पेज 11 पर

### अयोध्या में दलित युवती की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

अयोध्या। अयोध्या के कोतवाली क्षेत्र में दलित युवती की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोतवाली अयोध्या चौकी दर्शननगर क्षेत्र के अन्तर्गत दलित के साथ हुयी दरिंदगी की घटना में पुलिस ने हरिराम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से मृतका के कपड़े आदि बरामद किये गये हैं। उन्होने बताया कि 31 जनवरी को इस मामले में मुकदमा दर्ज कर क्षेत्राधिकारी अयोध्या के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया था। विवेचना में मुखबिर की सूचना व इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से हरिराम कोरी, विजय सिंह साहू व दिग्विजय सिंह उर्फ ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में प्रिंसिपल और टीचरों की कमी से छात्र परेशान : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी में टीचरों की कमी को लेकर तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानाचार्यों और सहायक अध्यापकों की अनुपलब्धता के कारण छात्र परेशान हैं।

जस्टिस प्रकाश पाडिया ने यह आदेश कमेटी आफ मैनेजमेंट कृषि औद्योगिक विद्यालय एएयू अतर्रा बांदा की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका के मार्फत स्वीकृत पदों के अनुसार शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां न किए जाने से व्यथित होकर स्कूल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका के अनुसार स्कूल में एक प्रधानाध्यापक, दो सहायक



अध्यापक, एक क्लर्क और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद जून 2022 से रिक्त हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच कई बैठकों के बावजूद अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। दरअसल, पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने हेडमास्टर और शिक्षकों की नियुक्ति की समय सीमा को लेकर अस्पष्टता की ओर इशारा किया था। 10 दिसम्बर, 2024 ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली में थमा चुनाव प्रचार, मतदान कल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए करीब एक महीने तक विभिन्न राजनीतिक संगठनों और प्रत्याशियों द्वारा रैलियों, नुक्कड़ सभाओं और पद-यात्राओं जैसे सार्वजनिक रैलियों के माध्यम से चलाए गए धुआंधार चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम पांच बजे थम गया।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों पर पांच फरवरी यानी बुधवार को मतदान होगा और चुनाव नतीजे आठ फरवरी को आएंगे। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर 699 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यतः तीन प्रमुख दलों- सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप),




विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्टी ने एक दूसरे के खिलाफ तीखे हमले किए। तीनों पार्टियों के बीच दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए लोक-लुभावन चुनावी वायदे करने की होड़ देखी गयी। मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभाओं और वाहनों के जरिए प्रचार पर प्रतिबंध के नियम लागू होने के बाद आज शाम से प्रत्याशी और पार्टियों के एजेंट घर-घर जा सम्पर्क अभियान करने और मोबाइल ऐप और दूरसंचार माध्यमों से संदेशों के जरिए समर्थन जुटाने में लग गए है। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव को सत्तारूढ़ 'आप' के शासन मॉडल और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जनमत संग्रह के तौर पर देखा जा रहा है। 'आप' जहां लगातार तीसरी बार अपना गढ़ बचाने की कोशिश कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 26 साल का वनवास समाप्त कर सत्ता में वापसी की पूरजोर कोशिश कर रही है। इस तरह से कांग्रेस 12 साल बाद दिल्ली की सत्ता की बागडोर अपने हाथों में लेने के लिए पुरजोर दमखम लगा रही है। भाजपा ने इस बार दिल्ली विधानसभा ● शेष पेज 11 पर

# महाकुंभ भगदड़ पर दायर याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रयागराज महाकुंभ भगदड़ को चिंता का विषय और एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना माना, लेकिन इससे संबंधित जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देशों और विनियमों के उचित कार्यान्वयन का निर्देश देने की मांग वाली अधिवक्ता विशाल तिवारी की याचिका कर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हुए कहा, ष्हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। आप उच्च न्यायालय जा सकते हैं। मौनी अमावस्या के अवसर (29 जनवरी को) पर पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ के दौरान कम से कम 30 लोगों की जान चली



गई और 60 घायल हो गए थे। इस घटना के बाद यह याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता तिवारी ने यह दावा करते हुए निर्देश मांगे कि भगदड़ की ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने नीतियां और नियम बनाने के लिए निर्देश देने की भी मांग की। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहले से इस ही एक न्यायिक आयोग(इस मामले में) है। श्री रोहतगी ने आगे कहा, घटना की न्यायिक जांच चल रही है। इसी तरह ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या में श्रद्धालुओं का 'बसंत', आंकड़ा एक करोड़ के पार

## महाकुम्भ से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी, आस्था का केंद्र बना हुआ है राम मंदिर और हनुमानगढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी ने इस बार एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानी तीन फरवरी तक अयोध्या में एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। इसे श्रद्धालुओं का बसंत माना जा रहा है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। चौकस प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच अयोध्या पहुंचने वाला हर श्रद्धालु गदगद है और श्रीराम के साथ-साथ मोदी और योगी के भी जयकारे लगा रहा है। वहीं सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान व दर्शन पूजन किया।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार प्रयागराज में महाकुम्भ लगा है। पहले ही अनुमान लगा लिया गया था कि महाकुम्भ में पहुंचने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखने के लिए शासन के अधिकारियों की भी फौज उतार



दी थी। सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। दो फरवरी को मिल्कीपुर में जनसभा के बाद भी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था। अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ-मंन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए 18 घंटे मंदिर खोला जा रहा है। वहीं हनुमान गढ़ी में भी प्रतिदिन श्रद्धालुओं की कतार दिखाई पड़ रही है। बसंत पंचमी की अयोध्या के मठ मन्दिरों में धूम है। साधु-संतों ने रंग खेला। इस दौरान गर्भगृह में विराजमान भगवान को भी अबीर गुलाल लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर गर्भगृह में विराजमान रामलला को नए पीले वस्त्र धारण कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार रामलला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रयागराज में स्नान करने के लिए एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओ के केंद्र पर रामलला ही हैं। ऐसे में एक ही जगह पर बड़ी संख्या में एकत्रित भीड़ को संभालना आसान नहीं था, लेकिन प्रशासनिक सूझ-बूझ व अधिकारियों की रणनीति ने इसे आसान बना दिया। आईजी प्रवीण कुमार बताते हैं की रोड डायवर्जन कर दिया गया है। इसके अलावा पार्किंग के भी इंतजाम किये गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा मानकों के आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि हमारे अधिकारी 24 घन्टे मेला क्षेत्र में निगरानी बनाये हुए हैं। 25 से 30 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम हैं। इसके अलावा खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में भेजने के लिए वाहन लगाए गए हैं। बड़ी ● शेष पेज 11 पर

# भाजपा सरकार मे औद्योगिक इकाइयों की बंदी से पीडीए परिवारों की रोजी रोटी छिनी:ननकेश बाबू

## गैर जिम्मेदार सरकार से मुख्यमंत्री के स्तीफ़े की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना के मिर्ज़ापुर रोड बसरिया गाँव मे सेक्टर 31 की पीडीए जन चौपाल का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. जगदीश यादव तथा विशिष्ट अतिथि डॉ विजय बाबू जिला पंचायत सदस्य रहे। कार्यक्रम में बाबा साहब अंबेडकर व नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि भाजपा सरकार मे औद्योगिक इकाइयों की बंदी ने पीडीए परिवारों की रोजी रोटी छीन ली है, अब समय आ गया है कि हम अपने आप में सतर्क हो जाएं तथा संविधान की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है यदि हम नहीं समझ पाए तो हमारा सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार खत्म हो जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महासचिव ने कहा कि आज समय की आवश्यकता है की पीडीए समाज एकजुट होकर फ़ासिस्ट वादी ताकतो का खुलकर मुकाबला करें, समाज के कमजोर वर्गों को एकजुट कर उनके सुख-दुख में भागीदार बने। डॉ. विजय बाबू ने कहा कि विधानसभा इकाई करछना अपने दायित्वों का खुला निर्वहन कर रही है यदि आप सब मिलकर हर बूथ पर अपना वोट बनवा ले तो आने वाले 2027 में अखिलेश जी की सरकार होगी। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम बसरिया के प्रधान समरजीत यादव ने अपने सहयोग से तीर्थ यात्रियों के लिए तहरी प्रसाद का का वितरण कराया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजवादी नेता मोहन लाल यादव ने किया। पीडीए कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव पप्पू ने अपने संगीत एवं वाद्य यंत्रों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर एवं नेताजी मुलायम सिंह यादव द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर गीत प्रस्तुत किया तथा वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष जमुनापार छोटेलाल शर्मा, सचिव रामराज भारती, कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह यादव, पूर्व प्रधान भुगाई सिंह, ओंकार पटेल, डॉ. शिव विजय सिंह, अभय लाल विश्वकर्मा, राजेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र यादव, राज कपूर कुशवाहा, नरेंद्र कुमार पांडे, पुन्नालाल सिंह, श्याम कृष्ण, वीर चंद्र प्रधान, बबुआन सिंह, रमाकांत यादव बीडीसी, अखिलेश, अमितेश, सूरज, अभिषेक, पीयूष, संजय यादव सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पूर्व गत 2 फरवरी को सेक्टर 14 पुरवा खास में ग्राम प्रधान उमाशंकर भारती की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया इसके संयोजक सपा कार्यकारिणी विधानसभा के सदस्य सर्वेश यादव रहे। चौपाल में भारी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां बाबा साहब अमर रहे नेताजी अमर रहे अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से पीडीए पंडाल गूंजता रहा। राम कैलाश यादव, इंद्रजीत,उमाशंकर भारती ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# बसंत पंचमी पर हाईवे मार्ग पर श्रद्धालुओं के प्रति दिखा सेवा समर्पण भाव

❐ पीडीए द्वारा आयोजित तहरी भोज में शामिल हुए हजारो की संख्या में श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। बसंत पंचमी पर महाकुंभ स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के प्रति दिखा सेवा समर्पण का भाव बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रयागराज मिर्ज़ापुर हाइवे बेंदौ के पास सेवा और सामाजिक समरसता की अनुपम मिशा?ल? देखने को मिली समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना स्थित कार्यालय पर पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विजय बाबू यादव एवं जिला पंचायत सदस्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर विधानसभा अध्यक्ष ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात पीडीए कार्यक्रम पर बोलते हुए डॉ. उमेश यादव ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना में जो योगदान दिया है उसे हम आज तक भूल नहीं सकते यदि संविधान की रक्षा नहीं की गई जनगणना नहीं करना चाहती जब की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मनसा है कि समाज की जातिगत जनगणना कराकर उन्हें उनकी संख्या के अनुसार भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान बसरिया समरजीत यादव, पूर्व प्रधान भुगाई सिंह यादव, मोहन लाल यादव वरिष्ठ सपा नेता ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव समाजवादी पार्टी कमलेश पुष्कर ने किया। प्रमुख रूप से शिव मोहन पटेल, मुनेश विश्वकर्मा, सुभाष सिंह, राजेन्द्र कुशवाहा, विश्व नाथ यादव, पुन्ना लाल योगेंद्र सिंह लल्ला, प्रेम शंकर यादव, सर्वेश, संजय, राजेश विश्वकर्मा, नीरेंद्र सिंह यादव, ओमप्रकाश आदिवासी अभिषेक यादव, लवकुश, ओंकार नाथ पटेल, मंजीत, दिलीप विश्वकर्मा, दीपक यादव, अमितेश, अनिल यादव इंजीनियर जगदीश सिंह यादव, संदीप यादव, विकास सिंह यादव, लक्ष्मीकांत पटेल, शिव शंकर, भोला यादव, राकेश, संजय, सर्वेश यादव, राजेश यादव, श्याम कृष्ण यादव, जीतेंद्र कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में समाजवादी लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के करछना कार्यालय पर समाजवादी भोज का भी आयोजन किया गया है जिसमें हजारों की तादाद में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# वसंत पंचमी पर ग्रामीण जागृति शिक्षा समिति द्वारा भंडारे का हुआ आयोजन



❐ हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। सोमवार को वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में ग्रामीण जागृति शिक्षा समिति पीड़ी कौंधियारा द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता से श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के बाद भंडारा करवाया गया।भण्डारे में पूड़ी सब्जी ,चाय,बिस्किट एवं तहरी का वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष विनोद कुमारी पाण्डेय ने बताया कि वसंत पंचमी पर यहां प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं द्वारा पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। सुबह शुरू हुआ भंडारा शाम तक अनवरत चलता रहता है।भंडारे के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन कर्ता में प्रमुख रूप से छवि राजी देवी,नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय, बिंदु शुक्ल,शिवानन्द पाण्डेय,रीना मिश्र,पीयूष मिश्र,अमित पाण्डेय, अमित शुक्ल,रश्मि शुक्ल,मंसूरा पाण्डेय,संगीता मिश्रा,अमिता पाण्डेय,डीके सिंह,रामसुंदर, सीपी सिंह सहित तमाम लोग सम्मिलित रहे।

# सीडीओ साहब एक नजर कोरांव ब्लाक के मनरेगा सेल की ओर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव प्रयागराज । कई वर्षो सें एक ही जगह जमे एपीओ मनरेगा का तबादला न होने सें पुरे क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना रहता है जबकि समय -समय पर हर विभाग मे ट्रांसफर होता है लेकीन ऐसा लगता है मनरेगा मे नियुक्त कर्मचारी या अधिकारी का तबादला करने का कोई नियम क़ानून नही बना है जिसका जीता जागता उदाहरण ब्लाक कोरांव मे एपीओ मनरेगा सेल मे जो कई वर्षो सें एक ही जगह पोस्टिंग है इनका तबादला लगता है विभाग के आलाधिकारी भूल गए है या उची पकड़ पहुँच सुविधा शुल्क के बलबूते ट्रांसफर रोकवा लेते है चुकी इनका नेटवर्क पुरे ब्लाक मे मकड़जाल की तरह फैला हुआ है अच्छा खाशा जान पहचान भी हो गया है जिस कारण ब्लाक कोरांव सें अब अन्य ब्लाक मन नही भायेगा बातचीत के दौरान कई प्रधानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की एपीओ मनरेगा द्वारा अपने पद का दुरुयोग करते है बगैर कार्य हुये ही मास्टर रोल जारी किया जाता है ऊपर सें शासन के दबाव मे अनुचित तरिके सें नियम क़ानून उच्चाधिकारियो के आदेश का अवहेलना करते हुये मनमानी तरिके मास्टर रोल जारी करके बगैर काम कराये ही फीडिंग कर दिया जाता है आईडी बनाने के नाम पर प्रधानों सें 1000 हजार प्रति आईडी बनाने के लिए अवैध तरिके सें वसूली किया जाता है जो पैसा नही देता है उसका न तो आईडी बनाया जाता है न ही मनरेगा कार्य की स्वीकृति मिलता है प्रधानों ने यह भी बताया की कही न कही मजबूरी है की चाहकर भी उच्चाधिकारियो सें शिकायत नही कर पाता हूँ शिकायत यदि कोई कर भी देता है तो उसी कों ब्लाक के अधिकारी टारगेट पर लेकर दूसरे सें झूठी शिकायत कराकर कार्रवाही करने की बात कहते है यही मुख्य वजह है की ग्राम पंचायत के विकास की पहिया नही चल पा रही है क्षेत्र के सम्मानित लोगो व ग्राम प्रधानों ने एपीओ मनरेगा का तबादला कराने की माँग की है जिससे कमीशन खोरी पर लगाम लगे साथ ही समग्र गांव का विकास भी हो सके इस मामले मे एपीओ मनरेगा सें वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकीन बात नही हो पाया ।

# समदरिया स्कूल दादूपुर में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन कार्य संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सामाजिक संस्था हुडसा द्वारा दांदूपुर स्थित समदरिया स्कूल में बसंत पंचमी के उपलक्ष पर सरस्वती पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ द्य बड़ी संख्या में लोगों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मंत्र स्तुति व विचार साझा किया गया द्य वरिष्ठ समाजसेवी डॉ बबली द्विवेदी ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व आध्यात्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ वैज्ञानिक मान्यताओं से भी समृद्ध है द्य आज के दिन ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के जन्म दिवस का आयोजन समृद्धि , ऊर्जा और प्रकाश का प्रतीक माना गया है द्य विधि विधान पूर्वक पूजा, ध्यान से व्यक्ति को आत्मज्ञान , यश और सफलता का लाभ प्राप्त होता है द्य डॉक्टर अंबिका पांडे ने कहा कि आज के दिन पीले रंग के पुष्प तथा वस्त्र का प्रयोग आत्मा और अध्यात्म से जोड़ने वाला बताया गया है द्य ऊर्जा पर आधारित पीला रंग सूर्य के प्रकाश यानी प्राण शक्ति का प्रतीक है, जो संतुलन , पूर्णता और एकाग्रता का प्रतिनिधित्व भी करता है द्य संस्था के सचिव डॉ मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टि से पीला रंग डिप्रेशन को दूर करने , मस्तिष्क को सक्रिय , उत्सावर्धन तथा आत्मविश्वास में वृद्धि करता है द्य इस दौरान तुलसीकृत रामचरितमानस के सुंदरकांड का सस्वर वाचन भी हुआ द्य कार्यक्रम का संचालन कादंबरी द्विवेदी ने किया द्य अतिथियों का स्वागत प्रभात शुक्ल तथा विनोद यादव ने आभार व्यक्त किया द्य इस अवसर पर मिस्टी राय, चेतना त्रिपाठी, अनीता, हुमा हैदर , नैन्सी यादव, धर्मेंद्र यादव, दिव्या द्विवेदी, राजेश यादव,सौम्या द्विवेदी,श्रेया गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे ।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज मनाया गया बसंत पंचमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। के विवेकानंद सभागार में बसंत पंचमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई । जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें कविता ,पाठ ,नृत्य और संगीत के कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि डॉ डी सी श्रीवास्तव थे। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ के डॉ रश्मि शील ने बताया, कि बसंत पंचमी के साथ ही महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती भी मनाई जाती है। निराला जी का जन्म 21 फरवरी 1896 को हुआ था। लेकिन उनकी जयंती बसंत पंचमी के दिन मनाई जाती है। वही वक्ता डॉ राज श्री जैन, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ रोली श्रीवास्तव, डॉ आशिर्या ने महान कवि निराला जी के कविताओं में प्रेम सौंदर्य और जीवन की विभिन्न पहलुओं का वर्णन किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात प्राचार्या द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतियोगी एवं स्थान प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्या ने वक्ताओं को शाल देकर सम्मानित किया। प्राचार्या के अध्यक्षीय संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव,उप प्राचार्या शीला श्रीवास्तव ,महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ यतीन्द्र कुमार झा , रामावतार कनोजिया, भावना सेठी, टी के चौधरी, राखी सिंह , प्रकाशिनी पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव,आरती निगम ,रूबी मिश्रा ,साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह, पंकज शुक्ला ,इरम फातिमा ,सना बानो,सरिता राठौर आदि उपस्थित रहे।

# निगोहां में भूमि विवाद में दो पक्षों में मार पीट, महिला समेत आधा दर्जन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा , लखनऊ। निगोहा क्षेत्र के शिवपुरा मजरा उतरावां गांव में बीते रविवार की सुबह आपसी विवाद के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए , दोनों पक्षों में जमकर मार-पीट हुई और लाठी-डंडे चले । इस दौरान एक महिला सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। निगोहा क्षेत्र के शिवपुरा मजरा उतरावां गांव में जमीन की रंजिश को लेकर बीते रविवार की सुबह दो पक्ष आपस में भिड़ गए , तकरीबन एक घंटे के संघर्ष में दोनों पक्षों की महिलाओं और पुरुषों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे चटकाए । इस संघर्ष में एक महिला सहित छः लोग घायल हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया , वही संघर्ष में घायल लोगों को सीएचसी मोहनलालगंज में भर्ती कराया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंजर भूमि के विवाद का मामला है । एक पक्ष के वासुदेव ने बताया कि घर के सामने पड़ी बंजर भूमि से उसका बेटा सोनू जा रहा था , तभी विपक्षी महेश ने बेटे को इधर से आने का विरोध किया और गाली गलौज करने लगा , तभी महेश ने अपने परिवार के रामदेव , महादेव , धीरज के साथ लाठी डंडों से हमला कर दिया बीच बचाव में आया मेरा भतीजा राजू और उसकी पत्नी बिटाना को भी मार-पीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष की काजल पत्नी सूरज ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह रविवार की सुबह अपने खेत में मटर तोड़ रही थी पुरानी रंजिश के चलते वासुदेव , रिंकू,राजू, राम गुलाम, रामविलास समेत 5 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उस पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, बीच बचाव में आए चचेरे ससुर महेश और महादेव व देवर धीरज को सभी ने मिलकर पीट दिया। जिसका वीडियो सोशल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मामले में पुलिस ने वासुदेव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की काजल ने तहरीर देकर निगोहा पुलिस से मुकदमा दर्ज कर दूसरे पक्ष पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## वसन्त,प्रकृति का उल्लास महापर्व है : अशोक बेशरम



**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुनहरी भोर के साथ दिन में खिली खिली धूप की गुलाबी महक और खेतों सिवानों में खिले सरसों के पीले फूलों से सजधज कर वसन्त का आगाज हो चुका है।वासन्ती छटा से अनुरंजित हमारे पर्यावरण और परिवेश को नूतनता का पुनर्पाठ पढ़ाता वसन्त हमारी प्रकृति का उल्लास महापर्व है। यह बातें चर्चित हास्य कवि और मंच संचालक अशोक सिंह बेशरम ने कटका स्थित के.एन.कॉन्वेंट विद्यालय में वसंत पंचमी पर आयोजित सरस्वती पूजन समारोह की बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि शरद ऋतु के समापन के उपरांत वसंत एक बार फिर से अपनी न्यारी छटा के साथ खेत खलिहान,घर आंगन में दस्तक दे चुका है।ऐसे में वासंती गीतों के साथ शुरू हुआ वसंत धीरे-धीरे फागुनी गीतों के लोक रंग को लेकर मुखरित होगा। आज के दिन ही जगह-जगह होलिका की सम्मत गाड़ने की भी परंपरा है।जहां गांव के बच्चे महीनों खरपतवार और लकड़ियां जुटा कर होलिका लगाते हैं और फिर होली गीतों की चहक के साथ चौबारे भी गुलजार हो उठते हैं।आज से ही हमारे समाज में वसन्त गीत--बहे पुरवइया उड़ावै गरदी,मोरी देहिया भइल बा पियर हरदी, गाने का चलन भी शुरू हो चुका है। प्रकृति की इस नवीनता और उल्लास पर्व की परंपरा के साथ-साथ हमारी दिनचर्या और हमारे गीतों में भी बदलाव शुरू होगा। अनुहार,मनुहार मादकता,और प्रीति,रीति की परंपरा को सृजित करने वाले ऋतुराज वसंत की आनन्दानुभूति जहां एक ओर हमारे जीवन में भी नवीनता का संचार करने को आतुर है, वहीं संत महंथ दिग्दिगंत भी प्रयागराज के पावन महाकुंभ महामहोत्सव में वसंत का स्वागत कर रहे हैं। हमें चाहिए कि वसंत की इस परंपरा से जुड़कर आनंद के इस आलोक को जीवन में भी प्रेरक बनाएं।साथ ही अपने चौपालों में मौसमी गीतों का लुफ्त उठाएं। विद्यालय के प्रबंधक राजू अवस्थी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए बच्चों से शिक्षा संस्कृति, संस्कार से जुड़करआगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने भी सरस्वती वंदना और वसन्त गीतों से समां बांधी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## छात्र सोमपाल ने बांदा कृषि विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया

**बांदा।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सोमपाल ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कुल 1007 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें सोमपाल शीर्ष स्थान पर रहे। इस सफलता के साथ ही उन्हें बिहार राज्य में अनुमंडल कृषि अधिकारी के रूप में नियुक्ति मिलेगी। सोमपाल 2016-2020 बैच के कृषि स्नातक छात्र रहे हैं। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की और अपनी मेहनत व लगन से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से विश्वविद्यालय में हर्ष की लहर है। सोमपाल के अलावा बाँदा कृषि विश्वविद्यालय के लगभग 20 अन्य छात्रों ने भी इस परीक्षा में सफलता अर्जित की। इनमें प्रदीप कुमार, परमेश्वर दयाल, जितेंद्र कुमार, विनीत शुक्ला, दीपक कुमार, हेमंत कुमार, दीपू, हर्ष, आयुष कुमार, सतीश मौर्य, अभिनव, नेहा, अर्चना, विवेक सिंह सहित कई छात्र शामिल हैं। ये सभी बिहार में अनुमंडल कृषि अधिकारी, उप परियोजना निदेशक, सहायक निदेशक एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. वी. एस. राजू ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ''यह सिर्फ छात्रों की नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय की सफलता है। हम लगातार विश्वविद्यालय को और बेहतर, रोजगारपरक और उच्च स्तर का बनाने के प्रयास में हैं। इसके अलावा कुलसचिव डा. एस. के. सिंह, निदेशक (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट) प्रो. भानु प्रकाश मिश्र, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. जी. एस. पवार और उद्यान अधिष्ठाता प्रो. एस. वी. द्विवेदी ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक प्रो. भानु प्रकाश मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों को व्यक्तित्व विकास, करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट में मदद कर रहा है। अग्रणी कृषि कंपनियों एवं संस्थाओं के सहयोग से नियमित रूप से कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे छात्र निजी क्षेत्रों में भी रोजगार पा सकें।

# महाकुंभ हादसा पर केंद्र व प्रदेश सरकार को माफी मांगनी चाहिए:उज्जवल रमण

❐ लोकसभा में गूंजा महाकुंभ भगदड़ व भ्रष्टाचार का मुद्दा

राहुल सिंह



प्रयागराज। लोकसभा में प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने महाकुंभ में हुई भगदड़ पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश व प्रदेश के मुखिया को जनता से माफी मांगनी चाहिए उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के भाषण पर बोलते हुए एक कविता- से शुरुआत ''ई भक्ति के रंग में रंगल गांव देखा। धरम में करम में सनल गांव देखा। अगल में बगल में सगल गांव देखा अमवसा नहाये चलल गांव देखा सदियों से गंगा जमुना के संगम पर माघ मास में साधू संयासी कल्पवासी एक माह पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक रोज गंगा स्नान कर सिर्फ एक समय भोजन कर तप करते हैं ।छह साल में अर्ध कुम्भ और बारह साल में महा कुम्भ लगता हैं। इस महाकुम्भ 2025 को ग्रह नक्षत्र का मिलन हुआ कि 144 साल के बाद ऐसा संजोग आया इसका सरकार ने खुब प्रचार प्रसार किया और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री घूम घूम कर देशभर में नेवता (निमंत्रण) बांट आये । कविता- ''अजर हो गया हैं अमर हो गया है शहर तंबुओं का शहर हो गया हैं महाकुंभ की आस्थाओं में डूबा ये लाखों करोड़ों का घर हो गया है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष महोदय हम जब लोगों को दवात के लिए अपने घर बुलाते हैं तो उनके लिए हर छोटी से बड़ी जरूरत की चीजों की व्यवस्था करते हैं ।लेकिन इस महाकुंभ में उलटा हुआ देशभर के लोगों को प्रचार प्रसार कर बुला तो लिया गया लेकिन व्यवस्था रामभरोसे छोड़ दिया गया यह थीं सरकार की नाकामी या अदूरदर्शिता।

तीन जगह जो भगदड़ हुई उसकी दो मुख्य वजह थीं,

(1) पलाटूंन पुल का बंद होना जिससें भीड़ सरकुलेट नहीं हो पाई और रात में संगम नोज पर ही सब इक्कठा हो गए 20-20किमी पैदल चलाया रास्ते में कहीं भी विश्रामालय शौचालय यहाँ तक कि पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं किऐ। जब आदमी इतनी दूर पैदल चलेगा तो उसको नींद आना स्वभाविक हैं।अधिकारियों को मालूम था कि संगम नोज पर भीड़ ज्यादा हैं लोग सो रहे हैं तो उनको पलाटूंन पुल से दुसरी तरफ क्यों नहीं डाईवर्ट किया गया क्या डर था कि पलाटूंन पुल पर लगीं घटिया क्वालिटी की साल स्लीपर टूट जायेगा (2)वीवीआईपी मूमेंट इस आस्था के महा कुम्भ को इवेंट मे बदलने और राजनीतिक लाभ लेने के चक्कर में सौकड़ों मासूम स्नानार्थियों कि जान गई हजारों लोग बिछड़ जो आज तक उनके परिजन उनको खोज रहे हैं। मैं साल भर पहले से सरकार को प्रेस माध्यम व अधिकारियों को फोन के माध्यम से सचेत कर रहा था कि इस महाकुंभ कि तैयारी सही से समय से नहीं हो रही हैं पर किसी ने मेरी बात नहीं सुनी । महाकुंभ की एक भी तैयारी बैठक नहीं बुलाया गया जिसमें मैं अपने सुझाव दे सकता। इस महाकुंभ में भ्रष्टाचार की बू शुरू से ही आने लगीं थीं जब 300करोड़ के लगभग साल की लकड़ी जो स्लीपर बनाने के काम आता हैं हमेशा सरकार से सरकार आर्डर होता था लेकिन इस बार प्राईवेट फर्म को आर्डर दिया गया क्यों जिसकी वजह से समय पर आपूर्ति नहीं हुई जल्दी जल्दी में घटिया क्वालिटी के साल सप्लाई हुए यहीं डर था । इतना भारी भरकम बजट पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ मेला क्षेत्र के मोहल्लों की सड़क तो छोड़ दें मुख्य सड़क भी नहीं बनी पर कागज पर सब निर्माण हो गया इसकी जांच होनी चाहिये।कार्य को जानबूझकर लेट किया गया कि जब कम समय बचेगा तो लीपापोती होगी। कविता-''झूठ के सैलाब में सच किनारे बह गए। चांद की झूठी तरफदारी में तारे रह गए पूछिए मत कौन दोषी हैं गिरावट का यहां मुल्क के मजबूत पाये सबसे पहले ढह गये सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि सरकार क्या सावित करना चाहती हैं कि गरीबों के जान की कोई कीमत नहीं है क्योंकि भगदड़ में कोई वीवीआईपी मरा क्या कोई पूंजीपति मरा क्या।मरने वाले रोंदे गये लोग गरीब किसान कमजोर लोग थे।यह सरकार की असंवेदनशीलता की परकाष्ठा हैं जिनकों इंसानी जानों की कोई परवाह नहीं।उन्होंने कहा कि उस पर गरीब मरें तो संवेदना छोड़ लिजीए तथाकथित लोग प्रवचन दें रहे हैं उसी महाकुंभ के पंडाल में कि मोक्ष प्राप्त हो गई ऐसी मोक्ष गरीबों के लिए ही है ऐसे तथाकथित लोग क्यों नहीं मोक्ष की प्राप्ति करते जो सरकार की सुविधाओं का भोग करते हैं कविता-''पुण्य की डुबकी लगाने आये थे मासूम जो मौत उनको मिल गई क्या था बताओ उनका पाप हादसे, नाकामी और गलतियों के बाद भी थपथपाते दिख रहे हैं अब भी अपनी पीठ आप।

# परचून की दुकान में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख



## एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की वाहन ने पाया आग पर काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चिनहट तिराहे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां एक परचून की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। दुकान में खाद्य-सामग्री भरी थी, जिसकी वजह से आग तेजी से फैलती चली गई। आग बुझाने में भी दमकल कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चिनहट क्षेत्र में रहने वाले कपिल राजपूत की चिनहट तिराहे पर किराए पर हार्दिक जनरल स्टोर के नाम से परचून की दुकान है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह कपिल दुकान खोलकर पूजा-पाठ करने के बाद दुकान बंद कर घर चले गए। इसी दौरान शार्ट सर्किट या फिर किसी और चीज से दुकान में आग लग गई। दुकान में धुआं उठता देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। एसओ चिनहट भरत पाठक के मुताबिक आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है । वहीं दुकान की दशा देख कपिल के पिता बदहवास हो गए। बताया जा रहा है कि दुकान में रखा पूरा सामान जलकर स्वाहा हो गया। पुलिस और दमकल कर्मी मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मां सरस्वती मंदिर पर हवन-यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन





## गनहरी स्थित पी.एस शिक्षा निकेतन में छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर बाराबंकी जनपद के त्रिवेदीगंज क्षेत्र के गनहरी स्थित श्री पुरुषोत्तम स्वरूप शिक्षा निकेतन विद्यालय के प्रांगण में सरस्वती मां के मंदिर में पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया , विद्यालय के संस्थापक स्वरूप चंन्द्र मिश्रा उर्फ ज्ञानी मिश्रा ने मां सरस्वती के मंदिर में हवन-यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया । विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर शशांक मिश्रा ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में स्थित मां सरस्वती के मंदिर में हवन-पूजन किया गया, जिसमें पीले वस्त्र धारण कर सपरिवार और छात्रों ने शामिल होकर पूजा अर्चना की और ज्ञानदायिनी मां सरस्वती से सफलता की प्रार्थना किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया , बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम समापन के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें तमाम लोगों ने पहुंचकर प्रसाद पाया । यहां पर हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी, नर्दही ग्राम प्रधान ताराचन्द्र पटेल , डॉ हिमांशु मिश्रा , पंचशील शांति शिक्षा निकेतन के डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा , किसान नेता अतुल चौरसिया , मंडल अध्यक्ष मोनिका गुप्ता , विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं , बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नारी सशक्तिकरण से होगा समाज मजबूत : अरुण राय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र में एक कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान स्थानीय पार्षद अरुण राय ने नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि हमारे समाज में नारियों का प्रमुख स्थान रहा है और यदि नारी सशक्तिकरण की दिशा में हमेशा प्रयत्नशील रहा हूं। चिनहट सतरिख रोड स्थित गौरव विहार कॉलोनी में वंदना शर्मा द्वारा बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर गिफ्ट की दुकान खोलने पर उन्होंने उद्घाटन करते हुए महिलाओं के स्वावलंबी बनने पर खुशी जताई और हर संभव मदद करने का वादा किया।

## केन्द्रीय महासंघों ने उप्र के बिजली कर्मचारियों को समर्थन देने का किया ऐलान

लखनऊ। ऑल इण्डिया फोरम अगेन्स्ट प्राइवेटाईजेशन के तत्वावधान में उप्र में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आयोजित ऑनलाइन बैठक में रेलवे, रक्षा, डाक विभाग, शिक्षा और अन्य केन्द्रीय महासंघों ने उप्र के बिजली कर्मचारियों को खुला समर्थन दिया। ऑल इण्डिया फोरम अगेन्स्ट प्राइवेटाईजेशन द्वारा कल रात की गयी ऑनलाइन मीटिंग में बिजली के निजीकरण के सम्बन्ध में चल रही गतिविधियों और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के चल रहे आन्दोलन का विस्तृत विवरण संघर्ष समिति के संयोजक और ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने रखा। ऑल इण्डिया फ़ेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा ने प्रिपेड मीटर के नाम पर बड़े पैमाने पर चल रहे निजीकरण की बात रखी।

# इंटर कॉलेज में महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम को लेकर किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के बी बी डी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित लोकबंधु राज नारायण इंटर कॉलेज तिवारीगंज उत्तरधौना में छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए महिला संबंधी अपराध तथा साइबर क्राइम संबंधी अपराधों के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर लोकबंधु राज नारायण इंटर कॉलेज के प्रबंधक शिवकुमार सिंह द्वारा 1090 महिला हेल्पलाइन की टीम तथा जानकारी देने आए हुए लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हजारों बच्चों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेल्फ डिफेंस से प्रवीण अख्तर महिला हेल्पलाइन से पल्लवी भोरगोहन आईटी कंसलटेंट राजेंद्र तिवारी महिला हेल्पलाइन से ज्योति तथा टेक्नोसिस सर्विसेज की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संदीप सिंह रिंकू इंटर कालेज की प्रिंसिपल मोहिनी सिंह डब्बू सिंह संदीप सिंह मोहम्मद सलीम आनंद यादव इंदु प्रताप सिंह ललिता सुनीता सत्य प्रकाश सिंह सतीश शर्मा तथा नागेंद्र मोना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तालाब पर अवैध निर्माण करने पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चिनहट में एक दबंग ने राजस्व अभिलेखों ने दर्ज तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया। कई बार मना करने के बाद भी दबंग ने तालाब पर अवैध निर्माण जारी रखा जिस पर राजस्व विभाग ने दबंग व उसका सहयोग कर रहे एक अधिवक्ता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चिनहट स्थित कंचनपुर मटियारी गांव में गाटा संख्या-617 क्षे0 0.407 हे0 जो कि राजस्व अभिलेखों मे तालाब के रूप में दर्ज है। यह तालाब गोविन्द बिहार कालोनी में स्थित है। 23 जनवरी को राजस्व विभाग व नगर निगम की टीम ने इसका सीमांकन किया था। जिस पर इंदिरानगर सेक्टर 14 निवासी प्रतीक राय घटक पुत्र प्रदीप राय घटक ने अधिवक्ता शाशिकान्त वाजपेई के संरक्षण में अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। प्रतीक राय के पास गाटा संख्या- 619 से बैनामा था लेकिन उन्होंने अवैध रूप से गाटा- 617 जो तालाब के रूप मे दर्ज है उस पर 52 वर्ग मी0 अवैध निर्माण कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार निर्माण करने से मना किया गया किन्तु निर्माण कार्य बन्द नही किया। जिसके बाद राजस्व अधिकारियों ने तालाब पर किये जा रहे अवैध निर्माण को रूकवाने तथा अवैध कब्जेदारी को हटाने के लिए चिनहट पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने प्रतीक राय घटक पुत्र प्रदीप राय घटक व शशिकान्त बाजपेई पुत्र अज्ञात के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खड़ी डीसीएम से टकराई बाइक, चालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक बाइक सवार खड़ी डीसीएम से टकरा गया। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गढ़ी चुनौटी गांव में रहने वाले हीरालाल गौतम का बेटा ललित गौतम उम्र 20 वर्ष उन्नाव के सोहरामऊ स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। ललित नौकरी करके सोमवार सुबह करीब 6 बजे वापस घर लौट रहा था इसी दौरान उसकी बाइक कानपुर रोड पर बनी पुल के पहले मोड पर खराब खड़ी एक डीसीएम में पीछे से टकरा गई और वह वहीं गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीसीएम को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।


# तालाब पर अवैध निर्माण करने पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। चिनहट में एक दबंग ने राजस्व अभिलेखों ने दर्ज तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया। कई बार मना करने के बाद भी दबंग ने तालाब पर अवैध निर्माण जारी रखा जिस पर राजस्व विभाग ने दबंग व उसका सहयोग कर रहे एक अधिवक्ता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चिनहट स्थित कंचनपुर मटियारी गांव में गाटा संख्या-617 क्षे0 0.407 हे0 जो कि राजस्व अभिलेखों मे तालाब के रूप में दर्ज है। यह तालाब गोविन्द बिहार कालोनी में स्थित है। 23 जनवरी को राजस्व विभाग व नगर निगम की टीम ने इसका सीमांकन किया था। जिस पर इंदिरानगर सेक्टर 14 निवासी प्रतीक राय घटक पुत्र प्रदीप राय घटक ने अधिवक्ता शाशिकान्त वाजपेई के संरक्षण में अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। प्रतीक राय के पास गाटा संख्या- 619 से बैनामा था लेकिन उन्होंने अवैध रूप से गाटा- 617 जो तालाब के रूप मे दर्ज है उस पर 52 वर्ग मी0 अवैध निर्माण कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार निर्माण करने से मना किया गया किन्तु निर्माण कार्य बन्द नही किया। जिसके बाद राजस्व अधिकारियों ने तालाब पर किये जा रहे अवैध निर्माण को रूकवाने तथा अवैध कब्जेदारी को हटाने के लिए चिनहट पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने प्रतीक राय घटक पुत्र प्रदीप राय घटक व शशिकान्त बाजपेई पुत्र अज्ञात के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बीकेटी में अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 5 की टीम ने बीकेटी के ग्राम टिकरी में रेलवे क्रासिंग के पास लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से की जा रही प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया। ये अवैध प्लाटिंग बजरंग व कुछ अन्य लोगों द्वारा की जा रही थी। यहाँ अवैध रूप से विकसित की जा रही इस कालोनी पर अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

# फोन करने के लिए रोकी थी बाइक, हो गई चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है शातिर चोर बड़े शातिराना तरीके से पुलिस को चुनौती देकर घटना को अंजाम देने के साथ घटनास्थल पर बिना कोई सबूत छोड़े गायब भी हो जा रहे हैं वहीं पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल लकीर पीटती नजर आती है। फिलहाल घटना को देखते हुए तो कुछ ऐसा ही नजर आ रहा है। क्षेत्र में बीती 27 जनवरी की शाम बड़े अजीबोगरीब तरीके से एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला हो गया। मायापुरी कॉलोनी कल्याणपुर लखनऊ के निवासी मोहम्मद मुर्तजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद नसीर ने रविवार को बंथरा थाने पर तहरीर देकर उनकी बाइक को बड़े ही अजीबोगरीब ढंग से चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। मुर्तजा ने बताया कि वह बीती 27 जनवरी को शाम करीब 9:15 बजे अपने घर जा रहे थे इस दौरान जब वह हनुमान मंदिर बंथरा के पास पहुंचे तभी उनके घर से फोन आ गया और उन्होंने फोन के लिए अपनी मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़ी कर दी और बात करने लगे इस दौरान शोर गुल ज्यादा होने की वजह से वह बात करते-करते मोटरसाइकिल से थोड़ा दूर हो गए तभी मौका पाकर किसी ने चोरी की नीयत से उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब कर दी, वह जैसे ही बात करने के पश्चात वहां आए तो देखा की मोटरसाइकिल गायब थी, जिसके बाद मुर्तजा ने इधर-उधर काफी खोजबीन की फिर भी मोटरसाइकिल का कहीं पता नहीं चला, जिसके बाद रविवार को मुर्तजा ने थाने पर तहरीर देकर मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

# बालक बालिकाओं का पाठी पूजन का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को सूक्ष्म रूप से अग्रवाल सुहृद समाज लखनऊ व श्रीमद् भागवत भक्त सेवा समिति द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सरस्वती पूजन/ बालक बालिकाओं का पाठी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे 150 वर्ष पुराने कालीचरण में सरस्वती माता मंदिर में पूजन हवन के साथ 51 बालक बालिकाओं का पाठी पूजन हुआ बच्चों को केसर का तिलक लगाकर ? (ओम) व अन्य मंत्रों का उच्चारण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा (अन्नू), अग्रसेन इंटर कॉलेज के प्रबंधक अभय गर्ग, अग्रवाल समाज चौक के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सुनील कुमार शुक्ला, नरेश अग्रवाल, अवनीश दीक्षित, आलोक अग्रवाल, रचित अग्रवाल, संजीव झिंगरन, डीपी सिंह, संजय त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, के के चौधरी, मनोज तिवारी, गोपाल साहू, शुभ कपूर व अन्य सामाजिक व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर आनंद रस्तोगी व दीपू खत्री द्वारा बच्चों को पुरस्कार भी बाँटे गए।

# नगर विकास राज्य मंत्री ने खैराबाद नगरपालिका में संपत्तिकर ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारंभ

❒ नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने हरी झंडी दिखा कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। बसन्त पंचमी के दिन नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर के संपत्तिकर ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ श्री राकेश राठौर ''गुरु'' माननीय नगर विकास राज्य मंत्री द्वारा किया गया । इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान का भी शुभारंभ किया गया । संपत्तिकर पोर्टल के शुभारंभ होने से अब नगर के समस्त सम्मानित नागरिक अपने संपति का विवरण स्वयं अपने मोबाइल में देख सकेंगे और अपने गृहकर ,जलकर एवं अन्य देयों का भुगतान ऑनलाइन अपने घर बैठकर कर सकेंगे ।नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का भी प्रारंभ किया गया । इस अवसर माननीय मंत्री जी द्वारा सम्मानित नागरिक गण से यह अपील किया गया कि सरकार निकायों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है इसके लिए यह आवश्यक है प्रदेश के सभी शहर अपने आय को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बने इसलिए अपने शहर के विकास में अपने करो का भुगतान समय से करे । साथ ही माननीय मंत्री जी द्वारा यह भी अपील किया गया कि सभी लोग अपने घर के गिला एवं सूखा कूड़ा को अलग अलग रखे और सड़क या नाली में न फेंके उसे नगर पालिका के गाड़ी या कर्मचारी को ही दे । इस अवसर पर नगर पालिका परिषद खैराबाद की अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता , प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता श्री अभिषेक गुप्ता , अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सभाषद श्री विष्णु कुमार, श्री हबीब, श्रीमती मुन्नी, श्री युसूफ खां, श्री उमेश, श्रीमती शबेनाज़, श्री सुनील, श्री फरजन्द अली, श्री अलोक बाजपेई, श्री राकेश चंद्र, श्री मो मुर्सलीन, श्रीमती मोमिना, श्री ज़फ़रयाब बेग, शकील अहमद, श्री मो नसीम खां, श्री जावेद, श्री सऊद अहमद, श्री श्रीमती कविता, श्री साबिर अली, श्री हसीन अहमद, श्रीमती रसीदन निशा, श्रीमती शायरुन निशा, श्रीमती नासरा बानो, श्रीमती रोशन जहाँ, श्रीमती महरून निशा एवं नगर के सम्मानित नागरिक गण गौरव अग्रवाल, संदीप गुप्ता, संदीप मिश्रा और निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार अवस्थी के द्वारा धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर सीतापुर । आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी तथा समस्त स्टाफ व बच्चों द्वारा किया गया । तथा मां सरस्वती से प्रार्थना की कि सभी को बुद्धि , विवेक , ज्ञान को प्रदान करे जिससे सभी का जीवनपथ ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित हो ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों/शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने सरस्वती मां की आरती व स्तुती की। सभी बच्चे पीले रंग के वेष में बसंत के आगमन की छटा बिखेर रहे थे ।विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार पुरी ने सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी को मां सरस्वती आत्मज्ञान,यशतथा सफलता प्रदान करे। इस अवसर पर विद्यालय के



शिक्षक/ शिक्षिकाएं विजय कुमार निगम , विनोद कुमार शुक्ल , रमेश चंद्र मिश्र ,नीता सिंह , शैल सिंह, रियाज अहमद , अंकित कुमार , विनीत जायसवाल, कृष्णचंद्र द्विवेदी , रमा शंकर पांडेय, क्षमा , छाया, अर्शिता , सुधा भारती , संजीत मिश्रा, आदि उपस्थित रहे.अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी को बसंतपंचमी की शुभकामनाएं दी।तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर अवकाश कर दिया गया।

# बंसत पंचमी के अवसर पर आर जे.जे. एजूकेशन प्वाइंट में हुआ मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सोमवार आर.जे.जे.एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से एक मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन मे माँ सरस्वती के सर्वप्रथम पुष्प अर्पित किये गये तत्पश्चात पुरोहित श्री कृष्णाचंद्र मिश्राजी ने पूरे विधिविधान के साथ एक यज्ञ का अनुष्ठान किया गया जिसमे विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल,रीता जयसवाल,प्रबंधक कुलदीप जयसवाल प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल व शिक्षक शिक्षिकाओ ने आहुति देकर यज्ञ अनुष्ठान पूर्ण किया। तत्पश्चात सीतापुर नेत्र चिकित्सालय सेआई डा. सोनिया व उनकी टीम द्वारा क्षेत्र से आये मरीजो का नेत्र परीक्षण किया गया। टीम द्वारा लगभग 270 मरीजो परीक्षण किया गया जिसमे से 90 मरीजो को जांच के बाद सीतापुर नेत्र चिकित्सालय भर्ती होने के लिये भेज दिया गया, शेष मरीजो को चश्मे व परामर्श देकर उनके घरो को भेज दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव, व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस, विजेंद्र सिंह,रिशि,पलक,नैन्सी,प्रियांशी,जुबैर,शहन वाज हुसैन,करन कश्यप व विद्यालय के अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने सहयोग किया। साथ ही कार्यक्रम का समापन तहरी भोज से हुआ।

# माता बगलामुखी का स्थापना दिवस मनाया गया तथा भंडारे का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । ऐतिहासिक भुइंया ताली तीर्थ में 2 वर्ष पूर्व स्थापित किए गए माता बगलामुखी के मंदिर का स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार पूजन अर्चन कर महंत जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के संस्थापक महंत बजरंगमुनि ने बताया कि माता बगुलामुखी यह ऐसी माता है जो दतिया में स्थित है तथा शक्तिपीठ मानी जाती है इनकी पूजा अर्चना करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है तथा व्यक्ति अपने आप में शक्तिशाली बनता है उन्होंने बताया कि पीले पुष्पों तथा पीले वस्त्रों से माता को सजाया गया है तथा माता की विधि विधान से पूजा आरती की गई तथा मंदिर को पुष्पों से सजाया गया है उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया है इस अवसर पर नगर तथा ग्रामीण अंचल के अधिसंख्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## तैलिक समाज कल्याण सेवा समिति खैराबाद की बैठक व तहरी भोज आयोजन

**खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तैलिक समाज कल्याण सेवा समिति खैराबाद की मासिक बैठक एवं तहरी भोज का आयोजन संगठन के महामंत्री कुलदीप जयसवाल जी के महेन्द्री टोला स्थित आवास पर आहूत की गई। बैठक में तैलिक समाज के नागरिकों के उत्थान पर चर्चा के साथ-साथ अगले माह मनाए जाने वाले होली मिलन कार्यक्रम आयोजन पर भी चर्चा की गई व तय किया गया कि इस बार का होली मिलन कार्यक्रम विगत वर्षों के आयोजन से भी भव्य रहे । खैराबाद के आस पड़ोस के ग्रामीण क्षेत्रों के तैलिक समाज के लोगों को भी खैराबाद के संगठन में जोड़े जाने पर चर्चा की गयी तथा यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक रविवार को खैराबाद की कार्यकारणी के पदाधिकारी चार चार समूहों में किसी भी गांव में जाकर वहा के लोगों से जुड़कर उन्हें खैराबाद के संगठन में जोड़ने का कार्य करेंगे। तहरी भोज के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष जयसवाल जी ने की । बैठक में अवधेश जयसवाल,विजय जयसवाल,मुकेश जयसवाल,उमेश जयसवाल (पूर्व सभासद ), सियाराम जयसवाल,उमेश जयसवाल (सभासद ), रवि जयसवाल,ब्रजेश जयसवाल, विनय जयसवाल, कमलेश जयसवाल,खुशाल राठौर, छोटू जयसवाल,गणेश जयसवाल आदि काफ़ी संख्या मे तैलिक समाज के लोग आए ।बैठक उपरांत समाज के सभी लोगों क़ो कुलदीप जयसवाल जी ने तहरी भोज करायी।

## पति के मौत के बाद घरवालों की यातनाओं से कराह रही विधवा, जिम्मेदारों का नही पसीजा दिल

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पति की मौत के बाद एक विधवा महिला अपना हक़ दिलाने के लिए दर-दर भटक रही है। आज पीड़िता एसपी जिला मुख्यालय पहुंची पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से अपना हक के लिए रोते बिलखते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता विधवा महिला पूजा शुक्ला पत्नी श्रावण शुक्ल ने बिलखते हुए कहा कि मेरी शादी श्रवण शुक्ल से हिंदू रीति-रिवाज के साथ 2019 में हुई थी काफी सालों तक गृहस्थ जीवन मेरा ठीक ठीक चलता रहा मेरे एक लडका भी है पति श्रवण शुक्ला की हार्टअटैक से मौत 27 अक्टूबर 2024 को हो गई थी घर पर पहली पत्नी के पुत्र शोभित शुक्ला द्वारा पीड़िता के घर के दरवाजे में ताला जड़ दिया गया और तरह तरह की यातनाएं देते हुए घर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है विरोध करने पर विपक्षी गंदी-गंदी गालियां बकते हुए जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। पीड़िता द्वारा बताया कि विपक्षी लगातार जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं महिला को अप्रिय घटना हो सकती है वहीं महिला ने डीएम व एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है वहीं पीड़ित महिला ने बिलकते हुए बताया है कि किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रही हूं सभी अधिकारियों के पास जा चुकी हूं किन्तु कही से भी मुझ असहाय विधवा को न्याय की आस नही दिख रही अगर न्याय नहीं मिला तो आत्महत्या के लिए मजबूरन हमें विवश होना पड़ेगा।

## श्री प्रवीण कुमार सिंह ने नवागंतुक मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव से मुलाकात कर आयुषमान कार्ड के बारे में की चर्चा

**जनपद सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज दिनांक 3 फरवरी 2025 को प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी श्री प्रबीण कुमार सिंह ने नये प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव सीतापुर से मुलाकात किया और मुलाकात के समय जिला अध्यक्ष ललित सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे और मुलाकात के समय आयुष्यमान कार्ड के सम्बन्ध में चर्चा किया कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं में है यह जनपद के सभी बुजुर्गों को और गरीबों के पास आवश्य होना चहिये जिससे गरीब जनता को स्वास्थ्य और गम्भीर बिमारियों से जनता निजात पा सके ।

# बसंत पंचमी पर टीपीआरएस एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में उत्सव



❒ सरस्वती पूजन के तहरी भोज व प्रतियोगिताएं आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय टीपीआरएस एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट में बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर बसन्त पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता (एड0) ने किया। इस अवसर पर माँ सरस्वती के पूजनोपरान्त हवन किया गया। जिसमें नगर के संभ्रान्त नागरिक पं0 सुशील मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिवेदी, एवं राज कुमार गुप्ता अतिथियों ने भाग लिया।बसन्तोसव के कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग विषयों जैसे पेंटिंग, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण एवं निबन्ध लेखन आदि कलाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की और विद्यालय प्रबन्ध तंत्र की ओर से सभी छात्र/छात्राओं को तहरी भोज का आयोजन किया गया एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया। विद्यालय प्रबन्धक आनन्द कुमार गुप्ता (एडवोकेट) ने सभी बच्चों को उन्नति के पथ पर निरन्तर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए प्रगतिशील रहने के लिए अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में आयोजन



❒ मां सरस्वती की पूजा के साथ हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, छात्रों को दिए संस्कार और नैतिकता के पाठ

❒ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां, छात्रों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज में बसंत पंचमी महापर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापिका कामिनी सेठ, प्रबन्धक विशाल सेठ, संचालिका लेखनी सेठ व विद्यालय प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना किया। इस मौके पर शिक्षक/शिक्षिका सहित नन्हें-मुन्ने बच्चे पीली ड्रेस में नजर आए। संचालिका लेखनी सेठ ने विद्यालय प्रबन्धक विशाल सेठ ने बताया कि स्कूल में निरंतर इस तरह के आयोजन किये जाते हैं जिससे बच्चों में संस्कारों का समावेश हो व उनका सम्पूर्ण विकास हो सके। वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस समय विद्यालय में ''वसंत पंचमी सप्ताह'' के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को 10 फरवरी 2025 तक प्रवेश कराने पर बालकों को 50 प्रतिशत तथा बालिकाओं 100 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क में छूट है।

# सवारी से लूट करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक को पुलिस की गोली लगी

एजेंसी



गाजियाबाद। थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्रान्तर्गत सवारी को ऑटो में बैठाकर चाकू की नोक पर लूट करने वाले दो लुटेरों को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक लुटेरा घायल हो गया। एसीपी स्वतन्त्र कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्रान्तर्गत मेरठ गाजियाबाद रोड पिलर नम्बर 685 के पास ऑटो चालक एवं उसके साथी ने बैठी सवारी से चाकू को नोक पर फोन, पैसे, बैग, पर्स, एटीएम कार्ड,आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि लूट लिए थे। तभी से पुलिस लूट करने वाले बदमाशों की तलाश कर रही थी। सोमवार को रूटीन चेकिंग जीडीए चौराहे पर की जा रही थी। सामने से ऑटो आता हुआ दिखायी दिया। रोकने के इशारे पर ऑटो चालक व उसका साथी ऑटो लेकर भागने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया तो सामने रोड पर डेड लाईन आने पर ऑटो में बेठै दो व्यक्ति ऑटो से तेजी से उतर कर खेतों की तरफ भागने लगे। भागते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग की व लगातार फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने बदमाश के पैरों की तरफ एक फायर किया । जिससे एक बदमाश वहीं जमीन पर गिर गया तथा भाग रहे दूसरे बदमाश को करीब 50 कदम दूर पुलिस ने पकड़ लिया।,घायल बदमाश का नाम अमित उर्फ बेस टू निवासी डी व्लाक आश्रम रोड नन्दग्राम थाना नन्दग्राम तथा दूसरा बदमाश अंकित उर्फ अभिषेक उर्फ बैकर है।। उनके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर , एक चाकू, एक लूट का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम नशे की लत के कारण इस प्रकार की घटना को कारित करते हैं। हम दोनो इस ऑटो में जो कि हमने पुराना सेकंड हेन्ड किस्तों पर खरीदा था। हम लोग आधी रात के बाद निकलते हैं तथा रात में दूर जाने वाली सवारियो को सस्ते किराये का लालच देकर बैठा लेते हैं तथा सूनसान इलाके में ले जाकर लूट कर सवारी को वहीं पर छोड़ देते हैं।

# शिवसेना गांव-गांव में लगाएगी शस्त्र प्रशिक्षण शिविर



❒ जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए शिवसेना करेगी आंदोलन : वीरेंद्र अरोड़ा

एजेंसी

मुरादाबाद। शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट की बैठक सोमवार को एक होटल में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आंदोलन किया जायेगा। इसके अलावा हर गांव में पार्टी ने शस्त्र प्रशिक्षण शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने संगठन को वार्ड स्तर पर मजबूत करने के लिए समीक्षा की। तय किया कि प्रत्येक वार्ड में सहायता कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही शिवसेना बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़ी धर्म सभा भी आयोजित करेगी। बैठक में विपिन भटनागर, कमल सिंह रंराव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, सरदार इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 21.02.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01002025 dated 30.01.2025 | |
| 2 | निविदा सख्या | 1. 51 /DEN-V-LKO/2024-2025<br>3. 53 /DEN-V-LKO/2024-2025 | 2. 52 /DEN-V-LKO/2024-2025<br>4. 54/ DEN-V-LKO/2024-2025 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. मण्डल इन्जीनियर (पंचम) / लखनऊ के अधीन ब्रिजों और दूसरे विविध कार्यों की मरम्मत का कार्य।<br>2. सहायक मण्डल इन्जीनियर (द्वितीय)/ लखनऊ, के अधिकार क्षेत्र में दिलकुषा केबिन-सैयद खानपुर तथा लखनऊ-कानपुर के मध्य स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत और रखरखाव का कार्य।<br>3. सहायक मण्डल इन्जीनियर/अयोध्या, के अधिकार क्षेत्र में एस.एस.ई./पी.वे/ रूदौली के अन्तर्गत विविध ट्रैक का कार्य।<br>4. सहायक मण्डल इन्जीनियर/अयोध्या, के अधिकार क्षेत्र में एस.एस.ई./पी.वे/ अयोध्या के अन्तर्गत विविध ट्रैक का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 59,99,944.71<br>3. Rs. 1,07,63,202.03 | 2. Rs. 99,86,415.38<br>4. Rs. 1,05,16,965.23 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 1,20,000.00<br>3. Rs. 2,03,800.00 | 2. Rs. 1,99,700.00<br>4. Rs. 2,02,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह।<br>3 एवं 4 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 07.02.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.02.2025 को 15:00 बजे | |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in | |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 376/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | स्ट्रिपिंग, लायिंग एंड वेल्डिंग ऑफ पी.वी.सी. फ्लोरिंग। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 83,41,774.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 1,66,800/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक-14.02.2025 से 28.02.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-08 दिनांक: 01.02.2025 368/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, सीएचसी में आवारा कुत्तों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया सीएचसी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वायरल वीडियो में अस्पताल के बेड पर आवारा कुत्ते सोते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे संक्रमण और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

स्वास्थ्यकर्मी गायब, कुत्तों का आरामगाह बना अस्पताल स्थानीय लोगों के मुताबिक, रात के समय स्वास्थ्य केंद्र में कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं रहता। अस्पताल परिसर खाली रहने के कारण आवारा कुत्तों ने इसे अपना ठिकाना बना लिया है। मरीजों के बेड पर कुत्तों के सोने की घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। सरकारी आदेशों की उड़ रही धज्जियां राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के रात्रि विश्राम को अनिवार्य किया था, लेकिन सीएचसी प्रभारी और अन्य स्टाफ इस नियम का पालन नहीं कर रहे। नेबुआ नौरंगिया सीएचसी केंद्र पर लगातार लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर मौन बना हुआ है। पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले यह पहली बार नहीं है जब कुशीनगर जिले में अस्पतालों में लापरवाही के ऐसे मामले सामने आए हैं। इससे पहले भी आवारा कुत्तों के नवजात मृत शिशु को खाने की घटना के बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की थी। अब एक बार फिर जिले में ऐसी घटनाएं बढ़ने लगी हैं, लेकिन उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।




# वसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए ऋण पर बीज गन्ना देगी ढाढ़ा चीनी मिल

- 15023 गन्ना बीज पर 50, को. 0118 बीज पर 40 रुपए प्रति कु.अनुदान – करन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। न्यू इंडिया चीनी मिल ढाढ़ा हाटा द्वारा अपने परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने और अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजाति को. 15023, को. 0118 अनुदान दिया जाएगा। यह जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने बीज गन्ना वितरण समीक्षा बैठक में गन्ना विकास कर्मचारियो/अधिकारियों को दी। ये प्रजातियां प्रति एकड़ 400 से 500 प्रति कुंतल उपज देने वाली हैं। बीज गन्ना वितरण करने वाले किसानो को 31 मार्च तक 40 रुपया प्रति कुन्तल तथा 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बीज गन्ना वितरण करने वाले किसान को पचास रुपया प्रति कुन्तल अनुदान मिल देगी। उ0प्र0 गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता सवाल के जवाब में अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि को 0118 गन्ना प्रजाति 31 मार्च तक वितरण करने वाले किसान को 30 रुपया प्रति कुन्तल तथा एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक वितरण करने वाले किसान को 40 रुपया प्रति कुन्तल अनुदान देगी। अधिशाषी अध्यक्ष ने पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता के साथ अलग बैठक में कहा कि पेड़ी गन्ने की वैज्ञानिक प्रबंध तथा वसंत कालीन गन्ने के साथ प्याज, भिण्डी, मूंग की सहफसली खेती करने के लिए मिल प्रक्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलायें। प्रशिक्षण कार्यक्रामो में सहभागिता से कृषि यंत्रो से लाभ की जानकारी उपलब्ध हो। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता व उप महाप्रबंधक गन्ना डी.डी. सिंह ने बताया कि को. 0118 तथा को. 15023 गन्ना प्रजाति पहली बार बोने वाले किसान को बिना ब्याज पर उधार बीज गन्ना दिया जायेगा।



# दो बच्चों में रखे तीन वर्ष का अंतराल :डॉ मुकेश

- सास-बेटा-बहू सम्मेलन हुआ आयोजित
- आशा,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिलाया गया टीबी मुक्त भारत का शपथ दिलाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर परसौनी मुकुंदहा के परिसर में सोमवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर उपस्थित लोगों को परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये क्षय रोग प्रभारी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराने का उद्देश्य यह है कि परिवार में सभी मिलकर एक साथ रहे। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों का उपयोग कर खुशहाल जीवन व्यतीत करें। उन्होंने ने कहा कि बच्चों की संख्या नियंत्रित रखे तथा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतराल अवश्य रखे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि सहायक शोध अधिकारी रत्नेश यादव ने कहा कि परिवार नियोजन के सभी संशाधन आपके आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर उपलब्ध है उसका लाभ उठायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक अनिता यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है उसका उपयोग आप सभी करे तथा कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो तत्काल अपनी आशाओं को सूचित करें। गर्भवती महिलाओं को,आशा बहुओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने करते हुये सौ दिवसीय टीबी खोज अभियान के लिये लोगों को जागरूक किया तथा उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों की जाँच अवश्य कराये।आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सविता ने व्यक्त किया। इस दौरान एएनएम सीमा यादव,आशा अनिता देवी,लता राव,मीना देवी,पुष्पा देवी,सुनैना देवी,आंगनवाड़ी कार्यकत्री लीलावती देवी,उर्मिला देवी,गीता देवी,लाभार्थी दया देवी,सबा परवीन,पूजा देवी,अनामिका देवी,रोमा देवी,हीना देवी आदि मौजूद रहीं।



# नाराज किसानों ने किया विरोध प्रर्दशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया विकास खंड क्षेत्र मे तौल केंद्र बदले जाने की सूचना पर रामकोला चीनी मिल के गन्ना तौल केंद्र नौरंगिया ए पर सोमवार को दोपहर बाद दर्जनों की संख्या मे किसानो ने गन्ना क्रय केन्द्र पर पहुचकर हंगामा करते हुए नारेबाजी कर विरोध प्रर्दशन करते हुवे केंद्र नही बदलवाने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला के गन्ना तौल केंद्र नौरंगिया ए मे क्षेत्र के लक्ष्मीपुर, पांडेय छपरा, सबया और बरगहा आदि गांवो का सही समय पर गन्ना तौल होता चला आ रहा है। सोमवार को छितौनी समिति से जानकारी मिली कि इस तौल केंद्र से आधा गांव कटकर गड़ौरा मील मे जुडने जा रहा है। जिससे किसानो को काफी असुविधा उत्पन्न होगी।कारण यह है कि वहां पर समय से गन्ना मूल्य भुगतान नही होगा और खाद बीज तथा सब्सिडी सहित अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाएगा, जिससे किसान नाराज हैं।

किसानो ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि केंद्र से जो गांव जुड़े हैं उनको न हटाया जाए। विरोध प्रर्दशन के दौरान केन यूनियन छितौनी के डायरेक्टर अखिलेश कुमार, वरिष्ठ संभव मिश्रा के नेतृत्व मे रामअवध, रामछबिला पांडेय, नान्हू गुप्ता, अमर पासवान, बिहारी प्रसाद, श्रीनिवास शुक्ला, मुकेश गुप्ता, कन्हैया यादव, गमहा राजभर, आयुष शुक्ला, मंहथ प्रसाद, योगेंद्र, प्रमोद, नत्थू, प्रोप्रकाश यादव और धन्नजय गुप्ता आदि किसान मौजूद रहे।



## कुशीनगर में पोर्नोग्राफी का आया मामला, मचा हड़कंप

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र सिधावत छावनी गांव कि एक तीन बच्चों की मां के पोर्न वीडियो विदेशी वेबसाइट अपलोड होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि महिला और उसका पति पैसा कमाने के लिए पिछले पांच वर्षों से पोर्नोग्राफी के धंधे में लिप्त हैं और ऑनलाइन पोर्न साइट्स पर वीडियो अपलोड कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। ग्रामीणों के विरोध पर हुआ हंगामा यह मामला तब सामने आया जब एक ग्रामीण ने गूगल पर महिला का वीडियो '' बदला नाम (ममता भाभी 76)'' नाम से सर्च कर महिला का पार्न वीडियो देखा। इसके बाद यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गयी। गाँववालों ने महिला के घृणित कुकर्मों का विरोध किया तो महिला के पति मुनीब ने मारपीट शुरू कर दिया। इस घटना में चार लोग घायल हो गए, जिसके बाद पीड़ितों ने रामकोला थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस की भूमिका संदिग्ध ऐसी चर्चा है कि ग्रामीणों के शिकायत के बावजूद रामकोला पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नही लिया। रामकोला थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने यह कहकर कि ''वीडियो पति-पत्नी के हैं और वेबसाइट से उनका टाईअप है, इसलिए पुलिस इसमें कुछ नहीं कर सकती।'' अपने दायित्वों का इतिश्री कर लिया। ग्रामीणों मे आक्रोश गाँववालों का कहना है कि यह गंदा धंधा जल्द बंद नहीं हुआ तो बच्चों और परिवारों के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महिला के घर काफी संख्या में अजनबी लोगों का आना-जाना होता है। यह सिर्फ पति-पत्नी का काम नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह का हिस्सा है। विदेश से लौटने के बाद शुरू हुआ कारोबार सूत्रों के अनुसार, महिला का पति मुनीब वर्ष 2020 से पूर्व विदेश में था, विदेश से आने के बाद मुनीब की गतिविधियाँ संदिग्ध हो गईं। कुछ साल पहले यह दंपत्ति दक्षिण भारत में भी रहता था, और अब इस धंधे को गोरखपुर में किराए का कमरा लेकर आगे बढ़ाने की तैयारी में था। कानूनी कार्रवाई की माँग पोर्नोग्राफी का निर्माण और प्रसारण आईटी एक्ट और भारतीय कानूनों के तहत अपराध है। लेकिन पुलिस की लापरवाही से ग्रामीणों में नाराजगी है। गाँववालों ने प्रशासन से इस गिरोह पर सख्त कार्रवाई और पूरे नेटवर्क की जाँच की माँग की है ।

## अनूठी शादी: विवाह के बाद दुल्हन की बैलगाड़ी से हुई विदाई

**हहमीरपुर।** हमीरपुर जनपद के राठ कस्बे में सोमवार को शादी के बाद दुल्हन की बैलगाड़ी से विदाई कराई गई। अनोखी शादी में बैलगाड़ी से विदाई का नजारा देखने को लोगों की भीड़ उमड़ी। गेस्टहाउस से एक किमी तक बैलगाड़ी हांककर दूल्हा घर पहुंचा जहां परिजनों और रिश्तेदारों के अलावा मोहल्ले के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। हमीरपुर जनपद में शादी के बाद दुल्हन की विदाई चर्चा का विषय बनी हुई है । जहां दूल्हे ने शादी के मंडप में सात फ़ेरे लेने के बाद दुल्हन को बैलगाड़ी से विदा कराकर घर ले गया। अनोखी विदाई को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई है। आज की 21वीं सदी में जहां लोग एक से बढ़कर एक लग्जरी कारों और हेलीकॉप्टर से विदा कराने को अपना फैशन समझते हैं। तो वहीं सोमवार को हमीरपुर जनपद के राठ कस्बा निवासी राजीव द्विवेदी के पुत्र विवेक द्विवेदी मंडप में सात फ़ेरे लेने के बाद अपनी दुल्हन को बैलगाड़ी से विदा करा अपने घर ले गया है। बैलगाड़ी से नई नवेली दुल्हन की विदाई कस्बा वासियों में चर्चा का विषय बनी हुई है। दूल्हा राजा द्विवेदी ने बताया कि आज के समय में लोग नए-नए तरह के प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन वह अपने पूर्वजों की पुरानी परंपराओं का पुनः निर्वहन कर रहे हैं। बता दें कि राठ कस्बे के रहने वाले राजीव द्विवेदी पचपन बीघे जमीन के काश्तकार हैं। ये आज भी खेती किसानी करते है। इनके बेटे विवेक द्विवेदी की शादी महोबा जिले के सूपा गांव में राकेश शुक्ला की पुत्री रोहिणी के साथ रिश्ता तय हुआ था। रोहिणी चरखारी में बीटीसी कर रही है वहीं दूल्हा विवेक इलेक्ट्रिक स्कूटर की एजेंसी लिए है। इनके भाई का एक विद्यालय भी चलता है। ये परिवार काफी संपन्न है।

## जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांगी झोलाछापों की रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कुलदीप सिंह को झोलाछापों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनपद में झोलाछापों पर कार्रवाई के बाद नए नाम से अस्पताल खोलने के मामले सामने आ रहे हैं। मुरादाबाद जनपद में पिछले छह माह में 50 से ज्यादा झोलाछाप अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर 2024 में कई झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके अस्पताल सील किए थे। तीन माह में ही विभाग की मिलीभगत से झोलाछाप फिर सक्रिय हो गए। नाम बदलकर उन्हीं स्थानों पर अस्पताल खोल लिए गए। एक बार कार्रवाई के बाद विभाग भी आंखें मूंदकर बैठ गया। स्वास्थ्य विभाग ने सील किए अस्पतालों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भी कोई ठोस कार्रवाई किए बगैर कई मामलों में एफआर लगा दी। जिलाधिकारी के पास इस मामले कई शिकायतें आईं है। जिसके बाद डीएम अनुज सिंह ने आज सीएमओ से जांच आख्या मांगी। जिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द कार्रवाई किए गए अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराएं।

## हत्यारोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में बीते दिनों एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। जिसमें शराब के नशे में धुत तीन सगे भाइयों ने उधारी को लेकर हुए विवाद में 16 वर्षीय किशोर की पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीनों ने मिलकर पत्थर से किया था हमला घटना 31 जनवरी की है, जब शेखपुरा गुढा निवासी जयपाल के 16 वर्षीय पुत्र बृजभान अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव का रहने वाला उमाकांत नशे की हालत में दुकान पर आया और उधार में सामान लेने लगा। बृजभान द्वारा मना करने पर उमाकांत ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बृजभान ने विरोध किया, तो उमाकांत के भाई देशराज और राकेश निषाद (पिता मोहर सिंह) भी वहां पहुंच गए। तीनों ने मिलकर बृजभान पर पत्थरों से हमला कर दिया।


# भव्य कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) पर अनवरत पंद्रहवें वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। हेतिमपुर स्थित छोटी गंडक नदी से आये अभिमंत्रित जल को मठ से पूजन के बाद कलश में भरकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ मठ से नगर में निकले। कलश यात्रा नगर के देवरिया रोड, कुशीनगर रोड, पडरौना रोड, रामकोला रोड, सपहां रोड होते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर वापस मठ पहुँची। इस दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा व जलपान कराकर स्वागत किया। पूरी यात्रा में जय श्री राम का नारा गूँजता रहा। महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुए श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत अब 4 फरवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से आये प्रख्यात कथा वाचक अंकुश महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा, अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा रात्रि में श्रीरामलीला का मंचन व यज्ञाचार्य रामजी पांडेय की देख रेख में श्रीराम महायज्ञ सम्पन्न होगा। अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा दस दिनों तक अखंड सीता राम नाम संकीर्तन भी चलता रहेगा। 12 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नगर पालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल, मीनू पाठक, परशुराम दास, विष्णु शरण, कृष्ण कुमार, अमिय कुमार, ओम प्रकाश जायसवाल, राजेश मद्देशिया, सुरेश प्रसाद गुप्ता, आद्या पांडेय, सुमित जायसवाल, दिनेश तिवारी, विजय कुमार, राधे यादव, सचिन पाठक, शिवम राय, निशांत सिंह, मणि प्रकाश यादव, विनोद गिरी, अवधेश मिश्र, राज गुप्ता, आदित्य गौड़, पीयूष उपाध्याय, अरुण रावत, अनमोल तिवरी, रंजीत मोहापात्रम, अभिषेक यादव, प्रिंस कुशवाहा, मुकेश दुबे, धनंजय तिवारी, प्रियंका तिवारी, रिद्धिमा, दीपू तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, काशीनाथ सिंह, सीता राम, भीमबली सिंह, विनय राय, चंद्रप्रभा पांडेय, गीता देवी, वंदना पांडेय, बेबी देवी, रीना शर्मा, साक्षी तिवारी, राघवेंद्र नाथ त्रिपाठी, संजय पांडेय, धनंजय यादव, संजय मिश्र, आदित्य मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, अमरचंद हिंदुस्तानी, शैलेष मिश्र, गंगोत्री देवी, सीता देवी, मंटू मद्देशिया, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनू यादव, मिथलेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



# विधिवत पूजन अर्चन के साथ हुआ, ग्रापए तहसील कार्यालय का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ /कुशीनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तमकुहीराज के तहसील कार्यालय का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन के साथ हुआ। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे द्वारा तहसील मुख्यालय पर संगठन का कार्यालय खोले जाने से संगठन से सम्बंधित पत्रकारों में काफी हर्ष व्याप्त है। सभी ने एक स्वर से इस नयी परम्परा का स्वागत किया है। सोमवार को तहसील मार्ग स्थित भवन में पूजनोत्सव के साथ तहसील कार्यालय का शुभारंभ हुआ। उमेश चंद्र त्रिपाठी ने विधिवत पूजन अर्चन कार्य सम्मन्न कराया। तहसील कार्यालय के शुभारम्भ होने पर पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। ग्रापए मंडलीय मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय का शुभारंभ होने से पत्रकार साथियों को काफी सहूलियत मिलेगी। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा करने के लिए ग्रापए सदैव तत्पर रहेगा। पत्रकारिता से सम्बंधित किसी भी तरह की समस्या आने पर तहसील कार्यालय पर जरूर सम्पर्क करें। इस अवसर पर ग्रापए के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय, जिला प्रभारी अनिल पांडेय, तहसील महामंत्री अंजनी सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदंबा राय, उपाध्यक्ष शैलेष बंटी, मिडिया प्रभारी अमित पांडेय, संजीव राय,अजय शर्मा, अनिल चौरसिया, सुरेन्द्र राय, पंकज मिश्रा,मुकुल मिश्रा, आदि रहे।

# दो वर्षों से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हो रहा आयोजन, चिकित्सक हुए सम्मानित

- होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया के तत्वावधान में होता है आयोजन
- पडरौना के गायत्री मंदिर परिसर में दूर दूर से आते हैं लोग
- मरीजों का परीक्षण कर वितरित होती हैं नि:शुल्क दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना/कुशीनगर। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया के सौजन्य से गत दो वर्षों से प्रत्येक रविवार को पडरौना के गायत्री मंदिर में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। उस उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए चिकित्सकों की टीम का सम्मान किया गया। रविवार को वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. सुभाष यादव, डा. रेहान अहमद, डा. वसीम अंसारी व डा. बलिराम यादव की टीम ने उक्त मंदिर में प्रातः दस बजे से मरीजों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उपलब्ध दवाएं वितरित की। इसके पश्चात समाजसेवी कृष्ण कुमार जायसवाल ने डा. सुभाष यादव, डा. बलिराम यादव, फार्मासिस्ट सुमंत कुमार, लैब टेक्नीशियन हेमंत यादव व अजय कुमार को अंगवस्त्र भेट देकर सम्मानित किया। सम्मान से अभिभूत होम्योपैथिक चिकित्सकों, फार्मासिस्ट व लैब टेक्नीशियन्स की टीम ने सेवार्थ उक्त चिकित्सा शिविर का निरंतर आयोजन करते रहने का वायदा किया।





## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड, लखनऊ

पताः–ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ.।

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक–2037/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं01/अनु0सहायक/2024–25/दिनांकः.29.01.2025

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निधि | रैथा मजरा बेसनबाग में प्राइमरी स्कूल से छोटे लाल वर्मा के मन्दिर के आगे तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.04 | 0.45 | 2720.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | विधायक निधि | कमला बाग भिठौली में शैलेश मिश्रा के प्लाट से छठ पूजा स्थल के आगे तक सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य। | 24.95 | 0.50 | 2720.00 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः–07.02.2025
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय 27.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 27.02.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–लखनऊ।
मो0 9455771557

www.upgov.nic.in, Upid-227989 Date-03/02/2025

# केंद्रीय मंत्री बोले दिल्ली और मिल्कीपुर में जीतेगी बीजेपी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्रीय विदेश एवं पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने गोंडा में क्षेत्रीय जनता से मुलाकात के दौरान आगामी चुनावों को लेकर बड़ा बयान दिया।उ न्होंने दावा किया कि अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। साथ ही पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा सरकार बनाएगी।मंत्री ने आम आद मी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी का काला चिट्ठा अब दिल्ली की जनता और पूरे देश के सामने आ चुका है।उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग मुख्यमंत्री बनने पर सरकारी आवास न लेने की बात करते थे,उन्होंने 6-6 प्लॉट पर कब्जा करके आलीशान महल बना लिया है।प्रशंसा करते हुए कहा कि आज देश की जनता समझ चुकी है कि कौन देश को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है और कौन देश के खजाने को लूटने में लगा है।उन्हों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान का निर्देश दिया।

# चौक बाजार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शहर के मोहल्ला छावनी में स्थित थोक कपड़ा अतिथि भवन के सभागार में चौक बाजार एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह वरिष्ठ व्यापारी एवं उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरी शंकर भानीरामका ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं व उत्पीड़न का निदान करना है, इसमें सफलता तभी मिलेगी जब व्यापारियों में एकता व आपसी तालमेल होता है। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक सोनी उर्फ दाऊजी ने कहा कि संगठन व्यापारियों की ताकत होता है जो व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करता है इसलिए व्यापारियों में आपसी एकता व एकजुट आवश्यक है। व्यापारियों के हितों के रक्षक माने जाने वाले कमल शेखर गुप्ता ने कहा कि सरकार किसी की भी हो हमें व्यापारियों को राहत दिलाने एवं उनका उत्पीड़न रोकने के लिए संघर्ष करना होगा?उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्तमान समय में व्यापारी बहुत कठिनाइयों के दौर से गुजर रहा है।इससे पूर्व चौक बाजार एसोसिएशन रजिस्टर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारी को व्यापारियों के हित में काम करने की शपथ ग्रहण कराई गई तथा उन्हें प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।इसके साथ ही सभी अतिथियों व पत्रकारों को भी सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शफात अली ने किया,जबकि अंत में संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष शाहिद अली ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।




इस कार्यक्रम में आशीष कंछल, डॉ0 एस सी निगम, अवधेश नारायण अग्रवाल, अब्दुल हमीद शाह, मोहम्मद सलीम रोमी, अल्ताफ अहमद, मकीन मेकरानी, मुख्तार आलम एडवोकेट, राशिद नईम, चंद्रशेखर सोनी,अब्दुल शाहिद, अंकित जैन, विक्की, प्रकाश मल्होत्रा, रत्नाकर सिंह,दानिश हाशमी, सौरभ गांधी, गुरदेव सिंह नागर, सुमित खन्ना, मोबीन अहमद, संतोष अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, अद्वैत गुप्ता, शाहनवाज खान व दानिश मुमताज आदि मौजूद रहे ।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से युवक की हुई मौत, परिजनो का रो-रो क़र बुरा हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीस वर्षीय युवक की मौत हो गई।मृतक की पह चान शुगर मिल कालोनी निवासी रितेश उर्फ चंदन पांडेय के रूप में हुई है।घटना रात के समय की है जब रितेश रात को खाना खाने के बाद नवाबगंज-मनकापुर मार्ग पर टहल रहा था।तभी एक मनकापुर की तरफ से आ रही तेज र फ्तार काली स्कार्पियो ने रितेश को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया।परिजनो ने घायल रितेश को तुरंत कस्बे के एक नि जी अस्पताल ले गए,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं।

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव,

मृतक के बड़े भाई अभिषेक लुधियाना में नौकरी करते हैं, बहन अंजली अयोध्या



में स्नातक की पढ़ाई कर रही है औ र सबसे छोटा भाई अनमोल भी पढ़ाई में व्यस्त है।रितेश ट्रैक्टर निर्माण का काम करता था।चौदह साल पहले रिते श के पिता की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।वही प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मृतक की मां सुनीता देवी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

# अंजुमन गुलज़ार-ए-अदब की महफिल में शायरों ने पढ़े कलाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सफीर नानपारवी के मकान पर अंजुमन गुलज़ार-ए-अदब की ओर से कैफ़ नानपारवी की सदारत में एक शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया जिसकी निज़ामत शायर शहीद नानपारवी ने की। मिसरा तरह था,,जलता हुआ चराग़ बुझाया न जायेगा,, साहित्यकार व शायर रोशन ज़मीर ने पढ़ा रौशन है शब में जिनके लिए ऐ चराग़-ए-इश्क़ बुझने पे शब में उनसे जलाया न जायेगा शहीद नानपारवी ने पढ़ा जी लेंगे उनके ग़म को गले से लगा के हम इल्ज़ाम कोई उनके लगाया न जायेगा। शम्स नानपारवी ने पढ़ा पूरी न हो सकेगी कोई अपनी आरज़ू, जब तक दर-ए-हबीब पे जाया न जायेगा। कैफ़ नानपारवी ने पढ़ा ये सर झुकेगा मेरा तो रब के दयार में, गैरों के आगे सर ये झुकाया न जायेगा । सफीर नानपारवी ने पढ़ा थोड़ी सी फ़िक्र दे दी क्या शशदर से हो गये, कहते हैं बोझ हमसे उठाया न जायेगा। अबरार नानपारवी ने पढ़ा कुछ भी न जायेगा वहां आमाल के सिवा, यां तक कि हमसफ़र मिरा साया न जायेगा इनके अलावा शकील (मकी ) ने अपने कलाम से महफ़िल में समां बांधा। इस मौके पर लल्लन अंसारी, सलीमखान, हलीम अंसारी, इरफान, सनी खान, मुन्नू मिर्ज़ा आदि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री योगी 12 फरवरी को बागपत आएंगे

**बागपत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बागपत में 12 फरवरी को आने की तैयारी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री यहां चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। जिलाधिकारी ने सोमवार को तैयारियों का जायजा लिया है। छपरौली चौधरी परिवार की राजनीति का गढ़ कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह से लेकर उनके पुत्र चौधरी अजित सिंह ने यहां से अपनी राजनीतिक सफर को जारी रखा। यही कारण है कि यहां के लोग उनको बहुत प्यार करते हैं। उनकी याद में छपरौली में चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसका अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदियनाथ 12 फरवरी को करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने सोमवार को विद्या मंदिर इंटर कॉलेज छपरौली कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया। तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । देहात कोतवाली पुलिस ने कटहाघाट पुल के पास रात्रि गस्त,वाहन चेकिंग के दौरान चेकिंग के दौरान कटहा घाट पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी के एक बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है देहात कोत वाली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि कटहा घाट पुल के पास रात्रि गस्त और वाहन चेकिंग कि जा इसी क्रम में चोरी की एक बाइक के साथ दो लोग सवार हो कर गुजर रहे थे।वाहन जांच के दौरान उन्हें रोककर जब उनकी तलाशी ली गई तो तलासी व पुछताछ के क्रम में उनसे पुलिस के द्वारा बाइक की कागजात की मांग की गयी जिसे बाइक सवार के द्वारा पुलिस को नहीं दिखाया गया तो



पुलिस ने दोनों चोर को बाइक के साथ गिरफ्तार क़र लिया हैं वही पुलिस के द्वारा नाम पता पूछने पर वे अपना नाम अमित यादव पुत्र हरिशंकर यादव निवासी चांदपुर सोतिया थाना कोतवाली देहात,फरहाद खां पुत्र मो.शरीफ निवासी कटहरिया मोहल्ला सुभाष नगर नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा बताया हैं।अभि युक्त के विरूद्ध बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर देहा त कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# बेलसंर सीएचसी के नाक के नीचे अवैध नर्सिंग होम व पैथोलॉजी संचालित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। बेलसर सीएचसी के नाक के नीचे एक बहुचर्चित नर्सिंग होम व पैथालॉजी संचालित है।जहां भ्रूण परीक्षण, गर्भापात जैसे कृत का खेल चल रहा है ? इससे संचालन में सीएचसी व जिले के उच्च स्वास्थ्य अधिकारियों की मिली भगत से इंकार नही किया जा सकता है।जिसके फलस्वरूप इनपर जांच एवं कार्रवाई क्यो नही होती।यह आम जनमानस के जेहन में कूंद रही है।बताते है ग्रामीण इलाकों से इन दिनों प्रतिदिन मरीज अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर व नर्सिंग होम के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम वसूली जाती है।जांच में पैसे गवा देने के बाद रोगियों व तीमारदारों के पास दवाइयां खरीदने के लिए उनके पास पैसे तक नहीं बचते हैं।अस्पताल में इसको लेकर कई बार हंगामा भी हुआ लेकिन डॉक्टर कार्रवाई के बदले मरीजों को शांत करा देते हैं।मरीजों को जांच के बाद अस्पताल में सभी को एक ही दवाइयां दी जाती हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है।इस अवैध कारो बार में समाज के नामी-गिरामी लोगों के साथ पैथालॉजी में आशा भी शामिल हैं।इनके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करने से कतराती है।परसपुर में मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के रहमो-करम पर निर्भर है। वहीं तो दूसरी तरफ झोलाछाप की वजह से मरीजों की जान सांसत में है।एक तरफ जहां बेलसंर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल-बेहाल है।वही बेलसर सीएचसी के नाक के नीचे अवै ध क्लीनिक व अवैध पैथोलॉजी व अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं।अल्ट्रासाउंड एक्स-रे का टेक्नीशि यन नहीं है।नर्सिंग होम पर इलाज तो सुशैन वैध के संजी वनी बूटी की तरह किया जा रहा है।जबकि संचालक के पास कोई डिग्री तक नहीं है।बेलसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्राइवेट पैथोलॉजी सेंटर में जांच के लिए भेजते हैं न केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और अल्ट्रा साउंड तक के मामले में भी बेलसर क्षेत्र में फर्जीवाड़े का खेल चल रहा है। सूत्रों की मानें तो अधिकतर पैथोलॉजी इंटर,बीए पास या अनपढ़ द्वारा संचालन किया जा रहा है। जो वर्षों बाद डीएमएलटी में डिप्लोमा कर लेते हैं।जबकि इतनी योग्यता रखने वाला व्यक्ति का पैथालैब में सिर्फ सहयोगी का ही काम कर सकता है।

# जितना खर्च करोगे उतना बढ़ेगा ज्ञान, अगर मां सरस्वती का कर लो ध्यान : सीमा परोहा

एजेंसी

कानपुर। विद्यार्थी की आराधना ही मां शारदा की साधना से सफल होती है। कठोर परिश्रम करके मां शारदा का आशीष प्राप्त करें। ज्ञान की ही सर्वत्र पूजा होती है। ज्ञान ऐसी वस्तु है, जिसको न कोई चुरा सकता है, न छीन सकता है और जिसका बंटवारा भी सम्भव नहीं है। ज्ञान का भंडार ऐसा है कि जितना खर्च करेंगे उतना ही बढ़ेगा। इसलिये आप लोग ज्ञान का संचय करें और चीजें इसके पीछे-पीछे आपके पास स्वयं चली आयेंगी। यह बातें सोमवार को एनएसआई की निदेशक सीमा परोहा ने कही। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में बसंत पंचमी के अवसर पर संस्थान में स्थित मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का विधि-विधान से मंत्रोच्चार के बीच पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान में राजकीय स्थित बालिका इंटर कालेज से भ्रमण के लिये आई लगभग सौ छात्राओं और उनके साथ चौदह शिक्षिकाओं का स्वागत करते हुये संस्थान की निदेशक प्रो. सीमा परोहा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग विद्या के मंदिर से



आये हैं। भारत सदा से ही ज्ञान की भूमि रहा है। यहीं पर सर्वप्रथम वेद-वेदांगों और उपनिषदों की रचना हुई है। यह हर्ष और संयोग का विषय है कि यहां भ्रमण के साथ आप सभी को मां शारदा के पूजन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। विद्यार्थी जीवन में सभी बच्चे कौए की तरह प्रयास, बगुले की तरह ध्यान और कुत्ते की तरह नींद की प्रेरणा इन पशु-पक्षियों से लें। जीवन में हर किसी से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। विश्व में अच्छी और बुरी दोनों चीजें विद्यमान हैं। आपका स्वभाव सूप की तरह होना चाहिये। कार्यक्रम में संजय चौहान, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विनय कुमार, अनूप कुमार कनौजिया, वीरेन्द्र कुमार, मिहिर मंडल, डॉ. अनंत लक्ष्मी रंगराजन, अखिलेश कुमार पांडेय, आशीष कुमार शुक्ला, एके अवस्थी, विवेक प्रताप सिंह, डॉ. लोकेश बाबर, बृजेश कुमार साहू, बृजेश सिंह, सुनीत कपूर, योगेश वास्तव आदि उपस्थित रहे।

## खाकी को मिला प्रमोशन,उप निरीक्षक बने निरीक्षक, एसपी ने स्टार लगा कर दी बधाई

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना परस पुर में तैनात वरिष्ठ उप-निरीक्षक सभाजीत सिंह को निरी क्षक के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई।पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने नई जिम्मेदारीयों को भलिभाँति सम झे तथा प्राथमिकाता के आधार पर जनता की जनसमस्या ओं को सुने व उनके समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्ता पूर्ण शत-प्रतिशत निस्तारण कराए।इस मौके पर अपर पु लिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## वेटलैंड पर बच्चों के साथ बर्ड वाचिंग कार्यक्रम आयोजित

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व आद्र भूमि दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी पीयूष गुप्ता ने नानपारा रेंज अंतर्गत ' चमड़िया ताल ' वेटलैंड पर बच्चों के साथ बर्ड वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों को विशेष जानकारी देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि वेटलैंड का महत्व क्या है इसे समझना होगा वेटलैंड में अन्य प्राणी भी हैं कीड़े मकोड़े हैं और इन्हीं पर चिड़िया आश्रित हैं और चिड़ियों के कारण ज़ोन क्लियर होता है । उन्होंने बच्चों के साथ ही आम जनमानस से अपील की है कि सभी मिलकर तालाबों का संरक्षण करें वन संरक्षण करें अपने माता-पिता के नाम से वृक्षारोपण करें वन है तो कल है - जल है तो कल है। इस मौके पर क्षेत्रीय वन रेंज के अमित वर्मा व अन्य कर्मचारि मौजूद रहे।

## बसन्त पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, जुटे छात्र : छात्राएं

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केडीएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल, बेड़नापुर में बसंत पंचमी त्योहार के उपलक्ष्य में विद्या व ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा व अर्चना की गयी।तत्पश्चात जेएनएम के छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में सरस्वती वंदना,गीत,संगीत से समा बांधा गया।शानदार प्रस्तुतियो ने सभी को कार्यक्रम के अंत तक रोके रखा।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव ने किया।धन्यवाद ज्ञापन फार्मेसी के प्राचार्य कमल कुमार पाठक द्वारा किया गया।।कार्यक्रम में अनुज कुमार, शिवा जी अवस्थी श्रद्धा शुक्ला, मानस पाण्डेय,रामेंद्र मणि,अभिनव प्रताप सिंह,संजीव मिश्रा,अरुण सोनी,श्याम जी त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा लाइन हाजिर

**हमीरपुर।** सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसमें एक दरोगा दो लोगों से कुछ लेकर जेब में रखते हुए दिखाई दे रहा है जिसपर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी है और वीडियो को पुराना बताया है। सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है जिसमें एक दरोगा दो लोगों से रुपये जैसा कुछ लेकर जेब में रखता दिखाई दे रहा था। वीडियो वायरल करने वालों का दावा है कि वीडियो मौदहा कोतवाली का है और रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे उपनिरीक्षक मौदहा कोतवाली में तैनात राजेश सिंह हैं। हालांकि हम वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करते हैं। लेकिन वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने तत्काल प्रभाव से सम्बंधित उपनिरीक्षक राजेश सिंह को लाइन हाजिर कर मामले की जांच क्षेत्राधिकारी मौदहा को सौंपीं है। और वीडियो को पुराना बताते हुए हवाला दिया है कि उपनिरीक्षक वीडियो में जो वर्दी पहने हुए हैं वह गर्मियों की है। मौदहा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह ने सोमवार को शाम बताया कि ये वीडियो बहुत पुराना है। मामले की जांच के निर्देश हुए है। जांच के बाद ही वीडियो का सच सामने आएगा।

## मां सरस्वती की पूजा करने से बढ़ती है सोचने की क्षमता : जिलाधिकारी

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में सरस्वती पूजन एवं नवनिर्मित सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व प्राचार्य डॉ. संजय काला ने मां सरस्वती के मूर्ति का अनावरण किया। गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कालेज (जीएसवीएम) में सरस्वती पूजन के दौरान आचार्य कमलेश कुमार शुक्ल, आचार्य राम गोपाल मिश्र और आचार्य दुर्गेश तिवारी के साथ सभी श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और श्रद्धा के साथ देवी सरस्वती की आराधना की। इसके बाद नवनिर्मित सरस्वती मंदिर का अनावरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी है। इनकी पूजा करने से शिक्षा मिलने से साथ ही व्यक्ति के सोचने की क्षमता भी बढ़ती है। परिषर में मां सरस्वती की प्रतिमा होने से छात्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही कॉलेज परिसर के आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करेगा। कार्यक्रम का आयोजन पैरा क्यू-टू के विद्यार्थियों के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर सभी ने विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह कॉलेज परिवार की एकजुटता और समर्पण का भी परिचायक बना।

# मानकों को ताक पर रखकर आवासीय भवनों से मानक विहीन अस्पताल हो रहे अवैध रूप से संचालित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में रश्मि वर्मा की लापरवाही के चलते हैं जिले में तमाम अवैध नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं यह निजी अस्पताल व नर्सिंग होम छोटे-छोटे घरों में संचालित हैं।जबकि अस्पताल के संचालन वाले भवन के लिए इंडियन मेडिकल कौंसिल की ओर से एक मानक नि र्धारित किया गया है। अस्पताल में बने वार्ड, डॉक्टर रूम, ट्रीटमेंट रूम , ऑपरेशन रूम, डिलेवरी रूम,मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए बैठने के लिए पर्याप्त स्थान,कैंटीन व पार्किंग,पेयजल और शौचालय की पर्याप्त स्थान निर्धारित किया गया है।जिले में कुछ अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिक तर अस्पताल पहले से बने छोटे बड़े घरों में ही संचालित हैं।हालांकि जिले में जो अस्पताल भी बने हैं वह भी गाइड लाइन के मुताबिक नही बने हैं।उसमें भी कई तरह की खामियां हैं।किसी के यहां पर्याप्त चिकित्सक नही हैं।वही क्या है नर्सिंग होम एक्ट ऽ एक्ट में प्रावधान के तहत नर्सिंग होम में आने वालों को सुविधाएं और सेवा एं देनी होती है।विशेषज्ञ चिकित्सक के अलावा निपुण स्वा स्थ्य कर्मी की व्यवस्था होनी




चाहिए।लेखा-जोखा का भी हिसाब रखना होता है।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इसके विधिवत संचालन से लोगों को चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिलती हैं।लाइसेंसी नर्सिंग होम के संचालन से अवैध नर्सिंग होम पर नियंत्रण होता है।नियमों का उल्लं घन करने पर लाइसेंस रद्द करने का भी प्रावधान है।

### स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग से बचे हुए

जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचें हुए हैं।स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग के खेल चलते इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होती है।निजी अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए भर्ती कर लिया जाता है। भर्ती करने के बाद उन्हें जिस लायक इलाज की जरूरत है या फिर ऑपरेशन आदि किये जाना है तो ऐसे मरीजों को कुछ दिना मरीजों अस्पताल में रखा जाता है।इस दौरान दवाओं के साथ महंगा बेड चार्ज वसूल किया जाता है। कभी-कभी तो अस्पताल या फिर निजी अस्पतालों के बाहर वाले कान्ट्रैक्ट वाले डॉक्टरों के आने तक बिना किसी जरूरत के अस्पताल में लिटा कर रखा जाता है। फिर धीरे धीरे कर मरीज के तीमारदारों से मोटी रकम जमा करायी जाती है।बार बार तय रकम से अधिक की वसूली की जाती है इसी को लेकर कई। निजी अस्पताल में मारपीट की घटनाये हो चुकी है।

### मरीजो को कई चार्ज के नाम पर लूटा जाता

जिले के सभी पंजीकृत अस्पतालों में मरीजों को फीस, दवा अलग अलग कई तरह के चार्ज के नाम पर लूटा जा रहा है। जबकि इसके लिए भी मानक निर्धारित किया गया है।सभी अस्पतालों को अपने यहां दी जाने वाली सुविधा ओं इलाज व उस पर आने वाले खर्च आदि का रेट निर्धारित वाला बोर्ड लगाना चाहिए। इतना ही नही उसे समय समय पर मेन टेन भी करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।जैसा केस व मरीज उसे वैसे ही लूटा जा रहा है।धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सक व उनका निजी अस्पताल जिले में अब पूरी तरह दुकान की शक्ल लेता जा रहाहै।मरीजों से मोटी फीस के बाद भी मरीजों को मुकम्मल सुविधा नहीं मिल पा रही है।जिले में संचा लित अधिकांश अस्पतालों में मानक के अनुरुप आधार भूत संरचना उपलब्ध नहीं है। मरीजों के लिए बैठने से लेकर उनके उपचार को लेकर अस्पतालों में संवेदन शीलता नहीं दिखती है। गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को भी अस्पतालों में लगी कुर्सी पर बैठकर ही घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। यह पीड़ा गंभीर मरीज व उनके परिजनों के लिए असहनीय होती है।

### मरीज के परिजनों का होता है शोषण

मरीजों के उपचार की आस में बैठे मरीज व उनके परिजन इसका विरोध नहीं कर पाते।शहर में आज की तिथि में ऐ से लगभग साठ से सत्तर निजी क्लिनिक गरीबों की जेब कतरने की मशीन बने हैं।राजनीतिक दल के लोग भी इस अहम मसले को मुद्दा नहीं बनाते जबकि यह जिले की एक बड़ी व गंभीर समस्या है जो सीधे तौर पर हजारों आम आदमी की जिंदगी से जुड़ा सवाल है।अस्पताल के लिए जरुरी आधारभूत संरचना विरले अस्पतालों में ही दिखती है।अधिकांश अस्पतालों में दिव्यांग व गंभीर मरीजों के लिए ढ़लाईनुमा सीढ़ी तक की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मरीज के परिजन उन्हें गोद में उठाकर भर्ती कक्ष तक ले जाते हैं।यह स्थिति स्त्री एवं प्रसूती अस्पताल से लेकर गंभीर मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों की भी है।मरीजों के लिए मुकम्मल पेयजल व शौचालय की भी व्यवस्था अस्पतालों में नहीं रहने के कारण मरीज और उनके परिजन परेशान होते हैं।

### नर्सिंग होम के लिए सुरक्षा के मानक

नर्सिंग होम में एक्सटिंगयूशर हो,फायर फर्स्ट एड होज रील हो,वेट राइजर का होना जरूरी ऑटोमैटिक स्प्रिंगकलर सिस्टम,ऑटोमैटिक डिटेक्टर एन्ड फायर फायर अलार्म सिस्टम,मैनुअली आपरेड फायर अलार्म सिस्टम,दस लीटर पानी का टेरिस टैंक,75 हजार ली.पानी का अंडर ग्राउंड वाटर टैंक,फायर पम्प होना जरूरी1620 एलपीएम(लीटर पर मिनट का इलेक्ट्रिक फायर पंप,1620 एलपीएम का डीजल पंप180 एलपीएम का जाकी पंपकम से कम 12 मीटर चौड़ी सड़क पर हॉस्पिटल हो हॉस्पिटल का जीना कम से कम दो मीटर चौड़ा हो एवं दो जीने भी जो एक अंदर एव बाहर की ओर हो,गलियारा कम से कम 2.40 मीटर का हो,नर्सिंग होम में कम से कम दो निकास मार्ग होना जरूरी जिसमे एक मेन गेट और एक इमरजेंसी गेट हो।

# केंद्रीय राज्यमंत्री नगर में स्थित ओपन जिम का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा निर्मित ओपन जिम का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार व सांसद 26 लोकसभा पीलीभीत जितिन प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में रहते हुए किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी पीलीभीत व शाहजहांपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव प्रताप सिंह,अधिशासी अधिकारी अजीत प्रताप सिंह व मैलानी चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी रहे।सर्वप्रथम केंद्रीय राज्य मंत्री ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया साथ ही पाषाण पटल का लोकार्पण भी किया। जिम में लगी मशीनों का अवलोकन करते हुए उन्होने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए और फिट रहना चाहिए। सभी अतिथियों ने जिम में लगी मशीनों का उपयोग किया और चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के द्वारा जनहित में कराये गए इस कार्य की सराहना भी की।जितिन प्रसाद व अन्य अतिथि गणों ने मिलकर चाय के साथ सूक्ष्म जलपान भी लिया।नगर की जनता भी चेयरमैन द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते दिखी और अब तक जितने भी कार्य हुए हैं। सभी को सराहा।अभी चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के कार्यकाल के 2 वर्ष भी पूर्ण नही हुए हैं और उन्होंने पूरनपुर की तस्वीर बदलकर रख दी है। उनके चेयरमैन बनते ही पूरनपुर नगर की विकास की रफ़्तार जो पिछले कुछ वर्षों से थम सी गयी थी को अचानक से गति मिल गयी है। शैलेन्द्र गुप्ता ने अपने कार्यों की रफ़्तार से विकास की धारा बहा दी है।और सबको अपनी तेजी से आश्चर्यचकित करके रख दिया है। चौराहों का सौंदर्यीकरण हो, रोड निर्माण या प्रकाश के लिए डेकोरेटिव पोल लगवाने का कार्य, सभी क्षेत्र में उनका कार्य दिख रहा है। आने वाले समय में जल के जगह जगह कूलर टंकी व मुक्तिधाम जल्द ही जनता के हितों को देखते हुए जनता को मिलेगा। उनकी आगे की भी 3 वर्ष में होने वाले कार्यों की कार्य-योजनाएं तैयार हैं और उन्होंने ये सुनिश्चित कर दिया है कि विकास का पहिया रुकने वाला नही है। चेयरमैन ने कहा कि अभी आगे क़ई कार्य ऐसे होने वाले हैं जिनकी लोगों ने कल्पना भी नही की होगी उन्होंने जनता से मिल रहे प्यार, सम्मान और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में रामबहादुर गुप्ता,राजेंद्र आर्या,नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान,महेश आज़ाद, अवर अभियंता नरेंद्र कुमार,डॉ. दिनेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, सम्मानित सभासद गण, नगर पालिका स्टॉफ व अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे हैं।

# महिला शिक्षकों के उत्थान के लिए हुआ ब्लॉक बिलसंडा ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीसलपुर की शिक्षिका संध्या गंगवार के आवास पर आयोजित की गई मीटिंग में लिया गया ब्लॉक बिलसंडा ब्लॉक की कार्यकारिणी गठन का निर्णय



पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में बीसलपुर में एक बैठक संध्या गंगवार के घर पर आयोजित की गई।जिसमें ब्लॉक बिलसंडा की कार्यकारिणी घोषित की गई। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष नीरंजना शर्मा द्वारा संध्या गंगवार को ब्लॉक अध्यक्ष,जिला महामंत्री रजनी जौहरी द्वारा रश्मि यादव को ब्लॉक महामंत्री और जिला कोषाध्यक्ष वर्षा सक्सेना द्वारा श्वेता गुप्ता को ब्लॉक कोषाध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनम सहगल द्वारा रीति रानी को ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष और ममता गंगवार द्वारा मीरा देवी गंगवार को माला पहनाकर संगठन मंत्री घोषित किया गया।इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जसोदा देवी,मंत्री अमिता जायसवाल,संयुक्त मंत्री प्रियंका गुप्ता,प्रचार मंत्री त्रिवेणी गंगवार,वित्त सहायक कीर्ति गंगवार और आय-व्यय निरीक्षक मंत्री कीर्ति सक्सेना के नाम पर सहमति बनी। यह कार्यकारिणी महिला शिक्षक संघ की गतिविधियों को सशक्त बनाने में तथा महिला शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने में अपना योगदान देगी कार्यक्रम के अंत में महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

## तराई क्षेत्र के लोगों को ब्लॉक प्रमुख ने दी कई कार्यों की सौगात

## इंटरलॉकिंग,खड़ंजा,नाला सहित कई कार्यो का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने क्षेत्र पंचायत के विभिन्न कार्यों का उद्घाटन कर जनता को सौगात दी है। विकासखंड की ग्राम पंचायत रमनगरा, नौजलिया नकटहा,गाभिया सहराय,मटिया लालपुर,बंदर बोझ ,महाराजपुर, धुरिया पलिया, मझरा सहित दर्जनों गांवों में इंटरलॉकिंग,खड़ंजा, नाला सहित विभिन्न अन्य कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यों का शुभारंभ किया है। क्षेत्र पंचायत कार्यों के उद्घाटन समारोह में मुकेश रूप से मुख्य रूप से नरेश पाल सिंह चौहान जिला अध्यक्ष प्रधान संघ, अगमवीर सिंह ग्राम प्रधान,अजय वैध, अर्जुन मंडल,गुरुदयाल, पुनीत कुमार, रामजीवन सरकार,अधिवक्ता गौरव पांडे, मनजीत सिंह ,सरवन सिंह,सुभाष,किशोर क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह सहित सैकड़ों महिला और पुरुष उपस्थित रहे हैं।

# मां सरस्वती की आराधना से दूर होता है अज्ञानता का अंधकार : सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बसंत पंचमी पर तिलोई की ब्लाक प्रमुख ने परिजनों के साथ किया हवन पूजन**

तिलोई अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र में सोमवार को बसंत पंचमी का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। तिलोई की ब्लाक प्रमुख ने मां सरस्वती की आराधना करते हुये वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया।महिलाओं द्वारा अपने घरों में भी सरस्वती पूजन करते हुये प्रसाद वितरित किया गया है।बसंत पंचमी के पावन पर्व पर तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह पत्नी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने परिजनों के साथ मां सरस्वती की पूजा करते हुये हवन किया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि कला,संगीत,शिल्प और ज्ञान विज्ञान की देवी मां सरस्वती व्यक्ति के जीवन से अज्ञानता का अंधकार दूर कर देती हैं इसके साथ ही उसके जीवन में नये उत्साह की प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि अगर इस दिन पढ़ाई में कमजोर बच्चा मां की आराधना कर ले तो सरस्वती जी की कृपा उस बच्चे पर बरस जाती है।बसंत पंचमी पर घरों में महिलाओं ने पीला वस्त्र धारणकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की पूजा करते हुये हवन किया और प्रसाद का भी वितरण किया गया है।इस मौके पर अखण्ड प्रताप सिंह, स्मिता सिंह,डॉ अर्जिता सिंह, दिग्विजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शुकुल बाजार में धड़ल्ले से जारी है हरे पेड़ों की अवैध कटान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों अवैध कटान अपने चरम सीमा पर है। इस कारण हरे-भरे पेड़ों से गुलजार यह क्षेत्र वीरान होता जा रहा है जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ जानकारी न होने की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे है।क्षेत्र में इन दिनों प्रतिबंधित पेड़ो की अवैध कटान हो रही है। इस कटान के चलते हरा भरा क्षेत्र अधिकारियों कर्मचारियों व लकड़कट्टों की संधि से वीरान होता जा रहा है। इतना ही नहीं क्षेत्र मे विडंबना यह है कि बन विभाग के अधिकारी पैसे के लालच में हरे भरे पेड़ों का परमिट जारी कर ठेकेदारों के अवैध कटान में सहयोग कर रहे है। सूत्रों की मानें तो पांच पेड़ो के परमिट पर बीस पेड़ों को काट लेते है जानकारी मे वन विभाग सिर्फ परमिट होना कहकर जांच नहीं करता है। इसके अलावा जिले का बॉर्डर नजदीक होने के कारण पुल से नाव के सहारे दूसरे जिले तक शीसम सागौन की लकड़ी भेजी जाती है। अभी हाल में विना परमिट के बुबूपुर में बाग काट ली गयी। परमिट न होने के कारण लकड़कट्टों द्वारा पेड़ों की जड़े गायब करने में देर नहीं लगाते है इसके अलावा वन विभाग मामूली जुर्माना कर कर छोड़ दिया जाता है।नाम न छापने की शर्त पर एक ठेकेदार ने बताया कि हम लोगों को पेड़ काटने के लिए चाहे वह नंबर एक का हो या नंबर दो की लकड़ी हो सभी का पेड़ी के हिसाब और ट्राली निकासी तक का पैसा पुलिस के पास जमा करना पड़ता है!

**सरकार द्वारा हर वर्ष वृक्षारोपण में खर्च किए जाते हैं करोड़ों रुपया**

शुकुल बाजार अमेठी, प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष प्राकृतिक सौंदर्यता को बढ़ाने और पर्यावरण की व्यवस्था के लिए वन विभाग द्वारा ग्रामीण स्तरों पर हरे भरे पेड़ों का वृक्षारोपण हर वर्ष कराया जाता है लेकिन सरकार की मनसा का को फ़ेल करते उन्हें की कर्मचारी नजर आ रहे है! सरकार द्वारा साल में एक बार तो वृक्षारोपण कराया जाता है लेकिन वन विभाग और पुलिस कर्मियों की मदद से ठेकेदारो द्वारा रोजाना हरे पेड़ों कटान होता है इस पर सरकार की कोई रोक–टोक नहीं है सरकार के ही करिंदों द्वारा हरे पेड़ों की जमकर कटाई की जाती है धन कमाने के चक्कर में पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है!

# ब्लाक प्रमुख ने आंगनवाडी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में सोमवार को पोषण भी पढाई के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख अंकित पासी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि कार्यकत्री के कार्यो का उद्देश्य महान है वो एक स्वस्थ सुपोषित और शिक्षित नागरिक का निर्माण करके देश को समर्पित करती हैं। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाएं क्योंकि बचपन मे सीखी हुई बातें आजीवन याद रहती है।प्रशिक्षकों द्वारा शालापूर्ण शिक्षा को आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से और मजबूत करने के उद्देश्य से पहले दिन पोषण के बारे में जानकारी दी गई।सीडीपीओ धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने आईसीडीएस विभाग द्वारा दी जाने वाली छह सेवाओ के बारे में विस्तार से बताया। सीडीपीओ धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अंकित पासी को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रभारी एडीओ आईएसबी चंद्र भान सिंह,मुख्य सेविका कमलेश कुमारी, अजय पुष्पकर, रंजीत कुमार, मोहम्मद इलियास,सुरेश कुमार,कार्यकत्री विनीता शुक्ला, गायत्री सिंह,मंजू सिंह, रीता सिंह, राज कुमारी, पूनम तिवारी, मालती,मंजू तिवारी, रामदुलारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रही।

## जनपद मे 1.20 लाख किसानो से हो चुकी 168 लाख कुं गन्ना खरीद : डीसीओ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गन्ना भवन पीलीभीत में गन्ना क्रियान्वयन समिति सीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चीनी मिलों के गन्ना खरीद, चीनी उत्पादन चीनी परता,क्रय केन्द्रो का निरीक्षण एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई की चर्चा की गई। वर्तमान में सभी चीनी मिले गन्ना पेराई का कार्य कर रही हैं। अब तक 120642 किसानों से 168.79 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा सभी सचिवो को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट सहायक चीनी आयुक्त बरेली को प्रेषित करें। सभी गन्ना समितियों एवं चीनी मिलो पर एग्री क्लिनिक नियमित रूप से संचालित किए जाए। एग्री क्लिनिक पर कृषकों के बैठने की भी समुचित व्यवस्था की जाए।एग्री क्लिनिक के माध्यम से गन्ना कृषकों को कृषि निवेश की समुचित जानकारी दी जाए। एग्री क्लिनिक पर काम करने वाले कार्मिकों का एक प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाए। जिसमें गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण दिलाया जाए।बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु अब तक 1366062 कुंतल बीज का आरक्षण विभाग एवं चीनी मिल द्वारा कर लिया गया है तथा 1230000 कुंतल बीज का आरक्षण किसानों द्वारा स्वयं किया गया है। जिस भी किसान को गन्ना बीज की आवश्यकता है वह अपनी सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक से गन्ना बीज का आरक्षण कर लिया जाए। बीज बुवाई से पहले किसान भाई बीज भूमि उपचार हेतु दवाएं अपनी गन्ना विकास समिति से प्राप्त कर ले। जनपद की गन्ना विकास समिति पीलीभी में बीज भूमि उपचार एवं जैव उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यदि कोई किसान सहकारी गन्ना विकास समिति से जैव उर्वरक एवं बीज भूमि उपचार की दवाएं लेता है तो उसे डीबीटी के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।बैठक में दिग्विजय सिंह,अध्यक्ष गन्ना समिति, पीलीभीत,राजेश सिंह, बीसलपुर गन्ना समिति, मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर एवं पूरनपुर, प्रधान प्रबंधक गन्ना पीलीभीत चीनी मिल,सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं चीनी मिल गुलरिया,निगोही,फरीदपुर के प्रतिनिधि ने प्रतिभाग किया है।

## भीम आर्मी की जिला, ब्लाक, तहसील कार्यकारिणी गठित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में भीम आर्मी की जिला कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक प्रदेश संगठन सचिव व बरेली मंडल प्रभारी अजय गुर्जर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट,जिला अध्यक्ष सौरभ भारतीय के नेतृत्व में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भीम आर्मी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जिनमें मनीष कुमार जाटव जिला उपाध्यक्ष,राहुल सागर वाल्मीकि जिला महासचिव, विश्वजीत रावण जिला प्रवक्ता,रामपाल गौतम जिला प्रचारक,सत्यपाल गौतम जिला प्रचारक,रामदीन गौतम जिला प्रचारक,विजय कुमार गौतम तहसील अध्यक्ष पूरनपुर,महेंद्र पाल तहसील अध्यक्ष पीलीभीत सदर,हरीश कुमार गंगवार तहसील अध्यक्ष बीसलपुर,राजीव गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष बीसलपुर,आकाश कुमार गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, अमरिया, राम लखन राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष बिलसंडा,नरेश कुमार वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष पूरनपुर नियुक्त किए गए हैं।इस दौरान सैकड़ों नए साथियों ने भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया है।

## चित्रांश महासभा ने तहरी भोज का किया आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सोमवार को स्टेशन रोड पर आनंद क्रॉकरी के बराबर में आकाश सक्सेना एडवोकेट निक्कू भैया के आवास के बाहर तहरी वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने तहरी ग्रहण की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, संरक्षक विनय सक्सेना, कोषाध्यक्ष विपिन सक्सेना, रामजी नाथ सक्सेना, आकाश सक्सेना निक्कू, संजीव सक्सेना, सौरभ सक्सेना, आयुष सक्सेना, कंचन सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## 30 दिवसीय सिलाई का निशुल्क प्रशिक्षण 10 फरवरी से शुरू

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास भवन में स्थित बड़ौदा आरसेटी में 30 दिवसीय सिलाई का प्रशिक्षण 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। जिसमे कैंडिडेट्स को इतनी बारीकी से सिलाई सिखाई जाती है। कि वह परफ़ेक्ट टेलर बन सके। सिलाई के साथ कंप्यूटर भी सभी कैंडिडेट्स को सिखाया जायेगा ।

# गोमती मित्रों ने फिर सकुशल संपन्न कराया बसंत पंचमी स्नान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल ने एक बार पुनः अपनी जिम्मेदारियों का सकुशल निर्वहन करते हुए बसंत पंचमी के दिन प्रात 5:00 से ही सीता कुंड धाम पर मौजूद रहकर बसंत पंचमी स्नान पर्व के लिए धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था बनानी शुरू कर दी थी। धाम परिसर से लेकर तट तक वरिष्ठ पदाधिकारी संत कुमार प्रधान के नेतृत्व में गोमती मित्र सफाई व्यवस्था संभाले हुए थे तो मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी गोमती मित्रों के साथ तट पर मौजूद रहकर आने वाले बच्चों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मदद करने में लगे थे। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह पूरी व्यवस्था पर अपनी निगाह बनाए हुए थे, 9:00 तक अनुमानतः दो से ढाई हजार श्रद्धालु स्नान कर चुके थे और आने का क्रम लगातार बना हुआ था, अच्छी बिक्री की आस में कुछ दुकानदारों ने भी अपनी दुकान लगायी हुई थी। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी, मुन्ना सोनी, संत कुमार प्रधान, दिनकर सिंह, राम क्विंचल मौर्य, आलोक तिवारी, विपिन सोनी, दाऊजी, सुजीत कसौधन, विकास शर्मा, अर्जुन यादव आदि लगातार सेवा में लगे रहे।

## पीपरपुर में पांच सौ पांच लीटर शराब नष्ट कराई गई

अमेठी । थाना पीपरपुर के प्रांगण में उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष की निगरानी में पांच सौ पांच लीटर देशी कच्ची नाजायज शराब को नष्ट कराया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में माल विनष्टीकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, जिसके अन्तर्गत बरामद,मुकदमाती मालों,अवैध शराब का विनष्टीकरण कराया जा रहा है।इसी क्रम में शराब विनष्टीकरण के तहत न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या उन्नीस सुलतानपुर के आदेश के क्रम में सोमवार को उप जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र व थानाध्यक्ष राम राज कुशवाहा की उपस्थिति में थाना पीपरपुर में वर्ष 2023 के कुल चौंतीस अभियोगों से सम्बंधित पांच सौ पांच लीटर देशी,कच्ची,नाजायज शराब को नष्ट कराया गया।

# ट्रूडो की शिकस्त

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए'। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि ट्रूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में ट्रूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा। ऐसे में भारत उन देशों पर आने वाले समय में दबाव बना सकेगा, जो अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देते हैं। खासकर अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारों को इस पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस साल होने वाले आम चुनावों के बाद कनाडा में जो नई सरकार आएगी, उसके साथ भारत के बेहतर संबंध स्थापित हो पाएंगे। निश्चय ही नयी सरकार अतीत की गलतियों से सबक लेकर रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में गंभीर पहल करेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि ट्रूडो के शासनकाल में सबसे निचले स्तर तक पहुंचे भारत-कनाडाई रिश्तों में नई सरकार आने के बाद उम्मीदों के अनुरूप गर्मजोशी लौटेगी।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर पर नियंत्रण

**कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस की स्थापना 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन की गई थी। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। कैंसर ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है।**

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है। इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस की स्थापना 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन की गई थी। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। कैंसर ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोगों की समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मौत हो जाती है। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने की आशंका है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़े बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5% बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज़्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी हैं। आईसीएमआर के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फ़ेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रो.फ़ेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इ.फ़ेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं। कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वस्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# बजट में सबका ख्याल, लेकिन चुनौतियां बरकरार

## प्रेम शर्मा

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्य वर्ग को आयकर में बड़ी राहत दी है। मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता की बागडोर संभालने के समय ढाई लाख आय पर कोई टैक्स नहीं था। इस बार इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 बजट के जरिये हर वर्ग, खासतौर पर गरीब, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जो उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं, जो खासकर आम नागरिक, किसानों, युवाओं और छोटे व्यवसायों के लिए सकारात्मक बदलाव लाएंगे। वित्त मंत्री ने जिस तरह से सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचा और आर्थिक समावेशन पर जोर दिया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समग्र समृद्धि है। आयकर में सुधार, कृषि क्षेत्र में निवेश, और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नई दिशा दी है। इस बजट के जरिए भारत अपनी दीर्घकालिक विकास की यात्रा में और मजबूत कदम उठाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगाॉ 'विकसित भारतश के मिशन को आगे ले जाएगा और साथ ही विकासॉ निवेश और उपभोग को कई गुणा बढेगा। हालांकि विपक्ष द्वारा बजट को लेकर जो प्रतिक्रियाए आई है वह स्वाभाविक है। क्योकि विपक्ष अगर विरोध दर्ज नही करायेगा तो वह विपक्ष कैसा। बहरहाल वित्त मंत्री सभी को साधने वाले बजट से अर्थव्यवस्था को न केवल बल मिलना चाहिए, बल्कि वह कहीं तेज गति से बढ़नी चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आर्थिक सर्वे जहां यह कह रहा है कि आगामी वित्त वर्ष में आर्थिक विकास की दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, वहीं देश को विकसित बनाने के लिए कम से कम एक दशक तक आठ प्रतिशत विकास दर की आवश्यकता है। आखिर यह आवश्यकता कैसे पूरी होगी ? लोक लुभावन बजट के बाद भारत में कृषि, बेरोजगारी, कुपोषण, जल, महंगाई जैसी चुनौतियॉ अभी भी बरकरार है। जब तक हमारे उद्योग-धंधे वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम नहीं बनते। उन्हें इस प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उत्कृष्टता भी हासिल करनी होगी, क्योंकि वे तभी वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। बजट में यह प्रविधान किया गया है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को कहीं आसानी से ज्यादा कर्ज मिल सकेगा, लेकिन उनकी समस्या कर्ज नहीं, वह तकनीक है, जिसके अभाव में उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपना स्थान नहीं बना पा रहे हैं।सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों के सशक्त होने से केवल देश को आत्मनिर्भर बनाने में ही सहायता नहीं मिलेगी, बल्कि रोजगार के कठिन सवाल को हल करने में भी आसानी होगी। बजट में सामाजिक विकास की योजनाओं पर धन का आवंटन बढ़ाना समय की मांग थी, लेकिन अच्छा होता कि बजट यह संदेश देता कि जब लोग आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश भी आत्मनिर्भर होगा। टैक्स छूट से अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, लेकिन कितना, यह आने वाला समय बताएगा, क्योंकि टैक्स छूट से जनता के पास करीब एक लाख करोड़ रुपये ही आएगा। बजट में सरकार अपनी नीतियों के जरिये भविष्य की रणनीति भी सामने रखती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं लगा कि सरकार बजट के माध्यम से किसी बड़े बुनियादी बदलाव की ओर बढ़ रही है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम आदि क्षेत्र में केंद्र की नीतियों पर सही ढंग से अमल राज्यों के सक्रिय सहयोग से ही हो पाता है। इस मामले में डबल इंजन सरकारें अर्थात भाजपा शासित राज्य सरकारों को तो लाभ मिलता है, लेकिन कई बार गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्र की नीतियों को लागू करने में अड़चन आती है। यही नही बजट से पहले आए आर्थिक सर्वे की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। इस सर्वे में स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान, और उद्योगों को महंगी बिजली जिक्र हुआ था। यानि मुफ्त या सस्ती बिजली देने के कारण भी उद्योगों को दी जाने वाली बिजली महंगी हो रही है। अधिकांश राज्यों के बिजली बोर्ड घाटे में चल रहे हैं। बजट यह संकेत दे रहा है कि सरकार देश में जो आर्थिक सुस्ती दिख रही है, उसे दूर करने के लिए प्रयत्नशील है। वह इसमें सफल हो सकती है, क्योंकि आयकर में छूट देने के साथ उसने कुछ समय पहले आठवें वेतन आयोग के गठन की भी घोषणा की है, लेकिन इसमें संदेह कि बजट उन चुनौतियों का समाधान करने में भी सक्षम होगा, जो विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में आड़े आ रही हैं। बजट यह संकेत नहीं करता कि सरकार चीन की ओर से पेश की जा रही आर्थिक चुनौती का सामना करने को तत्पर है।

## सेहत मंत्र

# बच्चों में कान के संक्रमण को न करें नज़रअंदाज़

छोटे बच्चे अक्सर कान में दर्द से परेशान रहते हैं, जिसके कारण वह रात को ठीक से सो नहीं पाते हैं और कान खींचकर रोते रहते हैं। कई बार माएं समझ नहीं पाती कि बच्चा ऐसा क्यों कर रहा है। ऐसे में शिशु के कान की जांच करनी चाहिए, क्योंकि अक्सर छोटे बच्चों में कान का संक्रमण अधिक होता है। यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए तो आगे चलकर परेशानी बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, मौसम बदलने के कारण जिन बच्चों को ज़्यादा दिनों तक सर्दी-ज़ुकाम रहता है, उनकी नाक के पिछले हिस्से से कान तक आने वाली यूस्टेकियन ट्यूब ठीक से कान नहीं कर पाती जिसकी वजह से कान में संक्रमण या सूजन की समस्या हो सकती है। बच्चों में यह ट्यूब बहुत छोटी होती है जिसकी वजह से उन्हें कान में अधिक दर्द होता है। यदि संक्रमण का समय रहते इलाज न किया जाए तो कान में दबाव बढ़कर पर्दे में छेद हो सकता है।

संक्रमण के लक्षणः हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जब बच्चे को कान का संक्रमण होता है तो वह हमेशा चिड़चिड़ा हो जाता है और रोता रहता है। संक्रमण आमतौर पर 6 से 18 महीने के बच्चों में ज़्यादा देखा गया है, वैसे यह किसी भी उम्र के बच्चे में हो सकता है, लेकिन चूकि शिशु बोल नहीं पाते, इसलिए उनमें कान के संक्रमण के लक्षणों की पहचान के लिए बहुत सतर्क रहने की ज़रूरत है। निम्न लक्षण दिखने पर बच्चे के कान की जांच करें यदि वह बार-बार कान खींचता है। आमतौर पर दर्द की वजह से वह ऐसा करते हैं। बहुत अधिक रोता रहे। ठीक से सो नहीं पाता है। कान से तरल पदार्थ निकल रहा हो। बच्चे को ठीक से सुनाई न दें। सर्दी के बाद कान में दर्द होना।

कान में संक्रमण के प्रकार

चाइल्ट स्पेशलिस्ट के अनुसार, कान में संक्रमण कई तरह के हो सकते हैः कान एक्यूट ओटाइटिस मीडिया, यह संक्रमण ज़्यादा गंभीर नहीं होता है और तीन हफ्ते से कम समय में ठीक हो जाता है।

क्रॉनिक ओटाइटिस मीडिया

इसमें कान से तरल पादर्थ निकलता है और इस संक्रमण को ठीक होने में 6 हफ्ते से ज्यादा का समय लग सकता है।

## धर्म मंत्र

# 'स्वाहा' बोले बिना नहीं मिलता है यज्ञ का फल

भारत शुरू से ही ऋषि-मुनियों का देश रहा है। यहां होने वाले धार्मिक क्रियाकलाप का आयोजन ऋषि परंपरा की ही देन है। पहले के समय में तमाम ऋषि -धर्मात्मा यज्ञ, हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा मानवता के कल्याण के उपाय करते ही रहते थे। आज भी हम अपने घर में जब भी कोई शुभ कार्य होता है, तो यज्ञ- हवन जरूर कराते हैं। कहते हैं कि कोई भी पूजा-पाठ बिना हवन के संपन्न नहीं होता है। वहीं जब भी आप अपने घर में या कहीं भी हवन होते हुए देखते होंगे तो आपने एक बात पर गौर जरूर किया होगा कि हवन कुंड में हवन सामग्री डालने के बाद 'स्वाहा' शब्द बोलना अनिवार्य बताया जाता है। अगर आपको लगता है कि पंडित जी यूं ही 'स्वाहा' बोलने को कह रहे हैं, तो हम आपकी जानकारी के लिए बता दें, कि किसी भी यज्ञ में अगर 'स्वाहा' बोले बगैर यज्ञ सामग्री डाली जाती है तो वह यज्ञ सामग्री देवताओं को प्राप्त नहीं होती है। और हमारा यज्ञ अधूरा रह जाता है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में 'स्वाहा' को लेकर तमाम तरह की किवदंती प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथा के अनुसार कहा जाता है कि 'स्वाहा' राजा दक्ष की पुत्री थीं, जिनका विवाह अग्निदेव के साथ संपन्न कराया गया था। इसीलिए अग्नि में जब भी कोई चीज समर्पित करते हैं, तो बिना स्वाहा का नाम लिए जब वह चीज समर्पित की जाती है, तो अग्निदेव उसे स्वीकार नहीं करते हैं। ऐसे ही एक और कथा प्रचलित है, जिसमें कहा जाता है कि प्रकृति की एक कला के रूप में स्वाहा का जन्म हुआ था, और स्वाहा को भगवान कृष्ण से यह आशीर्वाद प्राप्त था कि देवताओं को ग्रहण करने वाली कोई भी सामग्री बिना स्वाहा को समर्पित किए देवताओं तक नहीं पहुंच पाएगी। यही वजह है कि जब भी हम अग्नि में कोई खाद्य वस्तु या पूजन की सामग्री समर्पित करते हैं, तो 'स्वाहा' का उच्चारण करना अनिवार्य होता है।

## पर्यटन



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है। कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है। जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं। सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

# नगर पंचायत सतरिख में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओ का प्रदर्शन, हुई नारेबाजी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा की अगुवाई मे किया गया प्रदर्शन**

बाराबंकी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) 'टिकैत' के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत सतरिख में व्याप्त समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान नगर में टूटी नालियां और सड़कों की बदहाली, टंकी से निकलने वाले गंदे पानी की समस्या और नगरवासियों से अधिक टैक्स लिए जाने के मुद्दे छाए रहे। प्रदर्शनकारियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं की बदहाली से जनता त्रस्त है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

(वार्ता के बाद मिली रियायतें)

प्रदर्शन के दौरान जब हंगामा बढ़ने लगा तो नगर पंचायत अध्यक्ष समेत जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को ध्यान से सुना और कुछ महत्वपूर्ण रियायतें देने का आश्वासन दिया।

नगर पंचायत प्रशासन द्वारा दी गई रियायतें इस प्रकार हैं:

50 प्रतिशत विकलांग जनों को टैक्स में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

धार्मिक स्थलों के टैक्स में छूट प्रदान की जाएगी। नगर के पार्क की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

टूटी नालियों और सड़कों की मरम्मत जल्द कराई जाएगी।

प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद भाकियू 'टिकैत' के कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया।

प्रदर्शन में प्रमुख लोग रहे शामिल

इस प्रदर्शन और घेराव में भाकियू 'टिकैत' के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के साथ शिव शंकर सोनी, ओम प्रकाश वर्मा, शिव नारायण सिंह, प्रमोद कुमार, रामानंद वर्मा, हेतराम, पन्नालाल, मनोज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द अपनी घोषणाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया, तो वे फिर से उग्र आंदोलन करेंगे।

# त्रिलोकेश्वर धाम में सैंतीसवां विशाल सरस्वती पूजन समारोह धूमधाम से हुआ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज,बाराबंकी। वसंत पंचमी पर्व पर त्रिलोकेश्वर धाम स्थित हंसवाहिनी मंदिर में मां सरस्वती का 37वां विशाल पूजन अर्चन विधि विधान से किया गया। आचार्य हेमंत अवस्थी द्वारा व्यवस्थापक अरुण अवस्थी व हंससभा अध्यक्ष सुनील वाजपेयी शिवम् के संयोजकत्व में पूजन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम हुए जिसमें समाज में बढ़ती विषमता, अज्ञानता और अनैतिकता से न केवल चारित्रिक व नैतिक मूल्यों पतन का पतन हो रहा है बल्कि राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करने में बाधक बड़े स्तर पर है। ऐसी स्थिति में मां सरस्वती ही ज्ञान कला व संगीत के प्रकाश से सात्विक भावनाओं का उदय कर सन्मार्ग पर चलने की सत्प्रेरणा सम्बन्धित भावनाओं को उद्धृत किया गया। कार्यक्रम में विशाल, मोहित, शिव मोहन, दिलीप वाजपेयी, सुमित मिश्र, पूनम शुक्ला,कोमल शुक्ला,गोल्डी शर्मा, रामकिशोर अवस्थी, चौधरी शर्मा आदि की सहभागिता से पूजन हवन के बाद व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण हुआ।

# बच्चो की निशुल्क किताबे बेचीं जा रही कबाड़ में, शिक्षक पर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। एक तरफ सरकार गरीब बच्चो की शिक्षां के लिए तरह तरह के इंतज़ाम कर रही हैं तो वही दूसरी तरफ अधिकारियो की लापरवाही की वजह से सरकारी योजनाओ का लाभ गरीब बच्चो तक पहुच नहीं पा रहा हैं। मामला बच्चो की निशुल्क किताब से जुडा हुआ हैं। लम्भुआ कस्बे में एक कबाड़ी की दूकान पर 12 बोरियो में निशुल्क वितरण के लिए परिषदीय स्कूल में पढने वालो बच्चो को मिलने वाली निशुल्क किताबे बेचने के लिए राणानगर बूधापुर निवासी व कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि को रंगे हाथ क़स्बा वासियों ने पकड़ा जिसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ अजय सिंह को दी गयी। जिन किताबो को जप्त किया गया हैं वो इसी सत्र की बतायी जा रही हैं।सूत्र बताते हैं की मामले को दबाने के लिए आनन फानन में सभी किताबो को बी0आर0सी0 लम्भुआ पंहुचा दिया गया और मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अपने गृह जनपद जौनपुर से आ भी गए और मामले को अलग ही दिशा दे दी। बजाये पुलिस को इसकी सूचना दिए बीईओ लम्भुआ अजय सिंह खुद मामले की विवेचना करने लगे। खुद को और अपने बीआरसी कर्मचारियों को फसता देख कबाड़ी से भी बयान दर्ज करवा लिया और भदैया ब्लाक के शिक्षक अजय भास्कर को फसवा दिया। विभागीय सूत्र बताते हैं कि राणानगर बूधापुर निवासी व कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि और आरोपी शिक्षक अजय भास्कर की ससुराल उसी गाँव में हैं और गाँव की रंजिश के कारण शिक्षक को फासया जा रहा हैं। आरोपी शिक्षक की ससुराल उसी गाँव में हैं जिस गाँव का कबाड़ खरीदार कृष्णकांत अग्रहरि हैं। सूत्र बताते हैं कि चुनावी रंजिश और ससुराल की संपत्ति को लेकर गाँव में दोनों परिवारों में विवाद आए होता रहता हैं।

## पूजा-अर्चना और सामूहिक हवन कर मनाया बसंत पंचमी पर्व

सुलतानपुर। यूनीक फाउंडेशन सुल्तानपुर जो वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय है, ने इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था ने रेलवे मॉल गोदाम रोड स्थित पिपलेश्वर धाम में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और सामूहिक हवन का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. अजय तिवारी, नितिन मिश्रा सहित कई परिवारों ने भाग लिया और मां सरस्वती से विद्या व बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था की महिला विंग ने महाकुंभ थीम पर भव्य रंगोली बनाकर इस पर्व की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर ज़रूरतमंदों को भोजन वितरण भी किया गया, जिससे समाज में सेवा और परोपकार की भावना को और मजबूती मिली। संस्था के संस्थापक डॉ. अनूप मिश्रा ने इस अवसर पर कहा,ङ्गजब ईश्वर की कृपा सब पर बनी रहती है, तो बड़ा से बड़ा काम भी छोटा लगने लगता है। यूनीक फाउंडेशन का यह आयोजन समाज के प्रति उसकी सेवा भावना को दर्शाता है और आने वाले समय में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य करने का संकल्प लेता है।

# कोटवाधाम : लाखों की भीड़ जुटने का अनुमान, अफसर बेटियों ने संभाली कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । साहब जगजीवन दास की जयंती पर लगने वाले भव्य मेले में लाखों की भीड़ जुटने का अनुमान है ऐसे में जहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी तो इंतजामात को लेकर प्रशासन भी एलर्ट है । जनपद की दो महिला अधिकारी इसको लेकर जिम्मेदारी पूर्वक काम कर रही है । प्रशासन द्वारा साफ सफाई से लेकर जलापूर्ति , लाइटिंग , श्रद्धालु की मूलभूत सुविधाएं समेत विभिन्न मसलों को लेकर तैयारी की जा चुकी है तो वहीं सुरक्षा को लेकर भी खाकी ने होमवर्क कर लिया है बताते है पूरा मेला प्रांगण संगीनों के साय में रहेगा तो खाकी की गोपनीय यूनिट गगन में उड़ने वाले परिंदों तक पर नजरे इनायत रखेंगे



**बंदोबस्त चाक चौबंद, प्रशिक्षु महिला अफसरों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी**

। गौरतलब है कि घोर कलिकाल में भ्रमित जनमानस को ईश्वर का सत्य संदेश देने के लिए विलक्षण दैवीय प्रतिभा के धनी समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब का अवतार हुआ था जिसको लेकर हर वर्ष बदोसराय थाना अंतर्गत कोटवाधाम में साहब के दर्शन हेतु लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस विशेष दिन एकत्र होते है उधर कुम्भ महोत्सव के मद्देनजर लोगों की संख्या पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक होने की प्रबल संभावना है जिसको लेकर प्रशासन पहले से सतर्क है । तहसील सिरौलीगौसपुर प्रशिक्षु आईईएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी एवं प्रशिक्षु एसडीएम / तहसीलदार सुश्री पूजा ने कार्यक्रम की तैयारियों की रूप रेखा एक सप्ताह पूर्व ही बना ली जिसको अमलीजामा पहनाने के लिए दोनों महिला अफसर अपनी टीम के साथ लगातार काम कर रही है सुरक्षा से लेकर हर एक स्थित के लिए कोटवाधाम तैयार है श्रद्धालुओं के स्वागत में कोई कमी न रहे इसके लिए दोनों अफसर देर रात तक जन्म महोत्सव स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते रहे । उधर एएसपी अखिलेश नारायण सिंह द्वारा भी मेला स्थल का निरीक्षण किया गया ।

> मेला कार्यक्रम के लिए जलापूर्ति साफ सफाई , लोगो के आने जाने समेत पार्किंग आदि की व्यवस्था कर दी गई है सुरक्षा को लेकर भी पर्याप्त पुलिस बल है देखरेख हेतु राजस्व कर्मियों की ड्यूटिया भी लगाई गई है तैयारी पूरी है किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए निर्देश दिए गए है।
>
> सुश्री पूजा
> एसडीएम / तहसीलदार

# जन्म जयंती पर विशेष: सामाजिक समरसता के ध्वजवाहक समर्थ स्वामी जगजीवन साहब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

श्रीकोटवाधाम : घोर कलिकाल में भ्रमित जनमानस को ईश्वर का सत्य संदेश देने के लिए विलक्षण दैवीय प्रतिभा के धनी समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब का अवतार हुआ। माघ मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि दिन मंगलवार संवत 1727 में अवतरित हुए पुण्य आत्मा ने सत्यनाम पंथ को संगठित स्वरूप प्रदान किया। इस संबंध में स्वामी जी की एक साखी है।

यथा : -

जगजीवन स्वामी जगन्नाथ, बौद्ध रूप अवतार।

बीज मंत्र उपदेश दै, सबय लगाइन पार।।

समर्थ स्वामी जगजीवन दास ने छुआ-छूत और ऊंची-नीचे जातिगत भेदभाव को मानव विकास में बाधा एवं सामाजिक बंधन माना है। उन्होंने ''सतनाम पंथ'' का प्रवर्तन करके सभी जातियों के लोगों को नाम साधना का समान अवसर प्रदान किया।

यथाः-

दरस के रस जे जन राते, मति रहत दिन राती रे।

चारि वरन षट वरस ते न्यारे, उनके जाति न पाती रे।

एक रुधिर इक काया आहै, बिप्र सुद्र कोउ नाही रे ।

-

ककहरा नामा तीसर

यही नहीं जगजीवन साहेब ने सभी मानव को एक समान मानकर जाति एवम्‌ धर्म गत भेदभाव को दूर करने का सार्थक प्रयास किया है। परिणाम स्वरूप आपके द्वारा संगठित सतनाम पंथ और सतनाम संघ मे सभी जाति धर्म के लोगो को समान स्थान मिला।

यथाः-

हाड मास का पीजडा, तामे कियो अचार ।

एकै बरन मा सब अहै, बामन तुरूक चमार।।

-

दोहावली 16वीं शताब्दी के अंतिम भाग में सतनामी मत के प्रवर्तक समर्थ संत श्री जगजीवन साहब का अभ्युदय हुआ। 5 वर्ष की छोटी आयु में ही उनका साधना क्रम प्रारंभ हो गया। 7 वर्ष की आयु में सन 1677 ईस्वी में गुरु श्री विश्वेश्वर पुरी से मंत्र दीक्षा और साधना विधि मिली। 12 वर्ष तक लगातार अजपा जप एवं सूरत ध्यान के माध्यम से उन्हें सिद्धि दशा प्राप्त हो पाई। 20 वर्ष की आयु से संत श्री ने शिष्यों को मंत्र दीक्षा देकर सतनाम पंथ की स्थापना की। गृहस्थ जीवन में रहकर भी श्री जगजीवन स्वामी ने आध्यात्मिक क्षेत्र में उच्चतम स्थान पाया। तत्कालीन राजा महाराजा और सामान्य जन उनके सहज निर्मल स्वभाव और आध्यात्मिक शक्ति के प्रभाव क्षेत्र में आए। अनेक अलौकिक घटनाएं प्रकट हुई, जो कीर्ति सागर नामक ग्रंथ के दो भागों में वर्णित हैं। समर्थ संत के श्री मुख से 30 रचनाएं प्रकट हुई जो कि उनके शिष्यों ने लिपिबद्ध की। उनमें से अघबिनास प्रमुख है। सतनाम पंथ में इसे गुरुग्रंथ साहिब का स्थान प्राप्त है। विशेष अवसरों पर इसका पाठ श्रवण पाठन आवश्यक माना गया है।




**सो होइहै जगजीवन लाहा। कहिगे दास कबीर जुलाहा।।**

समर्थ स्वामी जगजीवन दास ने अघबिनास में ईश्वर के मुख से अमरकथा भगवान शिव को सुनाई है। स्वामी जी द्वारा शांत रस में रचित यह महाकाव्य सतनाम साधक सतनामी जनों का मूल पथ प्रदर्शक गुरुग्रंथ है।

ईश्वर का सत्य संदेश अघविनास ग्रंथ की रचना अवतारी संत, सत्यमूर्ति, समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब ने इस धराधाम पर, धरा का भार उतारने एवं सत्य अध्यात्मिक निष्ठा के धनी संत -महात्मा एवम्‌ पापियों के उद्धार के लिए की। इस परिपेक्ष मे आपकी साखी से विदित होता है।

यथाः-

कलिमल बाढेऊ धरनि पर, सही महि नही भार।

ताहि उबारन हेतु, भा जगजीवन औतार।।

समर्थ स्वामी जगजीवन दास ''जगन्नाथ स्वामी अवतार'' के संबंध में सतनाम पंथ साहित्य एवं ग्रंथों में अनेक साक्ष्य उपलब्ध हैं। जैसा कि एक साखी है।

यथाः-

जगन्नाथ अस ह्रदय बिचारा, कलि जीवन का करौ उबारा।

जगन्नाथ जग तारन कारन, प्रभु जगजीवन रूप उबारन।

साधुन की कथा अरू अहलाद विचार, अनेक प्रमाण हैं जगजीवन जगन्नाथ औतार।

अघविनास प्रभु जगजीवन के 30 ग्रंथों में सबसे बड़ा काव्य ''गुरुग्रंथ'' है। इसमें लगभग 9502 चौपाइयां, 865 दोहे, 95 सोरठा व 305 गीतिका व हर गीतिका छंद है। विषय वस्तु के दृष्टिगत इसे तीन भागों में बांटा जा सकता है

भाग 1- भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को निराकार ब्रह्म ''नाम'' का विस्तार से वर्णन।

भाग 2- महर्षि नारद द्वारा निराकार ब्रह्म ''नाम'' का वर्णन किया गया है ।

भाग 3- माता पार्वती से श्री गणेश द्वारा निराकार ब्रह्म ''नाम'' का वर्णन किया गया है।

इसके अतिरिक्त अनेक ऋषि-मुनियों के प्रसंग में निराकार ब्रह्म ''नाम'' का वर्णन किया गया है। अघविनास गुरुग्रंथ में केवल निराकार ब्रह्म ''नाम'' की महिमा पर बल दिया गया है। कुछ लघु कथाओं के माध्यम से ''नाम'' महिमा का भी गुणगान किया गया है।



सतनाम क्या है ? इस तथ्य में साहेब ने कहा है :-

सत्यनाम राम है सोई, जे अपने मन में जाना होई।

रटत सो नाम चलि आवा, उत्तिम अस संतन पावा।

पीवत पीवत होत मतवाला, तेहिके निकट न आवैकाला।

घोर कालिकाल में जब जनमानस ऊंच-नीच, जाति-पाति के भेदभाव एवं पाखंडवाद से भ्रमित होकर, अपने पथ से भ्रष्ट हो रहा था, ऐसे समय में जगजीवन स्वामी ने गृहस्थ जीवन में रहकर, सत्यमार्ग का अनुसरण करके, सांसारिक जीवों को मोक्ष का मार्ग दिखाया।

सर्व विदित है कि जिस समय परम समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब का अभ्युदय हुआ, उस समय तक देश में अनेकानेक मत, धर्म, संप्रदाय, और पंथ प्रचलित थे। जिनमें गोरख पंथ, नाथ पंथ, स्वामी रामानंदी पंथ और कबीर पंथ उत्तर भारत में अपने चरम पर थे। नाथ पंथ और दादू पंथ देश में अपने वैभव को प्राप्त कर चुके थे। उस समय तक नानक पंथ की सीमाएं उद्घघटित हो चुकी थी।

तत्कालीन धार्मिक परिस्थितियों की ओर संकेत मात्र है कि कबीर पंथ अपने समन्वय नीत और सामाजिक धार्मिक पाखंडो पर प्रहार के कारण अपनी लोकप्रियता अर्जित कर रहा था, किंतु कबीर को हिंदू मुस्लिम दोनों जनता पचा नहीं पा रही थी। स्पष्ट है कि आज जितनी मान्यता कबीर को उनके समय में न रही हो, उन्हें सामाजिक उपहास का शिकार होना पड़ा हो, वही यदि कोई पंथ कनक कामिनी में लिपटा था, तो कोई नाम में था, तो कोई पंथ इस मानव काया को ही सर्वोपरि मान उसे दहाने और जन विमुख करके सामाजिको से रहित एकांत में इसे साधने का मार्ग सुझा रहा था।

इन्हीं परिस्थितियों के मध्य समर्थ जगजीवन साहब ने के मन में विचार आया कि क्या कोई ऐसा संप्रदाय हो सकता है, जो इन सब कमियों को दूर करता हुआ, मेटता हुआ, देश की आम जनता के हित में हो, जिसे गरीब का धर्म कहा जा सके। उस समय तक समाज में अस्पृश्यता, जात-पात, ऊंच-नीच तथा छुआछूत की दुर्भावना का उन्मूलन न हो सका था। जातिभेद - अर्थभेद की बढ़ती खाई ने समाज में दरारें डाल दी थी। जिसके कारण आदमी आदमी के मध्य प्रेम, सहयोग की भावना न होकर दुराव खिंचाव और अलगाव की भावना बलवती हो रही थी। चरित्रगत, मनगत सुचिता के स्थान पर देहगत पवित्रता पर अधिक बल दिया जा रहा था। जो कालांतर में केवल सामाजिक पाखंड बनकर रह गया। आर्थिक दृष्टि से समाज दुर्बल था, किंतु खाद्य रसद मामलों का अभाव न था। अतिवृष्टि अनावृष्टि तथा महामारियो का शिकार हमारा समाज जब तब हुआ करता था। जिसके कारण अनेक कष्ट सहने पड़ते थे। इनका उपचार बहुत कम था। समाज में शिक्षा के अभाव के कारण सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के स्थान पर उनका संवर्धन ही अधिक हो रहा था। इसी कारण समर्थ साहब ने युग के अनुरूप एक नए पंथ का निर्माण किया। जो सतनाम पंथ के नाम से जाना गया। इसीलिए समर्थ स्वामी जगजीवन दास जी को ही सतनाम धर्म का संस्थापक कहा गया है। स्वामी जगजीवन साहब की रचनाओं में अजपा जाप, सहज समाधि, सहज जीवन के महत्व का वर्णन विशेष रूप से हुआ है। समर्थ साहेब ने कठिन योग साधना की अपेक्षा सहज योग को अधिक उपयोगी तथा श्रेष्ठ माना है।

सतनाम पंथ अध्यात्मिक दर्शन के अनुसार शरीर तो भौतिक वस्तु है इसे नष्ट हो जाना है। सभी लोग शुद्ध हृदय से युक्त हो जाएं तो श्रेष्ठ समाज की स्थापना हो सकती है। समर्थ स्वामी जी ने जिस सतनाम पंथ की स्थापना की उसमें ऐसा सहज सरल मार्ग सुझाया, जिसका अनुपालन लोगों के लिए आसान हो। इसलिए आपने गृहस्थ धर्म में रहकर मुक्ति और मोक्ष का रास्ता सुझाया। आपने सामाजिक पलायन कर हिमालय की वन कन्दराओ में जाने का संदेश नहीं दिया है, बल्कि अपने घर अर्थात हृदय में ही ढूंढने का सरल मार्ग बताया।

आपने इस स्वरूप का पहला आदर्श स्वयं के जीवन को रखा। आपने एक ऐसा सामाजिक सतनाम पंथ सुझाया जो मनुष्य को एक संपूर्ण सामाजिक जीवन जीते हुए, उसके सदगृहस्त स्वरूप में ही धर्म और व्यक्ति के जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

सत्यनाम कौमुदी पुस्तक में महंत जगन्नाथ बख्श दास जी ने उद्धृत किया है कि स्वामी जगजीवन दास के अवतरण एवं उनके द्वारा प्रवर्तित सत्यनाम पंथ के पादुर्भाव की भविष्यवाणी संत कबीर दास जी ने अपनी एक रचना में इस प्रकार की है:-

अनहय निकट व प्रगटहिं आई। सो सतनाम पंथ चलाई।।

सो होइहै जगजीवन लाहा। कहिगे दास कबीर जुलाहा।।

बस विवेक एक नहिं राखी।चारिहु बरन एक करि भाखी।।

परम सिद्ध संत समर्थ स्वामी जगजीवन दास का अभ्युदय मंगलवार माघ शुक्ल सप्तमी संवत 1727 को प्रातः काल ग्राम सरदहा वर्तमान तहसील सिरौलीगौसपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश में चंद्रवंशी क्षत्रिय कुल गंगाराम जी की भार्या केवला देवी के गर्भ से हुआ जिन्हें बड़े बाबा के नाम से भी जग प्रसिद्धि मिली।

90 वर्ष की आयु तक समर्थ स्वामी जगजीवन दास जी ने सत्यनाम पंथ के माध्यम से लोक हितार्थ कल्याणकारी कृत्यों द्वारा जनमानस में नव चेतना का संचार किया और आदर्श जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया। स्वामी जी ने वैशाख कृष्ण सप्तमी मंगलवार सम्वत 1817 को नश्वर शरीर का त्याग कर परमधाम वैकुंठ लोक प्रयाण किया। वर्तमान समय में समर्थ स्वामी जी द्वारा परिवर्तित सतनाम पंथ का मूल केंद्र उनकी तपोभूमि एवं समाधि स्थल श्री कोटवाधाम में उनकी आठवी एवंम नौवी पीढ़ी के वंशजों द्वारा संयुक्त रूप से सत्यनाम पंथ के प्रचार-प्रसार आदि का संचालन किया जा रहा है। जिसमें पूर्वोक्त सत्यनाम पंथ संगठन सभी पावा व गद्दी के वंशज साहब जन उसी प्रकार सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान परिवेश मे श्री कोटवाधाम सतनाम मतावलंबियो की मूल पीठ और सत्यतीर्थ के रूप मे विश्व विख्यात है।

## सूचना

मेरा नाम साकिर पुत्र मो. हनीफ निवासी मोहम्मदपुर रूकुन्नुदीनपुर बाराबंकी था मैने अपना नाम मोहम्मद साकिर पुत्र मोहम्मद हनीफ पता उपरोक्त रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए ।





## टी20 क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्यः गंभीर

एजेंसी



मुंबई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम ज्यादा जोखिम उठाकर अनुकूल परिणाम हासिल करने का अपना रवैया बरकरार रखेगी और उनका लक्ष्य टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में ज्यादा जोखिम लेने का रवैया अपनाया जिससे उसे फायदा हुआ और उसकी टीम 4ऽ1 से जीत हासिल करने में सफल रही। भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और आखिर में नौ विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। मुंबई में पांचवें मैच में नौ विकेट पर 247 रन बनाकर भारत ने अपनी यह रणनीति कायम रखी। गंभीर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''हम टी20 क्रिकेट में इसी तरह से खेलना चाहते हैं। हम हार से नहीं डरना चाहते हैं। हम अधिक जोखिम अधिक इनाम वाली क्रिकेट खेलना चाहते हैं। हमारे खिलाड़ियों ने इस रवैए को अच्छी तरह से अपना लिया है। भारतीय कोच ने कहा कि उनका लक्ष्य टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 250 के आसपास का स्कोर बनाना है भले ही इसके प्रयास में टीम को कुछ अवसरों पर नुकसान भी उठाना पड़े। गंभीर ने कहा, ''हम नियमित रूप से 250-260 के स्कोर तक पहुंचने की कोशिश करना चाहते हैं। ऐसा करने की कोशिश में कुछ ऐसे मैच भी होंगे जहां हम 120-130 पर ढेर हो जाएंगे। यही टी20 क्रिकेट है। उन्होंने कहा, ''जब तक आप अधिक जोखिम वाला क्रिकेट नहीं खेलते हैं तब तक आपको उचित इनाम भी नहीं मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारी टी20 टीम निस्वार्थ और निडर क्रिकेट खेलती है और मुझे लगता है कि पिछले छह महीनों में हमारे खिलाड़ियों ने लगातार ऐसा किया है। गंभीर ने अपनी बात को और पुख्ता करने के लिए अभिषेक शर्मा की 54 गेंदों में 135 रन की शानदार पारी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''हम अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना चाहते हैं। हमें इन खिलाड़ियों के मामले में धैर्य रखना होगा। मैंने लगातार 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले गेंदबाजों के खिलाफ इससे बेहतर टी20 शतक नहीं देखा है। गंभीर ने अपने खेल में आमूलचूल बदलाव करने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दमदार वापसी करने के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आईपीएल से लेकर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने जो बदलाव किए वह अभूतपूर्व थे। यह श्रृंखला शायद बेंचमार्क भी थी क्योंकि इंग्लैंड की टीम कुशल खिलाड़ियों से भरी हुई है। चक्रवर्ती 9.85 की औसत और 7.66 की इकॉनमी रेट के साथ 14 विकेट लेकर श्रृंखला में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

## अभिषेक की सफलता का मूल मंत्र निडर होकर बल्लेबाजी करना

एजेंसी

मुंबई। टी20 क्रिकेट जैसे अनिश्चित प्रकृति के प्रारूप में जहां एक बल्लेबाज को सफलता से अधिक असफलताएं मिलती हैं, लेकिन भारत के नए पावर-हिटर अभिषेक शर्मा ने बहुत पहले ही यह मूल मंत्र गांठ लिया था कि सफल होने के लिए उन्हें पूरे आत्मविश्वास और निडर होकर खेलना होगा। पंजाब के इस 24 वर्षीय बल्लेबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 2024 में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाई और वह एक साल के अंदर अपनी विशेष छाप छोड़ने में सफल रहे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका पहला शतक (46 गेंद) भारत की तरफ से इस प्रारूप में तीसरा सबसे तेज शतक था। उनका दूसरा शतक (37 गेंद) सबसे छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से दूसरा सबसे तेज शतक है। इस बीच, उन्होंने प्रतिष्ठित सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में 28 गेंदों में शतक लगाकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया था। अभिषेक के खेल में युवराज सिंह की झलक दिखाई देती है जो इस युवा क्रिकेटर के मार्गदर्शक भी रहे हैं। अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 गेंद पर 135 रन बनाने के बाद युवराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,''अभ्यास के दौरान मेरा फोकस बहुत स्पष्ट था। युवी पाजी ने तीन या चार साल पहले ये सभी बातें मेरे दिमाग में डाल दी थीं। अभिषेक ने कहा, ''युवी पाजी मुझ पर विश्वास करते हैं और जब युवराज सिंह जैसा कोई व्यक्ति आपसे कहता है कि आप देश की तरफ से खेलोगे और आप भारत के लिए मैच विजेता बनोगे तो जाहिर तौर पर आप यह सोचने की कोशिश करते हैं कि ठीक है मैं देश के लिए खेलूंगा। भारत और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, ''उन्होंने (युवराज और पंजाब के कोच वसीम जाफर) मेरे क्रिकेट करियर में अहम प्रमुख भूमिका निभाई है और उम्मीद है कि वे ऐसा करना जारी रखेंगे। लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा कि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनकी (युवराज) वजह से हूं। एक युवा क्रिकेटर में आत्म-संदेह और असुरक्षा की भावना होना स्वाभाविक है, लेकिन अभिषेक की सफलता की कहानी बताती है कि भारतीय टीम प्रबंधन और उनके अन्य शुभचिंतकों का उन पर भरोसा बनाए रखने से भी उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिली। अभिषेक ने कहा, '' वह (युवराज) ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा मेरी मदद के लिए तैयार रहते हैं। मैंने हमेशा उनकी सलाह पर अमल किया है क्योंकि वह इस खेल के बारे में मुझसे बेहतर जानते हैं। इसलिए मैंने हमेशा उन पर विश्वास किया है। अभिषेक ने कहा कि टीम प्रबंधन ने उन्हें हर संभव प्रयास करने और असफलताओं की चिंता न करने का जो आत्मविश्वास दिया है, उससे भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''मैंने इस श्रृंखला से पहले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और जब आपका कप्तान और कोच आपसे कहते हैं कि आपको अपना स्वाभाविक खेल बरकरार रखना है।

## टाटा स्टील मास्टर्स 2025: प्रज्ञानानंद ने टाईब्रेक में गुकेश को हराकर खिताब जीता

एजेंसी

विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड्स)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया। उन्होंने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाईब्रेक मुकाबले में हराकर यह गौरव हासिल किया। रविवार को खेले गए अंतिम (13वें) राउंड में प्रज्ञानानंद को जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन कीमर ने उन्हें पराजित कर दिया। इस बीच, गुकेश, अर्जुन एरिगैसी से हार गए, जिससे खिताबी मुकाबला टाईब्रेक में चला गया। टाईब्रेक के पहले गेम में गुकेश ने शानदार खेल दिखाया और प्रज्ञानानंद की गलती का फायदा उठाकर जीत दर्ज की। दूसरे गेम में प्रज्ञानानंद ने ट्रॉम्पोव्स्की ओपनिंग का उपयोग किया और गुकेश की त्रुटि का लाभ उठाते हुए मैच को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद सडन डेथ मुकाबला हुआ, जिसमें प्रज्ञानानंद ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए धैर्यपूर्वक खेल दिखाया। एक समय गुकेश ने बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन अंतिम क्षणों में की गई गलतियों के कारण वे हार गए और प्रज्ञानानंद ने अपना पहला टाटा स्टील मास्टर्स खिताब जीत लिया। गुकेश के लिए यह लगातार दूसरा वर्ष था जब वे पहले स्थान पर रहे लेकिन टाईब्रेकर में हार गए। पिछले साल वे चीन के वेई यी से पराजित हुए थे। चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन ने अजरबैजान के आयडिन सुलेमानली को मामूली बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर हराकर चैलेंजर्स सेक्शन जीता। इस जीत के साथ उन्होंने 2026 के मास्टर्स इवेंट में जगह बना ली।आर. वैशाली ने 6.0/13 स्कोर के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्या देशमुख 3.5/13 अंकों के साथ 14 खिलाड़ियों में दूसरे-अंतिम स्थान पर रहीं।

## कबड्डी में उप्र की टीम ने जीता स्वर्ण, निदेशक व ओलंपिक संघ के महासचिव सहित खेल प्रेमियों ने दी बधाई

एजेंसी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पुरुष कबड्डी टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में फुर्ती, रणनीति और शानदार टीमवर्क के सहारे बेहतरीन धमाल मचाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के लिए दूसरा स्वर्ण योगासन में आर्टिस्टिक पुरुष एकल में प्रवीण कुमार पाठक ने जीता। इस सफलता पर उत्तर प्रदेश के खिखाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि इस समय शासन स्तर से खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन का असर दिख रहा है। आगे चलकर प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रतिभा में और अधिक निखार आएगा। उप्र के युवा वर्ग में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। वहीं खेल निदेशक आर.पी. सिंह ने कहा कि उप्र में खिलाड़ियों में ऊर्जा बनी रहे। उनको किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान शासन स्तर से विशेष रूप से देखा जा रहा है। योगासन के आर्टिस्टिक महिला पेयर में आर्यांशी स्वामी व सिमरन की जोड़ी ने रजत पदक जीता। वहीं महिला टीम इवेंट में उत्तर प्रदेश की स्क्वाश टीम को कांस्य पदक मिला। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने रविवार को 2 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीते। इसी के साथ उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय खेल में अब तक 6 स्वर्ण, 4 रजत व 5 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक के साथ तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गया है।हरिद्वार में आयोजित कबड्डी के मुकाबलो में पुरुष कबड्डी के फाइनल में उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को रोमांचक मैच में 57-43 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ यूपी ने चंडीगढ़ से पूल मैच में मिली हार का बदला ले लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने सर्विसेज' की बेहद मजबूत टीम को 43-42 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी। उत्तर प्रदेश की पुरुष कबड्डी टीम ने राष्ट्रीय खेल में दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले यूपी ने 36वें राष्ट्रीय खेल-2022 में स्वर्ण पदक जीता था।अल्मोड़ा में आयोजित योगासन की स्पर्धा में आर्टिस्टिक पुरुष एकल में उत्तर प्रदेश के प्रवीण कुमार पाठक ने 118.91 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इस वर्ग में महाराष्ट्र के रूपेश मोगशाली संगे (117.88 अंक) को रजत व छत्तीसगढ़ के प्रकाश कुमार (117.25 अंक) को कांस्य पदक मिला। योगासन के आर्टिस्टिक महिला पेयर में यूपी की आर्यांशी स्वामी व सिमरन ने कांटे के मुकाबले में 102.57 अंक हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

## डब्ल्यूपीएलः यूपी वॉरियर्स ने हीली की जगह चिनेले को चुना, हीथर और गार्थ आरसीबी की टीम में

नयी दिल्ली। यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी।

हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है।

## मौद्रिक नीति समिति रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कर सकती है कटौती

एजेंसी



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में इस हफ्ते होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती होने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई की तीन दिवसीय द्विमासिक एमपीसी बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा 7 फरवरी को बैठक के नतीजे का ऐलान करेंगे। वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे ने एक दिन पहले रविवार को जारी एक बयान में कहा कि यह समय ब्याज दरों में कटौती के लिए सही है। उन्होंने कहा कि सरकार राजकोषीय नीति के साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, जबकि महंगाई में घरेलू और बाहरी स्तर पर गिरावट आई है। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंको को कर्ज देता है। इस दर में कटौती होने से बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है, जिससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की दरें भी घटती हैं। रेपो रेट की दर फरवरी, 2023 से 6.50 फीसदी पर यथावत बनी हुई है। रिजर्व बैंक यदि इस बार 0.25 फीसदी की कटौती करता है, तो यह 6.25 फीसदी हो जाएगी।

## आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चार भारतीय शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। चार भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता था। टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट गोंगडी त्रिशा हैं, जिन्होंने शीर्ष क्रम में 309 रन बनाए। त्रिशा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने गेंद से 15 रन देकर तीन विकेट लिए और फिर नाबाद 44 रन बनाए, जिससे भारत ने नौ विकेट से खिताबी जीत हासिल की। टीम में उनके साथ साथी ओपनर जी कमलिनी भी हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 143 रन बनाए, और गेंदबाज आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा भी हैं। वैष्णवी ने टूर्नामेंट में 17 विकेट लिए, जिसमें बेयुमास ओवल में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट भी शामिल हैं, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, जबकि 17 वर्षीय आयुषी 14 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण अफ्रीका, जो दो साल पहले सुपर सिक्स चरण से आगे बढ़ने में विफल रहा था, की दो खिलाड़ियों को नामित किया है। 11 विकेट लेने के बाद कायला रेनेके को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि जेम्मा बोथा - जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 24 गेंदों पर 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी - को त्रिशा के साथ ओपनिंग के लिए चुना गया है। तेज गेंदबाज नथाबिसेंग निनी को 12वें खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। इंग्लैंड (जिसे दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने हराया था) की डेविना पेरिन (टूर्नामेंट की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी 176 रन) और विकेटकीपर कैटी जोन्स को भी टीम में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे पांचवें नंबर पर हैं, जबकि मध्यक्रम में नेपाल की कप्तान और ऑलराउंडर पूजा महतो हैं, जिन्होंने 70 रन बनाए और नौ विकेट लिए - जिसमें मलेशिया के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय रुपया 67 पैसा लुढ़क कर 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** बजट के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय मुद्रा रुपया में गिरावट देखने को मिल रहा है। रुपया 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार के बाद भारतीय रुपया 67 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 87.29 पर आ गया। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.30 फीसदी की बढ़त के साथ 109.77 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। कारोबारियों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद व्यापार संघर्ष की आशंकाओं के बीच रुपया में यह गिरावट आई है। उल?लेखनीय है कि पिछले हफ्ते शुक्रवार को भारतीय मुद्रा रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था। अमेरिका के राष?ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी तथा चीन पर 10 फीसदी का शुल्क लगाया है।

### रुपये के मूल्य को लेकर चिंतित नहीं, आरबीआई अस्थिरता को संभाल रहा हैः वित्त सचिव

**नयी दिल्ली।** वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) स्थानीय मुद्रा की अस्थिरता को संभाल रहा है। रुपये के डॉलर के मुकाबले 87.29 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है। पांडे ने पत्रकारों से कहा, '' रुपये के मूल्य को लेकर कोई चिंता नहीं है। रुपये में उतार–चढ़ाव को आरबीआई द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये की दर बाजार पर आधारित है और इसके लिए कोई निश्चित दर तय नहीं की जाती। वित्त सचिव ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण विनिमय दर दबाव का सामना कर रही है। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शनिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जानकारी दी थी कि 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.574 अरब डॉलर बढ़कर 629.557 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ सप्ताहों से गिरावट का रुख रहा है और इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ–साथ रुपये में उतार–चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है।

### वरिष्ठ बैंकर विक्टर मेनेजेस का निधन

**मुंबई।** वरिष्ठ बैंकर विक्टर मेनेजेस का अमेरिका में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मेनेजेस का नाम शुरुआती दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नेतृत्व करने वाले मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारियों (सीएक्सओ) की सूची में शुमार हैं। पुणे में जन्मे मेनेजेस ने आईआईटी–बॉम्बे और एमआईटी में पढ़ाई की। वह सिटीबैंक के साथ 32 साल तक जुड़े रहे और वे वैश्विक बैंकिंग प्रमुख के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए। सूत्रों ने बताया कि मेनेजेस का निधन मियामी में हुआ। हालांकि, उनके निधन की वजह या अन्य जानकारियां अभी तक साझा नहीं की गई हैं। मेनेजेस 1970 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के बाद, बिजनेस स्कूल की डिग्री लेने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) गए। वह विभिन्न परोपकारी पहलों में सक्रिय रूप से शामिल थे। 2011 में उन्होंने मुंबई के प्रमुख प्रौद्योगिकी स्कूल में एक कन्वेंशन सेंटर स्थापित करने में सहायता के लिए आईआईटी–बॉम्बे को 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान दिया था। मेनेजेस के परिवार में उनकी पत्नी तारा और चार बच्चे हैं।

## नए आयकर विधेयक पर सुझाव दें उद्योगः सीबीडीटी प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख रवि अग्रवाल ने सोमवार को उद्योग जगत से नए आयकर विधेयक पर अपने सुझाव देने को कहा। यह विधेयक इस सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान ले सकता है। इसे छह महीने के भीतर तैयार किया गया है। करदाताओं के लिए कर अनुपालन को सुगम तथा इसे पढ़ने व समझने में आसान बनाने के लिए भाषा को सरल रूप देने के प्रयास किए गए हैं। अग्रवाल ने कहा कि नया विधेयक इस तरह से तैयार किया गया है कि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। इसके अलावा, नए कानून को संक्षिप्त बनाया गया है क्योंकि पुराने प्रावधानों को हटा दिया गया है, जिससे यह कम बोझिल हो गया है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि नया विधेयक पेश होने के बाद वे अपने सुझाव दें तथा आश्वासन दिया कि सुझावों पर विचार किया जाएगा। अपडेटेड आयकर रिटर्न (आईटीआर-यू) के बारे में अग्रवाल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में करीब 90 लाख ऐसे रिटर्न दाखिल किए गए। इससे करीब 8,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व हासिल हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि किसी भी आकलन वर्ष के लिए अद्यतन आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग अब ''प्रतिकूल'' दृष्टिकोण नहीं ''सहभागी'' दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने कहा, कर विभाग का दृष्टिकोण बदल रहा है।

## आम बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला : जिंदल स्टेनलेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत किया और इसे एक दूरदर्शी ढांचा करार दिया, जो विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है। इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में बजट आवंटन पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, भारत के विकास में आधारभूत संरचना की केंद्रीय भूमिका है और यह बजट इस गति को बनाए रखता है। पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में 10.08 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इसे 11.21 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया है, जबकि राज्यों के पूंजीगत व्यय के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 10 लाख करोड़ रुपये का एसेट मोनेटाइजेशन प्लान (2025-30) नए प्रोजेक्ट्स के लिए धन उपलब्ध कराएगा, जबकि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल परिवहन, शहरी विकास और ऊर्जा क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देगा। एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड, 'शहरों को विकास केंद्र बनाने' की नीति को आगे बढ़ाएगा, जिससे व्यवसायों, समुदायों और अर्थव्यवस्था में व्यापक वृद्धि होगी। 'मेक इन इंडिया' पहल के बारे में उन्होंने कहा, केंद्रीय बजट 2025-26 में 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने पर निरंतर जोर दिया गया है, जिससे भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि को गति मिलेगी। नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन, अपनी पांच-आयामी रणनीति के साथ, व्यापार दक्षता और लागत प्रभावशीलता में सुधार, कार्यबल को भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयार करने, एमएसएमई को सशक्त बनाने, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर केंद्रित है। मजबूत निगरानी और प्रशासनिक रूपरेखा के माध्यम से, यह पहल नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन, बाधाओं को कम करने और औद्योगिक विस्तार के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, डिजिटल स्किलिंग पहल, जिसका उद्देश्य युवाओं को इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों से लैस करना है, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता रखती है। स्टेनलेस स्टील उद्योग में, जहां स्वचालन और उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाएं तेजी से अपनाई जा रही हैं, ये प्रयास एक ऐसे कार्यबल को तैयार करेंगे जो परिवर्तनशील औद्योगिक परिदृश्य के साथ आगे बढ़ सके। श्री जिंदल ने बताया कि बिजली आपूर्ति में सुधार और राज्यों को ऊर्जा अवसंरचना में निवेश के लिए अधिक वित्तीय स्वतंत्रता देने से सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में दिल्ली की 'दुर्दशा' के लिए आप पर सत्तापक्ष की ओर से तीखा हमला

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान राजधानी में नागरिक सुविधाओं की दुर्दशा के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर सत्ता पक्ष की ओर से जोरदार हमला किया गया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किरण चौधरी ने राष्ट्रीय राजधानी में हवा, पानी ,सड़क और साफ-सफाई की आज की स्थिति को 'शर्मनाक' बताते हुए इसके लिए आप के साथ ही उससे पहले दिल्ली में सरकार में रही कांग्रेस पार्टी को भी जिम्मेदार ठहराया। श्रीमती चौधरी ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर चर्चा प्रारंभ करते हुए अपने 45 मिनट से अधिक के भाषण में बाद का एक बड़ा हिस्सा दिल्ली में लटियन बंगला क्षेत्र के बाहर नागरिक सुविधाओं खराब स्थिति का चित्रण करने पर लगाया जो उनके शब्दों में 'शर्मनाक है। श्रीमती चौधरी ने अपने भाषण के प्रारंभ में भारत में महिलओं के कल्याण, उनके सम्मान, उनके साथ न्याय और उनको अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की और कहा कि ऐसा श्री मोदी जैसा स्वप्नदर्शी नेता ही कर सकता है जो जमीन से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि आप सरकार जिन वादों के साथ सरकार में आयी थी , वह उनके पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। आप के नेता को दिल्ली विधान सभा के चुनाव में इस अपनी हार नजर आ रही है, इसलिए वे दिल्ली के लोगों को पीने का साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं देने में अपनी नाकामी के लिए हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्य पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लमैं (सदन के नियमों को देखते हुए) आप के नेता का नाम नहीं लूंगी। लेकिन वह जिस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल कर रहे हैं। यमुना में जहर मिलाने, दिल्ली के लोगों पर हिरोशिमा-नागाशाकी जैसे संहार की बात कर रहे हैं वह घृणित है। वह पूरी तरह से विवेक खो चुके हैं । उन्हें पता चल चुका है कि दिल्ली की जनता उनसे ऊब चुकी है। भाजपा सदस्य ने कहा कि आप सरकार की वादखिलाफी से दिल्ली में नागरिक सुविधाओं की स्थित शर्मनाक हो चुकी है। आप पर श्रीमती चौधरी के हमले के खिलाफ त्रिणमूल कांग्रेस के साकेते गोखले ने नियम 15 के तहत व्यवस्था का प्रश्न उठाया जिसे उप सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया। हरियाणा से भाजपा सदस्य ने कहा कि उनका घर दिल्ली के एक गांव में हैं और वह लाडो सराय और अन्य इलाकों में अपने भ्रमण के अनुभव और लोगों से बातचीत के आधार पर कह सकती है कि लुटियन दिल्ली इलाके को छोड़ कर पूरी दिल्ली की गलियों में सड़के टूटी हुई हैं,गंदगी बिखरी है और लोगों के घरों में सीवर का गंदा पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यमुना के पानी में दिल्ली का हिस्सा 790 क्यूसेक है जबकि हरियाणा उसे एक नहर के जरिए अपने हिस्से से 25 प्रतिशत अधिक पानी दे रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिल्ली को पीने का स्वच्छ पानी देता है लेकिन दिल्ली सरकार आगरा नहर में ऐसा दूषित और अशोधित पानी छोड़ती है कि पलवल और अन्य इलाकों में लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में 37 में से केवल 17 एसटीपी प्लांट ही काम कर रहे है और आप सरकार नजल-मल शोधन क्षमता बढ़ाने में विफल रही है। उन्होंने रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि में 40 से 50 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति के दौरान गायब या बर्बाद हो जाता है। दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली सरकार के हाथ में है । उन्होंने दिल्ली में यमुना में प्रदूषण का भी मुद्दा उठाया और कहा कि यमुना सफाई के लिए दिल्ली को मिले 6000 करोड़ रुपये कहां गए , यह पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आप सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू करने में बाधक बनी हुई है फिर भी केंद्र ने दिल्ली में एक्सप्रेस मार्गों, कन्वेंशन सेंटर, गरीबों के लिए मुफ्ता आवास और अन्यु बुनियादी काम किए है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के बाद दिल्ली में डबल इंजन सरकार बनेगी और दिल्ली के लोगों को आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का फायदा होगा। श्रीमती चौधरी ने अपने भाषण के शुरू में उन्होंने महिलाओं के बारे में स्वामी विवेकानंद और डॉ भीमराव अम्बेडकर के कथनों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी देश में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की स्थिति उस देश की प्रगति का पैमाना होता है। भाजपा सदस्य ने महिलाओं के न्याय, सम्मान और उनके लिए अवसरों बढ़ाने के लिए तीन तलाक निवारक विधेयर, विधायिका में महिला आरक्षण, उज्जवला, हर घर शौचायलय, जन-धन खाता, ड्रोन दीदी और लखपती दीदी जैसी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी की बार -बार सराहना की। उन्होंने कहा कि 1986 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के दबाव में शाहबानो मामले में गरीब और बेसहारा महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के बारे में उच्चतम न्यायालय के प्रगतिशील निर्णय को पलटने के लिए कानून बनाने का उल्लेख किया।

# जेवर एयरपोर्ट से अप्रैल में शुरू होगी नियमित उड़ान

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि दिल्ली-एनसीआर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इस वर्ष अप्रैल से नियमित उड़ान शुरू हो जायेगी। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जेवर हवाई अड्डा पर दिसंबर में वैलिडेशन उड़ान सफलतापूर्वक हो चुकी है और अब नियमित उड़ान शुरू किये जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से नियमित उड़ान शुरू करने की तैयारी चल रही है और एयर इंडिया तथा इंडिगो एयरलाइंस जेवर से देश के सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान शुरू करने के वास्ते उत्साहित है। श्री नायडू ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से उड़ान योजना के तहत उड़ान शुरू करने की तैयारियां जोर-शोर से जारी है और शीघ्र ही उड़ान शुरू की जायेगी। जहां तक कुशीनगर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान की बात है, तो इसके लिए विमानन कंपनियों के साथ चर्चा की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि आम बजट 2025-26 में उड़ान योजना को 10 वर्ष तक और बढ़ाने की बात कही गयी है और इस दौरान देश में 100 नये हवाई अड्डों से परिचालन शुरू किये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना को अब तक मिली सफलता से विमानन कंपनियां भी उत्साहित है। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा द्वारा कर्नाटक को लेकर रखी गयी बातों पर श्री नायडू ने कहा कि ऐसी चर्चाएं चल रही है कि बेंगलुरू हवाई अड्डा का लगभग पूरी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है और अब बेंगलुरु में ही एक अन्य हवाई अड्डा बनाये जाने की बात हो रही है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के होसुर में हवाई अड्डा नहीं बनाया जा सका है, क्योंकि होसुर बेंगलुरू हवाई अड्डा से 150 किलोमीटर की दूरी के दायरे में आ रहा है।

# कांग्रेस नेताओं ने ली स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की शपथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंांग्रेस ने कहा है कि पार्टी की दिल्ली इकाई का घोषणा पत्र केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वर्णिम दिल्ली बनाने और नागरिकों के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा है।

कंाग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी के नेताओं ने दिल्ली का वायु प्रदूषण दूर करने, साफ पानी का प्रबंध करने, दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने और यमुना की सफाई करने तथा स्वर्णिम दिल्ली के हर सपने को पूरा करने की प्रतिज्ञा ली। इसके साथ ही गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और पूर्वांचल के लोगों के हितों का संरक्षण करने, बहनों के खाते में 2,500 रुपये प्रति माह डालने, लोगों को 25 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने, युवाओं की पहली नौकरी पक्की करने, लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देने, महंगाई से मुक्ति दिलाने, 500 रुपए में गैस सिलिंडर और राशन किट देने की शपथ ली।

इस मौके पर प्रदेश कंाग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और वह मजबूती के साथ कंाग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, ल्लआज हमें ऐसा लग रहा है कि दिल्ली के लोग कंाग्रेस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की जनता द्वारा कंाग्रेस को मिल रहे प्यार और आशीर्वाद के लिए मैं पूरी पार्टी की तरफ से दिल्ली का धन्यवाद करता हूं।ङ्क उन्होंने कहा, ल्लकंाग्रेस के समय श्रीमती शीला दीक्षित ने दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाया था, लेकिन पिछले 10 साल में वो स्वर्णिम काल खत्म हो चुका है। इसलिए आज हमें कंाग्रेस वाली दिल्ली वापस लाने की जरूरत है। जब दिल्ली में कंाग्रेस की सरकार शीला दीक्षित के समय थी तो 100 यूनिट बिजली फ्री देती थी। बुजुर्गों को पेंशन दिया करती थी। सोशल सिक्योरिटी के लिए काम करती थी। बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था करती थी। हमें पूरा विश्वास है कि कंाग्रेस दिल्ली में एक मजबूत सरकार बनाने जा रही है। वहीं, नयी दिल्ली से कंाग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा, श्री केजरीवाल अपने शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की बात करते हैं, लेकिन जब हमने सवाल पूछे तो आज तक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, जब हमने केजरीवाल से पूछा कि आपके शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल का मापदंड क्या है- तो उसका भी जवाब नहीं आया।

# मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के नारे - सबका साथ विकास विकास को खोखला करार देते हुए सोमवार को कहा कि यह अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बना रही है।

श्री खरगे ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है लेकिन गरीबों का विकास नहीं हो रहा है। केवल अमीरों का विकास हो रहा है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज के दाम नहीं मिल रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकारी नौकरी की 40-50 लाख रिक्तियां हैं। उन भर्तियां नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबके विकास के लिए सरकारी नौकरियों पर भर्ती कर आवश्यक है।

विपक्ष के नेता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को सशक्त नहीं करना चाहती हैं और इसलिए सरकारी पदों पर भर्ती नहीं करती है। यह सरकार कृषि को अर्थव्यवस्था का इंजन नंबर एक बताती है लेकिन किसानों को बजट में पर्याप्त पैसा नहीं दिया जा रहा है। किसान अन्नदाता है और वह देश की जनता का पेट भरता है। सरकार को उसकी जरुरतों को पूरा करना चाहिए। श्री खरगे ने कहा कि डालर की तुलना में रुपए की कीमत लगातार गिर रही है जबकि सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। देश में लगातार मंहगाई बढ़ रही है और सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है। सरकार की नीतियां विफल हो रही है। सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देनी चाहिए जिससे विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। सरकार को इसके लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूर्व प्रधानमंत्रियों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने देश के विकास के लिए अभूतपूर्व योगदान किया है। कंाग्रेस नेता ने कहा कि कोविड काल के दौरान सरकार पूरी तरह से विफल रही है। किसानों और मजदूरों को इसकी भारी कीमत चुकानी पडी है। पिछले दस साल में एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। इसकी जिम्मेदार तय होनी चाहिए। सरकार केवल घोषणायें कर रही है और जमीन पर कुछ नहीं हो रहा है। किसानों को उपज के दाम नहीं मिल रहे। बीज, उपकरण और अन्य आदान नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हालत लगातार खराब हो रही है। एमएसएमई क्षेत्र में चार महीने में 12 हजार उद्योग बंद हुए हैं। इस पता चलता है कि सरकार उनकी भी जरुरत पूरी नहीं कर रही है। उद्योग क्षेत्रों को बड़े उद्योग घरानों को सौंपा जा रहा है। छोटे उद्योगों को बचाने का सही तरीका पंडित नेहरु का तरीका है। छोटे उद्योगों को बचाने का तरीका सरकार का नियंत्रण है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म कर रही है। इसका सामान्य जनता पर बुरा असर होगा। छोटे कारोबार को खत्म होना पड़ेगा। श्री खरगे ने कहा कि देश में हिंसक घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। हिंसक घटनाओं में मणिपुर में सबसे आगे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना चाहिए। सरकार मणिपुर में विफल रही है। उन्होंने कहा कि एससी एसटी समुदाय पर अपराध में लगातार वृद्धि हो रही है जबकि दोषसिद्धि घट रही है। अयोध्या में दुष्कर्म की घटना हुई। पूरा देश शर्मसार है। लेकिन सरकार चुप है। दलितों को बारात नहीं निकल पा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रिक्तियां नहीं की जा रही है। इससे पठन पाठन प्रभावित हो रहा है। एसटी- एससी ओबीसी को अलग किया जा रहा है। केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रबंधन संस्थान, प्रौद्योगिकी संस्थान तथा अन्य संस्थानों में रिक्त पद हैं। वंचित समुदायों को जानबूझकर अलग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान चला रही है लेकिन सरकारी स्कूल बंद हो रहे है।

# पेज एक का शेष

## साधु संतों के...

ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। पुष्प वर्षा की शुरुआत सुबह 6.30 बजे से ही हो गई और तक चलती रही जब तक अखाड़ों का अमृत स्नान जारी । गुलाब की पंखुड़ियों की आसमान से हो बारिश देख संगम तट पर मौजूद नागा संन्यासी , संत समाज और श्रद्धालु अभिभूत हो गए । हर तरफ जय श्री राम और हर हर महादेव का उद्घोष आरम्भ हो गया। महाकुम्भ के सभी तीनों अमृत स्नान पर अखाड़ों के संतों श्रद्धालुओं और कल्पवासियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई है। मां सरस्वती के प्राकट्य के पर्व बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025 में पवित्र त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, सभी अखाड़ों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस महाकुम्भ को भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक मूल्यों को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया और इसके द्वारा समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव की भावना को साझा करने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों एवं साधु-संत-महात्माओं व कल्पवासियों के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों के महत्वपूर्ण स्थलों, प्रत्येक चौराहे/तिराहे, पाण्टून पुलों, अखाड़ों के मार्गों एवं स्नान घाटों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एसटीएफ, एटीएस, एनएसजी के कमाण्डों, अर्धसैनिक बल, बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित कर सतर्क दृष्टि रखी गई। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ गोताखोर/डीप डाइवर की नियुक्ति कर स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान बसंत पंचमी पर्व पर संगम क्षेत्र व अन्य स्नान घाटों का एसडीआरएफ/एनडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा निरंतर भ्रमण करते हुए सतर्क दृष्टि रखी गयी। इंटीग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके सकुशल अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं मेले की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत संपूर्ण मेला क्षेत्र में 36 स्थानों पर 'पार्किंग' की व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। महाकुम्भ के तृतीय व अंतिम अमृत स्नान पर्व पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ऋष्ट्व, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज तरुण गाबा ऋष्ट्व, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम ऋष्ट्व, मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत ऋष्ट्व, पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण ऋष्ट्व, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ऋष्ट्व व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ऋष्ट्व ने लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा घुड़सवारी के माध्यम से भी संगम क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। सकुशल व सुरक्षित स्नान सम्पन्न कराने हेतु पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहे।संपूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र में नव निर्मित खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया गया म मेले की व्यवस्था देखकर देश व विदेश से आये श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की।

## मोदी को बुला लें ट्रंप..

के लिए पहुंचे थे कि अमेरिका से नरेंद्र मोदी को बुला लिया जाए। इस पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने ऐतराज जताया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत की विदेश नीति को लेकर राहुल गांधी इस तरह की अवांछित टिप्पणी नहीं कर सकते। अब इस मसले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी बयान आया है। उन्होंने राहुल गांधी के ज्ञान पर ही सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि यह सामान्य ज्ञान की बात है कि ऐसे आयोजनों पर प्रधानमंत्री नहीं जाया करते, वह अपने प्रतिनिधियों को भेजते हैं। एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधी ने जानबूझकर दिसंबर 2024 में मेरे अमेरिकी दौरे को लेकर गलत जानकारी दी। मैं बाइडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिले गया था। इस दौरान कौंसुल जनरल की मीटिंग की भी अध्यक्षता की थी। मेरे वहां रहने के दौरान नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी मुझसे मिले।' इसके आगे वह लिखते हैं कि किसी भी स्टेज पर पीएम को न्योते को लेकर बात नहीं हुई। यह तो सामान्य ज्ञान है कि ऐसे आयोजनों में प्रधानमंत्री नहीं जाया करते। आमतौर पर भारत की ओर से विशेष दूत भेजे जाते हैं और पीएम के दूत के तौर पर मैं अमेरिका में ट्रंप की शपथ में शामिल हुआ था। राहुल गांधी ने कहा था, 'हम जब अमेरिका से बात करेंगे तो अपने प्रधानमंत्री के लिए निमंत्रण पाने को विदेश मंत्री को तीन-चार बार नहीं भेजेंगे क्योंकि अगर हमारे पास उत्पादन प्रणाली होती और हम इन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे होते, तो अमेरिकी राष्ट्रपति यहां आते और खुद ही प्रधानमंत्री को आमंत्रित करते।' इस पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने कड़ा ऐतराज जताया। किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्षी नेता को ऐसी हल्की बातें नहीं करनी चाहिए। यह दो देशों के बीच संबंधों की बात है। वह हमारे पीएम के न्योते के बारे में गलत और अवांछित दावे कर रहे हैं। उन्हें जिम्मेदारी से बर्ताव करना चाहिए। यदि नेता विपक्ष के पास कोई सूचना है तो वह सदन को बताएं कि किसने उन्हें बताया कि विदेश मंत्री किस मकसद से अमेरिका गए थे। इस पर राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि यदि मेरे सवाल से आपकी मानसिक शांति भंग हुई हो तो मैं माफी मांगता हूं। इस पर रिजिजू ने कहा कि आपको सदन में झूठ बोलने के लिए माफी मांगनी चाहिए। नेता विपक्ष को थोड़ी गंभीरता दिखानी चाहिए। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए एस. जयशंकर पहुंचे थे, जिसमें वह पहली पंक्ति में नजर आए थे। हाल ही में पीएम मोदी ने भी ट्रंप से बात की है और सूत्रों का कहना है कि फरवरी में वह अमेरिका जा सकते हैं। कंाग्रेस नेता ने कहा , भारत के पास न तो प्रोडक्शन डेटा न कंजप्शन डेटा है। ये वो चीज है जो युवाओं को पसंद आएगी ताकि रिवोल्यूशन लाया जा सके। इस पर हमारा फोकस होना चाहिए। चीन भारत से 10 साल आगे है। वह टेक्नोलॉजी में आगे है। हम एक देश के रूप में उत्पादन को व्यवस्थित करने में विफल रहे और इसे हमने चीनियों को सौंप दिया। हम चाइनीज फोन चलाते हैं, बंगलादेशी शर्ट पहनते हैं इसका सारा पैसा चीन में जाता है। इसलिए मुझे राष्ट्रपति के भाषण में यह लगा कि भारत को कंज्शन पर फोकस करना चाहिए। भारत को पूरी तरह उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना होगा और विकास में सबको हिस्सेदार बनाने की जरूरत है।

## अयोध्या में दलित...

बाबा का नाम प्रकाश में आया, जिन्हें आज गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने मृतका की हत्या करना व शव को नाले में छिपा देना कबूल किया है। पुलिस के मुताबिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया जायेगा, साथ ही फास्ट कोर्ट ट्रैक के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को दंडित कराना सुनिश्चित किया जायेगा। गौरतलब है कि 30 जनवरी की रात में नगर कोतवाली के अन्तर्गत सहनवां गांव में दो दलित बहनें अपने घर में एक साथ सोई थीं। जिसमें से एक बहन सुबह कहीं गायब हो गयी। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। तीसरे दिन उस लडक़ी का शव एक खेत में बरामद पाया गया था। परिवार के लोग पुलिस चौकी दर्शननगर में गायब होने की तहरीर दिया था। तीन दिन बीत जाने के बाद उसका शव बरामद हुआ था।

## यूपी में प्रिंसिपल...

को न्यायालय ने विशेष रूप से टिप्पणी की थी कि बड़ी संख्या में रिक्तियों के कारण राज्य की शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता हो रहा है तथा इस मुद्दे के समाधान में कोई प्रगति नहीं हुई है। केस की सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा महानिदेशक, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को स्पष्ट रिपोर्ट या प्रस्ताव के लिए शासन के पत्र भेजे जाने के बावजूद आज तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इस तथ्य का संज्ञान लेते हुए एकल न्यायाधीश ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा महानिदेशक बेसिक को राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हुई देरी के संबंध में दस दिनों के भीतर अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 फरवरी तिथि नियत की है।

## दिल्ली में थमा...

चुनाव में श्री केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहने के दौरान उनके सरकारी आवास पर हुए खर्चे को लेकर आप पर हमला किया। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान श्री केजरीवाल के आवास को प्रमुख मुद्दा बनाया और शीश महल नाम से उसके खिलाफ अभियान चलाया। इसके साथ ही भाजपा यमुना की सफाई, शराब घोटाले को प्रमुख मुद्दा बनाया और आप पर पाठशाला की जगह मधुशाला खोलने का आरोप लगाया। भाजपा ने आप को सत्ता से बेदखल करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की फौज उतारी थी, जिसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभाल रखी थीं। श्री मोदी ने यहां पर चुनाव प्रचार के दौरान तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया और लोगों से आप-दा को हटाने और भाजपा को शासन में लाने की अपील की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा की ओर से 22 और आम आदमी पार्टी के नौ रैलियां और रोड शो आयोजित किये गये। आप के लिए श्री केजरीवाल और श्री संजय सिंह सहित तमाम नेताओं ने वोट मांगा। वहीं भाजपा की ओर से श्री नड्डा और श्री शाह सहित तमाम बड़े नेताओं ने लोगों से दिल्ली के विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। इस बार कंाग्रेस ने श्रीमती शीला दीक्षित के शासन काल में यहां हुए विकास के कार्यों को हवाल देकर लोगों से वोट देने की अपील। पार्टी ने सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा की बदहाली को प्रमुखता से उठाया और लोगों को बेरोजगारी और महंगाई से मुक्ति दिलाने का वादा किया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के आंकड़ों के अनुसार पांच फरवरी को 13,766 मतदान केंद्रों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। इनमें से 83.76 लाख पुरुष, 72.36 लाख महिलाएं और 1,267 'थर्ड जेंडर' के मतदाता हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए दिव्यांगजनों के लिए 733 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा को भी निर्देश भेजे हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजधानी की सीमा से सटे इलाकों में शराब की दुकानें बंद की जाएं। यह पाबंदी पांच फरवरी की शाम छह बजे तक लागू रहेगी। निर्वाचन आयोग ने भारत में पहली बार 'क्यू मैनेजमेंट सिस्टम' (क्यूएमएस) ऐप्लिकेशन भी शुरू की है, जिससे मतदाता 'दिल्ली इलेक्शन-2025 क्यूएमएस' ऐप के माध्यम से मतदान केंद्रों पर वास्तविक समय के अनुसार लोगों की मौजूदगी का पता लगा सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए घर से मतदान की सुविधा के तहत 7,553 पात्र मतदाताओं में से 6,980 ने पहले ही अपना वोट डाल दिया है। यह सेवा 24 जनवरी से शुरू हुई जो चार फरवरी तक जारी रहेगी। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 220 कंपनियां, 19,000 होमगार्ड और दिल्ली पुलिस के 35,626 जवान तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, 'डमी' और ब्रेल मतपत्रों के प्रावधानों सहित 21,584 बैलेट यूनिट, 20,692 कंट्रोल यूनिट और 18,943 वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) तैयार किए गए हैं। गौरतलब है कि 'आप' ने 2020 में 62 सीटें जीती थीं , जबकि भाजपा ने आठ सीटों पर कब्जा किया था। वहीं कंाग्रेस लगातार दूसरी बार अपना खाता खोलने में नाकाम रही।

## महाकुंभ भगदड़...

की एक याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने सभी राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों से कुंभ में जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सभी राज्य सरकारों को महाकुंभ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनेक का निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी। याचिका में घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने और अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उनकी लापरवाही के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। श्री तिवारी ने अपनी याचिका में कहा कि भगदड़ सरकारी अधिकारियों की चूक, लापरवाही और प्रशासन की पूरी तरह विफलता के कारण लोगों की खराब स्थिति और भाग्य को दर्शाती है। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं तो ज्यादातर आम और गरीब लोग ही इसके शिकार बनते हैं। किसी भी कार्यक्रम या समारोह में जाने वाले अति विशिष्ट लोगों के लिए अलग से व्यवस्था की जाती है। यहां तक ??कि किसी अधिकारी, राजनेता या अति विशिष्ट लोगों के गुजरने पर आम लोगों की आवाजाही भी रोक दी जाती है। राजस्थान के भरतपुर के निवासी अधिवक्ता श्री तिवारी की इस याचिका में सभी राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों से कुंभ में जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। उनकी याचिका में कहा गया है, महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा के लिए सभी राज्यों को सामूहिक रूप से काम करने के निर्देश दिए जाएंगे। सभी राज्य प्रयागराज में महाकुंभ के लिए उचित तरीके से अपने सुविधा केंद्र स्थापित करेंगे। ये केंद्र अपने राज्यों से आने वाले लोगों को सुरक्षा उपायों और दिशा-निर्देशों के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करेंगे और प्रदर्शित करेंगे। आपात स्थिति में ये केंद्र किसी भी सहायता के लिए तैयार रहेंगे। याचिका में कहा गया है कि सार्वजनिक घोषणाओं, दिशा दिखाने वाले दिशा सूचक बोर्ड, अन्य भाषाओं में दिशा सूचक बोर्ड की व्यवस्था भी की जानी चाहिए ताकि विभिन्न भाषा और संस्कृति के लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। याचिका में कहा गया है कि सभी राज्य सरकारें श्रद्धालुओं द्वारा पालन किए जाने वाले बुनियादी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों के बारे में एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश भेजने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संदेशों की व्यवस्था भी करें, ताकि लोगों को आसानी से जानकारी मिल सके। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समन्वय में सभी राज्य सरकारें प्रयागराज महाकुंभ में डॉक्टरों और नर्सों की अपनी छोटी मेडिकल टीम भी तैनात करें ताकि मेडिकल इमरजेंसी के समय मेडिकल स्टाफ की कमी न हो। याचिका में यह भी कहा गया है कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही से आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए और महाकुंभ में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए अधिकतम स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1954 के कुंभ मेले में भगदड़ दुर्घटना से लेकर उत्तर प्रदेश में 2025 के महाकुंभ में मची भगदड़ तक यह स्पष्ट और प्रत्यक्ष है कि हमारे देश की प्रशासनिक गतिविधियों में कोई बदलाव नहीं आया है। जोकि उचित देखभाल, अग्रिम मरम्मत और विकास गतिविधियों से बचा जा सकता था।

## अयोध्या में श्रद्धालुओं का...

संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

# महाकुम्भ : परम्परा का हिस्सा है, सबसे पहले नागा साधुओं का स्नान करना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ का को 22वां दिन है। बसंत पंचमी पर तीसरा अमृत स्नान जारी है। इस दौरान 13 अखाड़ों के साधु त्रिवेणी संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाएंगे। इसके बाद आमजन स्नान कर सकेंगे। महाकुम्भ मेले का मुख्य आकर्षण अमृत स्नान (शाही स्नान) को ही माना जाता है। इसमें सबसे पहले स्नान का अवसर नागा साधुओं को दिया जाता है, ये परम्परा प्राचीन काल से जारी है। नागा का स्नान धर्म और आध्यत्मिक ऊर्जा की केंद्र माना जाता है। इसके पीछे कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। साथ ही 265 साल पुराना एक किस्सा भी है। यदुनाथ सरकार अपनी किताब 'द हिस्ट्री ऑफ दशनामी नागा संन्यासीज' में लिखते हैं- 'कुंभ में पहले स्नान करने को लेकर हमेशा से विवाद होते



रहे हैं। नागा साधुओं और वैरागी साधुओं के बीच खूनी जंग हुई है। 1760 के हरिद्वार कुंभ के दौरान पहले स्नान को लेकर नागा और वैरागी आपस में लड़ गए। दोनों ओर से तलवारें निकल आईं। सैकड़ों वैरागी संत मारे गए। 1789 के नासिक कुंभ में भी फिर यही स्थिति बनी और वैरागियों का खून बहा. इस खूनखराबे से परेशान होकर वैरागियों के चित्रकूट खाकी अखाड़े के महंत बाबा रामदास ने पुणे के पेशवा दरबार में शिकायत की। 1801 में पेशवा कोर्ट ने नासिक कुंभ में नागा और वैरागियों के लिए अलग-अलग घाटों की व्यवस्था करने का आदेश दिया। नागाओं को त्र्यंबक में कुशावर्त-कुंड और वैष्णवों को नासिक में रामघाट दिया गया। उज्जैन कुंभ में वैरागियों को शिप्रा तट पर रामघाट और नागाओं को दत्तघाट दिया गया। इसके बाद भी हरिद्वार और प्रयाग में पहले स्नान को लेकर विवाद जारी रहा. कुंभ पर अंग्रेजों के शासन के बाद तय किया गया कि पहले शैव नागा साधु स्नान करेंगे, उसके बाद वैरागी स्नान करेंगे। इतना ही नहीं, शैव अखाड़े आपस में ना लड़ें, इसलिए अखाड़ों की सीक्वेंसिंग भी तय की गई। तब से लेकर आज तक यही परंपरा चल रही है। वहीं, धार्मिक मान्यताओं की मानें तो जब देवता और असुर समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश की रक्षा के लिए एक-दूसरे से संघर्ष कर रहे थे, तो अमृत की 4 बूंदे कुंभ के 4 जगहों (प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार और नाशिक) पर गिर गई। इसके बाद यहां महाकुंभ मेले की शुरुआत की गई। नागा साधु भोले बाबा के अनुयायी माने जाते हैं और वह भोले शंकर की तपस्या और साधना की वजह से इस स्नान को नागा साधु सबसे पहले करने के अधिकारी माने गए।

# अनवरत जारी है सनातन संस्कृति की परंपरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ में सनातन परंपरा को मनाने वाले शैव, शाक्त, वैष्णव, उदासीन, नाथ, कबीरपंथी, रैदासी से लेकर भारशिव, अघोरी, कपालिक सभी पंथ और संप्रदायों के साधु,संत एक साथ मिलकर अपने-अपने रीति-रिवाजों से पूजन-अर्चन और गंगा स्नान कर रहे हैं। पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के त्रिवेणी तट पर लाखों की संख्या में कल्पवास करने वाले श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आए हैं। अलग-अलग जाति, वर्ग, भाषा को बोलने वाले साथ मिलकर महाकुंभ की परंपराओं का पालन कर रहे हैं। महाकुम्भ में अमीर, गरीब, व्यापारी, अधिकारी सभी तरह के भेदभाव भुलाकर एक साथ एक भाव में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ और मां गंगा, नर, नारी, किन्नर, शहरी, ग्रामीण, गुजराती, राजस्थानी, कश्मीरी, मलयाली किसी में भेद नहीं करती। अनादि काल से सनातन संस्कृति की समता,एकता कि ये परंपरा प्रयागराज में संगम तट पर महाकुंभ में अनवरत चलती आ रही है। दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु, समस्त साधु, संन्यासियों का आशीर्वाद ले रहे हैं, मंदिरों में दर्शन कर अन्नक्षेत्र में एक ही पंगत में बैठ कर भण्डारों में खाना खा रहे हैं। महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल है, जिसे दुनिया भर से आये पर्यटक देखकर आश्चर्यचकित हैं।

## दिल्ली/बिहार/पंजाब

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का अभाव : स्वाति मालीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के शिक्षा मॉडल पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है। ऐसे में कभी वहां पढ़ाई होती है, तो कभी नहीं होती। उन्होंने कहा कि ऐसे में बच्चो को अच्छी शिक्षा कैसे मिल पाएगी। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो साझा कर बताया कि वह रविवार को दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से मिली थीं। स्वाति ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों ने जो बातें बताईं, वे चौंकाने वाली थीं। बच्चों ने बताया कि कुछ शिक्षक उन्हें बदबूदार बोलकर दूर रहने को कहती हैं। गरीब बच्चों को छोटा महसूस कराया जाता



है। स्कूल में बच्चों के साथ मारपीट की जाती है। बच्चों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जाती हैं। लड़कियों से पढ़ाई छोड़कर खाना बनाने और शादी करने को कहा जाता है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अध्यापकों की कमी है और कई स्कूलों में प्रिंसिपल भी नहीं हैं। कभी पढ़ाई होती है, तो कभी नहीं होती। ऐसे में बच्चो को अच्छी शिक्षा कैसे मिली पाएगी। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले ही स्वाति मालीवाल ने संगम विहार के दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कर्मचारियों के वेतन को लेकर आआपा को घेरा।

# पूर्व विधायक स्व कृष्णा प्रसाद के आदर्शों को अपनाने का लाया गया संकल्प, पुण्यतिथि पर कृतियों की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा के पूर्व विधायक स्व. कृष्णा प्रसाद की 31वीं पुण्यतिथि सोमवार को व्यवहार न्यायालय के समक्ष उनके स्मारक स्थल पर मनाई गई, जिसकी अध्यक्षता उनके पुत्र एमएलसी अशोक यादव ने की ।मंच का संचालन प्रो. जितेंद्र यादव ने किया । कार्यक्रम का प्रारंभ स्व कृष्णा प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ ।जिसमें उनके सुपुत्र एमएलसी अशोक कुमार , धर्मपत्नी प्रमिला देवी , विधायक विभा देवी समेत राजबल्लभ परिवार के सदस्यों ने पूजा पाठ करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की । स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने वालों की लंबी भीड़ देखी गई जो जिले के विभिन्न



हिस्सों से आये हुए थे। इस सत्र में सर्वदलीय जमावड़े का अद्भुत नजारा देखा गया जिसमें दलीय भावनाओं से ऊपर उठकर बीजेपी , कांग्रेस , जदयू , आरजेडी , सीपीआई , सीपीएम , माले समेत कईपार्टियों व जनसंगठनों के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए । वक्ताओं ने उनकी लोकप्रियता के कारणों को उजागर करते हुए कहा कि जिले का सर्वांगीण विकास की रूप-रेखा उनके मस्तिष्क में छपी हुई थी जिसे धरातल पर उतारने की तैयारी सामने था किन्तु काल के ग्रास ने उन्हें अचानक लील लिया जो जिले के लिए बड़ी क्षति थी । हालांकि पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने उनके विरासत को सफलता पूर्वक संभाला। लोगों ने कृष्णा बाबू की विरासत को ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई तक पहुँचाने का दायित्व विधायक विभा देवी एवं एमएलसी अशोक कुमार के कन्धों पर शौंप दिया । इस अवसर पर मुफ़्त चिकित्सा शिविर का उद्घाटन एमएलसी द्वारा किया गया। जिसमे आम लोगों को कई प्रकार की चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। खास कर हिमोग्लोबिन , ब्लड सुगर , ब्लड प्रेसर मूत्र रोग आदि की जांच एवं उपचार की सेवा उपलब्ध कराइ गई।

# बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद के बेटे ने की खुदकुशी

पटना। बिहार कंग्रेस कंग्रेस विधायक दल के नेता विधायक शकील अहमद खान के बेटे अयान (18) ने पटना में सरकारी आवास में आत्महत्या कर ली। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर तथ्य एकत्र कर रही है। सचिवालय डीएसपी ने आत्महत्या की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विधायक शकील अहमद खान गर्दनीबाग में विधायक आवास में रहते हैं। वहीं पर बेटे ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या की। शकील अहमद खान के अयान इकलौते पुत्र थे। अब केवल उनके पास एक बेटी है। शकील खान फिलहाल बिहार से बाहर हैं। उन्हें बेटे की मौत की खबर दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राहुल गांधी के बिहार दौरे पर शकील अहमद ने मंच पर ही बेटे को राहुल से मिलवाया था।

# मामूली विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

भागलपुर। जिले में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंगारी गांव में सोमवार सुबह इतवारी चौधरी की हत्या उसके बड़े भाई ने गड़ासे से काटकर कर दी। मृतका की पत्नी का कहना है की बीते रविवार को जब उनका बच्चा स्कूल से साइकिल से घर आ रहा था। उसी समय बड़े भाई की पत्नी रास्ते पर खड़ी थी और उसे हटने को कहा गया। जिसको लेकर दोनों भाइयों के बीच मारपीट हुई थी और इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई थी। वहीं डायल 112 की गाड़ी सभी को लेकर थाने गई थी। जहां मृतक के द्वारा मामला दर्ज करने के लिए पुलिस से गुहार लगाई। लेकिन जगदीशपुर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया और थाने से भगा दिया। मृतका की पत्नी का आरोप है कि थाने के द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। वहीं रात दस बजे पंचायती में मामला सुलह हो गया था। लेकिन सुबह भाई और अन्य परिजनों के द्वारा मृतक पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गई।

# शादी रचाकर महिला पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ने वाला दरोगा निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने 2020 बैच के प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार को सोमवार को निलंबित कर दिया है। उनके निलंबन का आदेश गोपनीय शाखा द्वारा जारी किया गया है। सचिन कुमार को लाइन क्लोज कर दिया गया है। उन पर एक महिला कंास्टेबल के साथ शादी रचाने के बाद मारपीट करने एवं पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप हैं।

सचिन वर्तमान में नरहट थाने में पदस्थापित हैं। इससे संबंधित एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एसआई व महिला कंास्टेबल दोनों नवादा स्थित शिव मंदिर में शादी के तुरंत बाद मारपीट कर रहे थे। महिला कंास्टेबल द्वारा शादी का वीडियो तैयार करने पर एसआई भड़क गया और महिला कंास्टेबल को एक करारा थप्पड़ मंदिर परिसर में ही जड़ दिया। वायरल



वीडियो मामले में एसपी अभिनव धीमान द्वारा जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के बाद एसआई सचिन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। एसपी अभिनव धीमान द्वारा एसआई की निलंबन की पुष्टि की गई है। नवादा में दारोगा और सिपाही ने लव मैरिज कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि शादी के बाद दारोगा अपनी नई नवेली दुल्हन के साथ मंदिर में ही मारपीट करने लगा। दारोगा ने नई नवेली दुल्हन को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दारोगा सचिन कुमार नरहट थाना और महिला सिपाही सुमन कुमारी महिला थाना नवादा में पदस्थापित हैं। दोनों काफी समय से एक-दूसरे से प्रेम करते थे और अंत में दोनों ने शादी करने का निर्णय ले लिया। इसके तहत दोनों शहर के पार नवादा में स्थित शोभनाथ मंदिर में पहुंचे और हिन्दू रीति-रिवाज से शादी की गई। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन मामला तब तूल पकड़ लिया, जब दारोगा शादी के दौरान शादी का वीडियो तैयार करते देख भड़क गए और मंदिर परिसर में ही अपनी नई नवेली दुल्हन से उलझने लगे। दुल्हन को दारोगा ने मंदिर परिसर में भीड़ के बीच करारा थप्पड़ जड़ दिया था। दरोगा सचिन मुंगेर जिला के धरहरा थाना क्षेत्र निवासी लालचंद यादव का पुत्र हैं जबकि महिला सिपाही सुमन कुमारी कटिहार जिले के कुरसेला इलाके की रहनेवाली है ।

# प्रशांत किशोर ने दलित समाज के उत्थान के लिए जन सुराज का विजन पेश किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने दलित समाज के उत्थान के लिए पार्टी का विजन पेश करते हुये कहा कि उन्होंने तय किया है कि जब व्यवस्था में जन सुराज आएगा तो राजनीतिक भागीदारी के साथ दलित समाज के उत्थान के लिए पांच वादे पूरे किए जाएंगे। श्री किशोर ने बिहार सत्याग्रह आश्रम में सोमवार को जन सुराज अंबेडकर संवाद कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पहला वादा दलित समाज के बच्चों के लिए है, क्योंकि सिर्फ तीन प्रतिशत दलित छात्र ही 12वीं पास कर पाते हैं। इसलिए जो भी 10वीं पास करेगा और 50 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाएगा उसे आगे की पढ़ाई के लिए 2000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी और साथ ही मौजूदा अंबेडकर छात्रावास का जीर्णोद्धार किया जाएगा। दूसरी सबसे बड़ी समस्या है कि दलितों के पास जमीन नहीं है इसलिए जन सुराज वादा कर रहा है कि अगले तीन साल में अभियान चलाकर 100 प्रतिशत भूमिहीन दलित परिवारों को तीन डिसमिल जमीन दी जाएगी। जनसुराज के सूत्रधार ने कहा कि तीसरा दलितों को खेती से जोड़ने के लिए उन्हें सरकारी जमीन लीज पर दी जाएगी। इसके साथ ही हमारे जो युवा दलित साथी अपना स्वरोजगार शुरू करना चाहते हैं लेकिन पूंजी के अभाव में ऐसा नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें सरकारी गारंटी पर पूंजी मुहैया कराई जाएगी। जन सुराज का पांचवां और अंतिम वादा यह है कि जिस भी सीट पर दलित समुदाय की अच्छी आबादी है और उस सीट पर काबिल उम्मीदवार मौजूद है लेकिन सीट आरक्षित नहीं है तो उस सीट पर भी दलित समुदाय के व्यक्ति को टिकट दिया जाएगा।

# एमजीसीयू में उमंग 2025 का हुआ समापन

## ■अनस्टॉपेबल हंक्स ने क्रिकेट ट्रॉफी पर किया कब्जा-पीच बर्नर्स ने फ्रेंडली मैच में दर्ज की जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक एथलेटिक फ़ेस्ट ''उमंग 2025'' का समापन सोमवार को हुआ। समापन दिवस पर आयोजित पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अनस्टॉपेबल हंक्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया,जबकि शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच खेले गए फ्रेंडली क्रिकेट मैच में पीच बर्नर्स ने जीत दर्ज की। इस दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अनस्टॉपेबल हंक्स और मैनेजमेंट मेवरिक्स की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अनस्टॉपेबल हंक्स के कप्तान कुशांक कुमार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया। मैनेजमेंट मेवरिक्स की टीम कप्तान अंकित के नेतृत्व में बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन विरोधी टीम की सधी हुई गेंदबाजी और अनुशासित क्षेत्ररक्षण के कारण 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 68 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनस्टॉपेबल हंक्स की ओर से सूरज भान (62 रन नाबाद) और दिनेश हुड्डा (7 रन नाबाद) ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। मजबूत रणनीति और आक्रामक शॉट्स की बदौलत अनस्टॉपेबल हंक्स ने महज 4 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए 69 रन बनाकर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और क्रिकेट ट्रॉफी अपने नाम कर ली।शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के चंपारण वॉरियर्स (प्राध्यापक टीम) और पीच बर्नर्स (पदाधिकारी एवं कर्मचारी टीम) के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबला खेला गया। चंपारण वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और तीन विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए।पीच बर्नर्स ने 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की और 11 ओवर में तीन विकेट खोकर 112 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। खेल उत्सव के समापन के दौरान रस्साकशी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता का संयोजन उपमेश तलवार ने किया।लड़कियों की प्रतियोगिता में विक्ट्री टीम ने रॉयल चैंपियंस को हराकर जीत दर्ज की, जबकि गैलेक्सी गर्ल्स ने नेचर नेविगेटर्स को पराजित किया।लाइब्रेरी साइंस टीम ने फॉसिल फाइटर्स को हराया और टग वॉरियर्स ने ब्लैक बीस्ट पर जीत दर्ज की। इस खेल उत्सव की सफलता के लिए खेल बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा, एवं सदस्य डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. उपमेश तलवार, डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा सहित सभी आयोजकों की सराहना की गई।

# कांग्रेस एक बार फिर न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा में शनिवार शाम को हुए नाटकीय मेयर चुनाव के बाद अब कंाग्रेस पार्टी एक बार फिर न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है तथा कंाग्रेस के बहुमत, विरोध प्रदर्शन के दौरान आप उम्मीदवार राम पाल उप्पल को मेयर घोषित करने के तरीके तथा कंाग्रेस नेताओं द्वारा कंाग्रेस के साथ बहुमत होने के दावे के बारे में सबूत इकट्ठा करने की तैयारी कर रही है।

फगवाड़ा के विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल ने सोमवार को कहा कि कंाग्रेस सत्तारूढ़ पार्टी आप की कथित धक्का-शाही को उजागर करने के लिए सभी संबंधित उच्च अधिकारियों से संपर्क करेगी। कंाग्रेस के मेयर पद के उम्मीदवार संजीव बुग्गा ने बताया कि उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी करवाने के लिए सभी सक्षम अधिकारियों से आवेदन किया है। इसके अलावा बुग्गा ने आरटीआई भी दायर की है।

दूसरी ओर फगवाड़ा में मेयर चुनाव जीतने के बाद अब नवनिर्वाचित मेयर राम पाल उप्पल समेत विजेता आप नेता रविवार को पूरे दिन धार्मिक यात्रा पर रहे। उप्पल अपने समर्थकों के साथ फगवाड़ा के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर माथा टेकने और भगवान का धन्यवाद करने गए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063